फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 31 प्रभात जयपुर, गुरुवार 1 सितम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Tiger Attack: A Blessing In Disguise For The Government

The CM was worried lest Rathore takes the Hon'ble President to these illegal mines to further complicate the issue.

Sharpest Image Ever

Alluring Stations Around The World

Travel to enjoy constructed marvels.



*जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के लिए अमेरिका में विंड टरबाइन्स लगाने की होड़ लगी हुई है पर यह व्यवस्था पश्चिमी अमेरिका के सबसे शानदार परभक्षी पक्षी गोल्डन ईगल के संरक्षण में बाधा बना रही है, जबकि यह प्रजाति पहले से ही घट रही है। यह टकराव वायोमिंग में सबसे ज्यादा है, जो कि गोल्डन ईगल का गढ़ है और यहां विंड फार्म्स भी बड़ी तादाद में हैं। विंड टरबाइन्स की संख्या जैसे-जैसे बढ़ रही है, वैज्ञानिकों का कहना है कि, टकराने के कारण होने वाली मौत से गोल्ड ईगल की संख्या कम हो सकती है। नैशनल ऑडबान सोसायटी के एक विश्लेषण के अनुसार, जलवायु संकट इससे भी ज्यादा बड़ा खतरा है। सर्वे में कहा गया है कि, बढ़ते तापमान की वजह से इस सदी अंत तक गोल्डन ईगल के प्रजनन क्षेत्र में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी हो सकती है। अतः बदलती जलवायु और गर्मी को रोकने के लिए विंड एनर्जी का इस्तेमाल, इन दोनों के कारण गोल्डन ईगल की मुश्किलें दोगुनी हो गई हैं। विल्सन, वायोमिंग, के टैटॉन रैप्टर सैंटर के संरक्षण निदेशक ब्रायन बैडरोसियन ने कहा कि, ''वायोमिंग में गोल्डन ईगल की आबादी बहुत अच्छी है पर इसका अर्थ यह नहीं कि इनकी आबादी को खतरा नहीं है। जैसे -जैसे हम यू.एस. में विंड डवलपमैंट बढ़ा रहे हैं, यह खतरा बढ़ रहा है।'' कई सौ फीट लंबे विंड टरबाइन के ब्लेड बहुत बड़ा खतरा हैं। इसके अलावा लैड पॉइज़न, वाहनों से टक्कर और बिजली के तारों से करंट का खतरा भी है। गोल्डन ईगल की तुलना में बॉल्ड ईगल के संरक्षण में भारी सफलता मिली है। वर्ष 2009 के बाद से बॉल्ड ईगल की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। अभी इनकी आबादी 3.46 लाख है, इसकी तुलना में गोल्डन ईगल की आबादी मात्र 40,000 ही है। गोल्डन ईगल को रहने के लिए ज्यादा जगह की जरुरत होती है। फैडरल अधिकारियों ने कोशिश की है कि टरबाइन से होने वाली मौतों में कमी आए, लेकिन फिर भी, कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन के विकल्प, ''विंड पावर'' की ग्रोथ में कमी नहीं की जा रही है, क्योंकि यह राष्ट्रपति जो बाइडन के क्लाइमेट एजेंडा का प्रमुख हिस्सा भी है। बैडरोसियन जैसे वैज्ञानिक भी मानते हैं कि क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए और अधिक विंड टरबाइन्स की ज़रुरत है। पर विशेषज्ञ ऐसे तरीके भी ढूंढ रहे हैं जिससे गोल्डन ईगल की बढ़ती मृत्युदर पर अंकुश लगाया जा सके।*

# भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की उड़ान जमीन पर उतर रही है?

## अन्तर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी ''रॉयटर'' के नवीनतम सर्वे के अनुसार, वर्तमान तिमाही में ग्रोथ रेट घट कर आधी रह जायेगी, पिछली तिमाही की तुलना में

- **वित्त मंत्री सीतारमन ने यह विश्वास जताया है कि, वर्ष 2022-23 में औसतन ग्रोथ रेट 7.4 प्रतिशत रहेगी तथा अगले वर्ष में इतनी ही रहेगी।**
- **सोसायटी जनरल के जाने-माने अर्थशास्री कुनाल कुण्डू के अनुसार, इकोनॉमिक ग्रोथ रेट इतनी नहीं है कि, हर साल देश के लेबर फोर्स में जुड़ रहे एक करोड़ बीस लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।**
- **कुनाल कुण्डू का यह भी कहना है, सरकार ने पूंजी निवेशकों (इन्वैस्टरों) का सहारा लेकर ग्रोथ की रेट को गिरने से रोका तो है, पर बेरोजगारी के कारण डॉमैस्टिक कन्ज़म्प्शन (खपत) उतनी नहीं बढ़ रही। अतः इसीलिये भारत की ग्रोथ रेट ''प्री-पैन्डैमिक'' स्तर तक नहीं पहुंची है।**

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अगस्त। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मानती हैं कि भारत के आर्थिक विकास की कहानी अबाधित है और बैंकर्स ने भी इसे लेकर आशावाद व्यक्त किया है, लेकिन अर्थशास्रियों ने आर्थिक विकास के मोर्चे पर आत्मसंतुष्टि रखने के प्रति चेतावनी दी है।

रॉयटर न्यूज एजेंसी द्वारा अर्थशास्रियों पर किए गए एक सर्वेक्षण में बताया गया है कि भारत के इस वर्ष की अंतिम तिमाही में दो अंकों की मजबूत आर्थिक वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है, लेकिन उसके वर्तमान तिमाही में पिछली तिमाही की तुलना में आधा प्रदर्शन करने और वर्ष की समाप्ति तक और मंद होने की आशंका है क्योंकि ब्याज दरें बढ़ रही हैं।

एशिया की तीसरे नम्बर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बेरोजगारी और महंगाई के उच्च स्तरों से जूझ रही है, जो कि अब तक रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया (आर.बी.आई.) के टॉलरेंस बैण्ड के शीर्ष पर रही है और वर्ष 2022 की शेष अवधि में भी इसके ऐसा ही रहने की उम्मीद है।

अक्टूबर-दिसम्बर की तिमाही में 4.5 प्रतिशत और नीचे गिरने से पूर्व आर्थिक वृद्धि में इस तिमाही में दूसरी तिमाही की 15.2 प्रतिशत की मध्यस्थ भविष्यवाणी की तुलना में 6.2 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की संभावना है। इसकी गत वित्त वर्ष की इसी अवधि से भी तुलना की गई है।

एफ.आई.सी.सी.आई.-आर.बी.ए. सर्वे में बैंकर्स के इस विचार का रहस्योद्घाटन किया गया है कि इस वर्ष ओमक्रान लहर आने के बावजूद की गई खामोश शुरूआत के बावजूद भारत में आर्थिक गतिविधियां रिकवरी मोड पर है। आर्थिक विकास को विविधतापूर्ण अंदाज में देखा जा रहा है क्योंकि अधिकांश सैक्टर्स वैश्विक महामारी पूर्व के स्तरों पर चल रहे हैं। महामारी से सर्वाधिक प्रभावित सम्पर्क आधारित सर्विस सैक्टर में भी थोड़ा बहुत सुधार देखा जा रहा है।

22 से 26 अगस्त तक किए गए रॉयटर्स के एक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2022 में आर्थिक वृद्धि की मध्यम उम्मीद 7.2 प्रतिशत की थी, लेकिन अर्थशास्रियों ने बताया कि इस मजबूत वृद्धि में यह बात भी अन्तर्निहित है कि अर्थव्यवस्था के आगामी महीनों में कितनी तेजी से नीचे गिरने की उम्मीद है।

तथापि, सीतारमण का कहना है कि भारत का ग्रोस डोमैस्टिक प्रोडक्ट (जी.डी.पी.) वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 में 7.4 फीसदी बढ़ेगा और अगले वित्त वर्ष में भी इसी स्तर पर रहेगा। उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि ''घटनाक्रमों के आधार पर हमारे स्वयं के घटनाक्रमों ने दर्शाया है कि हम निश्चित रूप से 7.4 प्रतिशत की रेंज पर हैं और यह स्तर अगले वर्ष भी जारी रहेगा।''

सोसिएते जनरल में भारत के अर्थशास्री कुनाल कुण्डू के अनुसार ''भारत के सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के बावजूद घरेलू

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तृणमूल कांग्रेस को गुरूर हो गया था कि, उसे मिला भारी जनमत उसका कवच है

## पर लगातार तृणमूल के महारथियों के पास मिली करोड़ों की सम्पत्ति व धन ने इस गुरूर को चकनाचूर कर दिया

- **अनुब्रत मण्डल व उनके रिश्तेदारों के पास बंगाल में 162 प्रॉपर्टी होना पाया गया है। उनकी पुत्री के पास 16 सम्पत्ति पायी गयीं, इनमें से कुछ कोलकाता के संभ्रान्त धनाढ्य इलाकों में हैं, बाकी अन्य जिलों में फैली हैं। परिवार के पास घोषित आय के कोई ऐसे स्रोत नहीं हैं, जो इन सम्पत्तियों का होना जायज साबित कर सकें।**
- **सी.बी.आई. ने अब ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक को भी समन करके पूछताछ के लिये बुलाया है। उन पर करोड़ों रूपये के सौदे करने का आरोप है, कोयले की खरीद-बिक्री के लिये।**
- **ममता बनर्जी ने बहुत भावुक होकर प्रेस के सामने कहा कि, अब आरोप लगाया जा रहा है कि, कोयले के सौदों का पैसा उनके निवास ''कालीघाट'' में पहुंच गया है।**
- **हर रोज एक नया घोटाला सामने आने से ममता बनर्जी, हतप्रभ सी हैं और बच निकलने का रास्ता ढूंढ रही हैं।**

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अगस्त। जैसे-जैसे तृणमूल कांग्रेस के दिग्गज नेताओं द्वारा संचित की गई अपार सम्पत्ति की नई-नई जानकारियाँ सामने आती जा रही हैं, वैसे-वैसे तृणमूल कांग्रेस तथा ममता बनर्जी पर खासकर फन्दा कसता जा रहा है।

सी.बी.आई. ने ममता बनर्जी के भतीजे तथा तणृमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को इसी शुक्रवार को तलब किया है। यह जाँच एजेन्सी अवैध कोयला-सौदों में उनकी लिप्तता की जाँच करना चाहती हैं।

कोयला-घोटाले तथा इससे जुड़ी बहुत बड़ी धनराशि के आरोप कुछ समय से चर्चा में हैं। इन साधनों के साथ ही, सी.बी.आई. सीधे ही ममता बनर्जी के परिवार में प्रवेश कर गई है। आज प्रैस को भावनात्मक लहजे में संबोधित करते हुये, ममता बनर्जी ने इन आरोपों का जिक्र किया तथा संबंधित संदेहों को हल्का करने की कोशिश की।

ममता बनर्जी ने कहा कि ऐसी अफवाहें फैलाई जा रही है कि अवैध कोयला-सौदों से कमाया गया पैसा ''काली घाट'' पहुँचा है। ''काली घाट'' शब्द का प्रयोग प्रायः सुश्री ममता बनर्जी के आवास के लिये किया जाता रहता है। ममता बनर्जी अपने भतीजे की तरह ही, कोलकाता के काली घाट क्षेत्र में रहती है। इसके साथ, तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं के पास आय से ज्यादा सम्पत्ति होने के दैनिक खुलासे पार्टी के निर्दोष होने के दावों को खोखला साबित कर रहे हैं। अब यह सुपुष्ट हो गया है कि अनुब्रत मण्डल तथा उसके नजदीकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दालें 8 रू. किलो

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अगस्त। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स ने बुधवार को निर्णय लिया है कि 15 लाख टन दाल, जिनमें चना, तुअर, उड़द तथा मसूर की दालें शामिल हैं, सभी राज्यों को 8 रु. प्रति किलो की डिसकाउन्ट कीमत पर ''पहले आओ-पहले पाओ'' के आधार पर दी जायेंगी।

- **प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली कैबिनेट कमेटी ने राज्यों के लिए 15 लाख टन दालों का कोटा जारी किया है तथा ''पहले आओ पहले पाओ'' के आधार पर 8 रू. प्रति किलोग्राम की दर से राज्यों को दालें दी जाएंगी।**

12 माह के लिये वितरित की जाने वाली दालें केवल एक बार ही या पूरी 15 लाख टन दालों के वितरण होने तक दी जायेंगी। इससे केन्द्र पर 1200 करोड़

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# के.सी.आर. बिहार में और केजरीवाल चेन्नई में

## आखिर विपक्ष की हाण्डी में क्या पक रहा है?

- **केजरीवाल को आमंत्रित करने, स्टालिन सरकार के शिक्षा मंत्री स्वयं आये थे।**
- **आगामी शिक्षक दिवस पर, स्टालिन व केजरीवाल तमिलनाडू में, दिल्ली की तर्ज पर छात्राओं के लिये स्थापित 26 स्कूल ऑफ एक्सलैंस व 15 मॉडल स्कूलों के प्रोजैक्ट का शुभारंभ करेंगे।**
- **जैसा कि एक अनुभवी राजनीतिक नेता ने टिप्पणी की, जब दो राजनीतिक नेता मिल बैठकर बात करेंगे तो राजनीतिक स्थिति का मंथन तो होगा ही।**

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अगस्त। आज दक्षिण भारतीय राज्य तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव (के.सी. आर.) अगर बिहार में हैं तो शिक्षक दिवस अर्थात 5 सितम्बर को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल चेन्नई में होगा कि उनकी चेन्नई यात्रा कुछ सरकारी तो कुछ राजनैतिक होगी। ज्ञातव्य है कि केन्द्र सरकार एवं भाजपा के साथ केजरीवाल की लड़ाई चलती ही रहती है।

तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के आमंत्रण पर वहां जा रहे केजरीवाल, स्टालिन के साथ संयुक्त रूप से तमिलनाडू सरकार के उन नये शैक्षिक प्रोजैक्टों का उद्घाटन करेंगे, जो दिल्ली सरकार द्वारा संचालित इसी प्रकार के प्रोजैक्टों से प्रेरित होकर बनाए गये हैं।

स्टालिन द्वारा केजरीवाल को महत्व दिये जाने के उनके कदम में निहित प्रतीकात्मकता किसी से छिपी हुई नहीं है क्योंकि दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर केन्द्र सरकार तथा भाजपा के हमले और अधिक तेज हो गये हैं तथा केजरीवाल सरकार को अस्थिर करने तथा गिराने की अटकले भी लगाई जा रही हैं। राजनैतिक रूप से, स्टालिन भी तमिलनाडू में भाजपा की आक्रामकता का सामना कर ही रहे हैं। लेकिन स्टालिन और डी.एम.के.-दोनों की ही किस्मत अच्छी है कि तमिलनाडू की मुख्य विपक्षी पार्टी ए.आई.ए.डी.एम.के. अर्थात अन्नाद्रमुक अपनी अंदरूनी लड़ाई में फंसी हुई है तथा और पहले ही टूट चुकी है। इसलिये, वे किसी बड़ी लड़ाई से बचे हुये हैं।

स्टालिन की शासन व्यवस्था तथा सरकारी योजनाओं की क्रियान्विति एवं नीति-निर्माण एवं उनके क्रियान्वयन के लिये एक सक्षम टीम के गठन को लेकर उनके धुर विरोधी भी चकित हैं। वे ऐसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सोनिया गांधी को मातृ शोक

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अगस्त। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की माँ, श्रीमती पाओला माइनो का 27 अगस्त को, इटली में उनके घर पर देहान्त हो गया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

- **सोनिया गांधी की मां पाओला मैनो का 27 अगस्त को इटली में देहान्त हो गया, मंगलवार को उनका क्रियाकर्म किया गया।**

कांग्रेस महासचिव तथा मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने ट्विट्र पर यह खबर साझा की। तथापि, उन्होंने यह नहीं बताया कि, सोनिया गांधी अपनी माँ के अंतिम संस्कार में शामिल हो पाईं या नहीं। सोनिया गांधी, अपने पुत्र राहुल गांधी व पुत्री प्रियंका गांधी वाडरा के साथ 23 अगस्त को अमेरिका में अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'चाहे मैं हूं या कोई भी, पार्टी का निर्देश सबने माना है, आगे भी आलाकमान जो बोलेगा, वह सभी को मानना होगा'

## पायलट ने कहा, राजनीति में जो होता है वह दिखता नहीं और जो दिखता है वह होता नहीं

- **उन्होंने कहा, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के खिलाफ राजस्थान में हो रहे अत्याचार के मामले चिंताजनक हैं, एस.सी. आयोग को संवैधानिक दर्जा मिलना चाहिए।**
- **पायलट ने आगे कहा, ऐसा बहुत सालों में पहली बार हुआ कि एन.एस.यू.आई. सभी युनिवर्सिटी में चुनाव हार गई, हम लोगों को चिंता करनी चाहिए कि कमी कहां रह गई।**

जयपुर, 31 अगस्त (का.प्र.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चल रही चर्चाओं पर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने कहा कि, राजनीति में जो होता है वह दिखता नहीं और जो दिखता है वह होता नहीं। ऐसे में इस मामले में जो अफवाहें चल रही हैं, उन पर कोई ध्यान नहीं देता। चाहे मैं खुद हूं या राजस्थान का कोई भी नेता हो, हमें पार्टी से जो भी निर्देश मिले उनको हमने पहले भी माना है और आगे भी मानेंगे। यह बात कह कर पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से लगातार कही जा रही उन बातों पर कटाक्ष किया है, जिनमें मुख्यमंत्री कहते रहे हैं कि वे राजस्थान में ही रहेंगे और कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की उनकी चर्चा मात्र मीडिया की ओर से कही जा रही है।

पायलट ने कहा कि, जो खबरें चल रही हैं, उन पर हम ध्यान नहीं देते। ऐसे में अफवाहों पर जाने के बजाय, राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा, इसे लेकर इंतजार करना चाहिए। सारा चुनाव घोषित हो चुका है और 22 तारीख को नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा और रिजल्ट सामने आ जाएगा कि कौन अध्यक्ष होगा। लेकिन हम सब जो पार्टी में हैं, चाहे मैं हूं या कोई भी, जो पार्टी का निर्देश हुआ है हम सबने लगन और ईमानदारी से उसकी पालना की है। राजस्थान के सभी नेता यह बात बोल चुके हैं कि, जो आलाकमान बोलेगा, वो हम करेंगे।

पायलट ने अपने बयान के जरिए साफ किया है कि, उन्होंने कांग्रेस आलाकमान के कहने पर राजस्थान में 2018 में सरकार बनने पर उप मुख्यमंत्री पद स्वीकार किया था। ऐसे में आगे अगर किसी भी नेता को आलाकमान से कोई भी निर्देश मिलते हैं तो उसे वह निर्देश मानने ही होंगे।

एक सवाल के जवाब में पायलट ने, नैशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ रही दुष्कर्म की घटनाओं पर चिंता जताते हुए महिलाओं के साथ ही प्रदेश में दलितों, आदिवासियों के साथ बढ़ रहे अत्याचार को भी चिंताजनक बताया। पायलट ने राजस्थान एससी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की मांग रखते हुए बढ़ते अपराध को रोकने के लिए कानून की सख्ती से पालना करवाने की बात कही।

पायलट ने कहा कि, न्याय लोगों को समय पर मिले यह बहुत जरूरी है, ताकि किसी में इतनी हिम्मत ना हो कि गरीब, दलित पर अत्याचार करने की सोच सके। पायलट ने कहा, मैंने जालोर में भी कहा था कि कानून बनाने से लोगों के जेहन में डर नहीं बैठता। एक्शन के जरिए ऐसा वातावरण हमें बनाना होगा कि कोई भी व्यक्ति बच्चियों, दलितों और आदिवासियों पर इस तरह से आक्रमण करने की हिम्मत ना कर सके।

पायलट ने राजस्थान की सभी युनिवर्सिटी में एनएसयूआई को मिली हार पर कहा कि, ऐसा बहुत सालों में पहली बार हुआ है कि एनएसयूआई सभी युनिवर्सिटी में चुनाव हार जाए। इसे लेकर हम लोगों को चिंता करनी चाहिए कि, कमी कहां रह गई। क्या कैंडिडेट सिलेक्शन गलत हुआ या प्रचार में कमी रह गई या फिर सरकार की कामयाबी और सरकार के 4 साल के कार्यकाल को हम जनता के सामने लेकर नहीं गए। पायलट ने कहा कि, नौजवान प्रदेश का सबसे बड़ा हिस्सा हैं, नौजवानों की भावना, सोच और जो उम्मीदें हैं उनको कैसे पूरा करना है, उस पर ध्यान देना चाहिए।

पायलट ने कहा कि, करीब 14 युनिवर्सिटी में चुनाव हुए हैं। उनमें हम जीत नहीं सके, इसलिए पार्टी को भी और हमारे संगठन को भी यह चिंता करनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राडिया टेप्स

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 अगस्त। टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन एन. टाटा की 2010 की रिट याचिका, जिसमें उन्होंने राडिया टेप की मीडिया लीक के

- **टाटा समूह के चेयरमैन रतन टाटा ने राडिया टेप्स प्रकरण में वर्ष 2010 में निजता की सुरक्षा के लिए याचिका दायर की थी, जिस पर गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि, केन्द्र सरकार 2012 में ही राडिया टेप्स को नष्ट कर चुकी है।**

परिणामस्वरूप, अपनी प्राइवेसी की सुरक्षा की मांग की थी, की सुनवाई गुरूवार को सर्वोच्च न्यायालय में होनी है, जबकि सरकार यह बात कह चुकी है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**भातृभाव का अस्तित्व केवल आत्मा में और आत्मा के द्वारा ही होता है, यह और किसी के सहारे टिक ही नहीं सकता। –श्री अरविंद**

# अपरिमित ऊंचाइयों व चौडाईयों में बढ़ता भारत में भ्रष्टाचार

लोकतंत्र या कहें प्रजातंत्र या समाजवाद अथवा और भी कोई नाम जिनकी फिलोसॉफी और कृत्य इनसे मिलते-जुलते हैं, सभी भ्रष्टाचार के जनक हैं। इतना ही नहीं जिनोह्णे भी इस तरह के तंत्रों की अनुसंशा की वास्तव में वे सभी भी भारत में भ्रष्टाचार के दादा या पड़दादा हैं, ऐसा कहने में मुझे कोई आपत्ति नहीं। मेरी ऐसी धारणा अथवा सोच केवल मेरी ही नहीं है बल्कि असंख्य ऐसी सोच रखते हैं, वे व्यक्त नहीं करते इनमे तथाकथित कतिपय वे लोग भी शामिल हैं जो हमारे द्वारा ही चुनकर उन बड़े घरों में बैठ कर हमारे ऊपर शासन चलाते हैं। सही सोच होने पर भी वहां वे लोग मूक रहना पसंद करते हैं, उनकी ऐसी प्रवर्ति के कारणों पर जाना इस लेख की विषय सामग्री मैं नहीं बना सकता, क्योंकि ऐसा करने से इस लेख के उद्देश्य से विमुख होने की सम्भावना बनती है। परन्तु चुनने के बाद उन्हें सभी प्रकार की सुरक्षा स्वत: मिलना संबिधान के अंतर्गत शुरू हो जाती है जिसमे भ्रष्टाचार में संलिप्त होने अथवा खुद करने की आज़ादी भी शामिल है। ऐसे लोग चूँकि किसी न किसी क्षेत्र से जनता द्वारा मेजोरिटी से चुने होते हैं, भले ही उन्हें सत्तर प्रतिशत जनता ने नहीं चुना हो।

आज से कई वर्ष पहले भी अपने एक लेख में मैंने यह उल्लेख किया था जो वास्तव में मेरी सोच नहीं बल्कि रूस के एक विद्वान् समाजशास्त्री ने अपनी पुस्तक में किया उसका नाम है, सोरोस्की। उनका कथन है कि किसी भी देश को जहाँ डेमोक्रेसी या लोकतंत्र पार्टी आधारित हो वहां भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे और दाएं से बायें फैलना अवश्यम्भावी है। और भारत में भी आज़ादी के बाद ऐसा ही हुआ है। वर्तमान में यह दैत्य इतना प्रबल हो चुका है कि पूरी कडी में इसे कहीं से भी हिलाना दुष्कर है। और यदि कोई ऐसा प्रयास भी करता है तो वह अलगथलग कर दिया जाता है इसलिए बात आकर अटकती है जनता पर। देश की जनता मूर्ख, अविवेकी, स्वार्थी, राष्ट्र विरोधी, आदि विश्लेषणों से विभूषित हो चुकी है। इसलिए मैं इस लेख में पाठकों को ऐसी प्रवर्ति से निपटने के लिए कोई सूत्र नहीं दे रहा हूँ और ऐसी आशा भी नहीं करनी चाहिए क्योंकि समस्या व्यापक है। केवल मैं तो अपनी सोच, जो हो सकता है अन्य की भी हो, पाठकों को अवगत कराना चाहता हूँ।

शीर्षक में मैंने भ्रष्टाचार की ऊंचाइयों और चौड़ाईयों में वृद्धि का उल्लेख किया है। इसका आशय है कि यह देश के कण कण में अब विध्यमान है, और इसके असख्य रूप हैं, उदाहरण के लिए राजस्थान के सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के बिना जरूरत पल्टन पलायन सदृश्य थोक में स्थानांतरण ; नियम विरुद्ध निर्माणों को संरक्षण, नियुक्तिओं में सिफारशें, विश्वविधालयों में कुलपतिओं की नियुक्ति, महाविद्यालयों में वांछित योग्यता से हटकर अन्य कारणों से नियुक्तियां, भवन निर्माण में कमीशनखोरी, फर्जी डिग्री प्रदान करने, झूंटे यात्रा बिल बना कर पेमेंट लेने, सरकारी खरीद में कमीशन आदि ।

वर्तमान में प्रधान मंत्री की भी सामर्थ नहीं कि वे अकेले इस राक्षस को धराशाही कर सके, वे तो अभी से ही जनता का सहयोग मांग रहे हैं। यह अलग बात है कि उनके काल में कानपुर से कनौज, बंगाल से महाराष्ट्र, देहली से हरियाणा, उत्तर प्रदेश से होते हुए बिहार, मध्यप्रदेश से राजस्थान, हरयाणा, पंजाब, आदि सभी जगह भ्रष्टाचार की बेल पोंड चुकी है और अभी तो यह पेरिनियल (सदैव फलने फूलने वाली) है। इस बेल की एक विशिष्ट पहचान है कि यह अंकुरित होते ही फल देने लगती है।

**नॉएडा दिल्ली में अभी भष्टाचार से बने दो ट्विन टावर 32 मंजिला व् 100 मीटर से भी अधिक ऊंचाई के आवासीय बिल्डिंग के न्यायलय के आदेश से प्रशासन ने दस सेकंड से कम समय में गिरा दिए। ये सब जनता की जागरूकता और एक जुटता का अनूठा उदाहरण है। इसलिए जो लोग इससे जुड़े वे सभी प्रसंशा के पात्र हैं।**

ऐसा लिखते हुए मैं प्रधान मंत्री श्री मोदी के प्रतिकूल कोई नकारात्मक विचार व्यक्त नहीं कर रहा हूँ क्योंकि मेरे हिसाब से वह एक मजबूत इच्छा शक्ति के धनी हैं और विपरीत परिस्तिथियों में बिलकुल विचलित होने वाले नहीं हैं। हो सकता है उन्होंने जनता की नब्ज जानने के लिए ऐसा कह दिया हो? कि जनता इस सहयोग के लिए कैसे प्रतिक्रिया करती है..?

अधिकांश जनता का आंकलन है कि प्रधान मंत्री को अन्य पार्टिओं से सहयोग नहीं मिल रहा वे सभी एक जुट हो किसी प्रकार मोदी जी को प्रधान मंत्री नहीं देखना चाहते। इस सबके बावजूद मोदी जी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता हैं। असल में मोदी जी ने अभी विपक्ष का कुछ बिगाड़ा नहीं है बल्कि अनेकों के प्रति घोटालों व् भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं। यही बात सबको परेशान और डराए हुए है। इसलिए अनहोनी के डर से मोदी को अनेक प्रकार से असहयोग और बदनाम करने में लगे हैं।

आश्चर्य की बात यह कि किसी विरोधी के पास अभी तक कोई रचनात्मक प्रस्ताव नहीं है जिस पर वे मोदी को घेर सकें। भविष्य बताएगा कि यह बेल कब सूखती है? तबतक इसका स्वाद चखते रहिये और वार्तालाप और सम्बाद कर आनद लेते रहिये।

एक बात मेरी समझ से परे है कि परवर्तन निदेशालय की छापेमारी खोज में इतनी भारी संख्या में करेंसी मुद्रा कैसे निकल रही है? नोट बंदी हुए अभी चार वर्ष ही निकले हैं। उसमे कहा गया था कि सभी नोट जो चलन में थे वापिस बैंकों में आ गये। इतने कम समय में लोगों ने विशालकाय करेंसी नोट कहाँ से प्राप्त कर लिए? मैं समझता हूँ किसी एक समय में रिज़र्व बैंक में भी इतने नोट नहीं मिलेंगे? करेंसी नोटों की इतनी बिपुल राशि जिसे रखने के किये तिजोरियां, अलमारियां कम पड़ जाय और नोटों को कमरों के फर्श पर ढेरियों के रूप में एकत्रित किया जाये। यह इस बात का द्योतक है कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा अब नहीं रही, बल्कि यह अपरिमित है।

मुझे लिखने की आवश्यकता नहीं कि एकत्रित नोटों की संख्या इतनी विशाल कि एक नहीं अनेक नोट गिनने की मशीने लगानी पड़े। मुझे आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व घटित दिल्ली में भारतीय स्टेट बैंक की घटना याद आती है जब दिन दहाड़े एक व्यक्ति बैंक से धोखाधड़ी कर एक बड़ी राशि निकाल ले गया था।

नॉएडा दिल्ली में अभी भष्टाचार से बने दो ट्विन टावर 32 मंजिला व् 100 मीटर से भी अधिक ऊंचाई के आवासीय बिल्डिंग के न्यायलय के आदेश से प्रशासन ने दस सेकंड से कम समय में गिरा दिए। ये सब जनता की जागरूकता और एक जुटता का अनूठा उदाहरण है। इसलिए जो लोग इससे जुड़े वे सभी प्रसंशा के पात्र हैं। कोआपरेटिव आंदोलन का भी यही सिद्धांत है कि जब एक ही समस्या से जनता का बड़ा समुदाय लम्बे समय से ग्रसित या पीड़ित हो रहा हो तब उनमे एकजुट या संघटित होने की भावना प्रबल हो उठती है और वे मिलकर उस व्याधि को समूल विनाश कर डालते हैं।

मैं नहीं समझता कि मोदी जी अपने अगले कार्यकाल में भी यदि वे पुन: प्रधानमंत्री बनते हैं, भ्रष्टाचार के दैत्य को देश से समूल मिटा पाएंगे? फिर भी आशा करनी चाहिए कि ऐसा हो क्योंकि भ्रस्टाचार मुक्त भारत ही सबके लिए सुख, शांति, स्वस्थ्य और सम्पन्नता ला सकता है। लेख के अंत में चलते चलते पाठकों के मानसिक कसरत व् स्वास्थ्य के हितार्थ एक समीकरण प्रस्तुत कर रहा हूँ जो मेरा नहीं है बल्कि अमेरिका की प्रसिद्ध मेगज़ीन 'स्पान' में वर्ष 1998 में इंग्लिश में ही छपा था, शीर्षक था 'इंटरनेशनल कोऑपरेशन अंगेस्ट करप्शन' लेखक का नाम 'रोबर्ट क्लीटगार्ड'।


इस समीकरण को एक बार भारत सरकार के एक मंत्री ने खुद की ईजाद बता कर एक अंग्रेजी के अखबार में ये छापा कि उन्होंने यह समीकरण बनाया है जिससे भ्रष्टाचार के पहलुओं पर प्रकाश डाला जा सकता है। अर्थात हमारे केंद्रीय मंत्री ने भी किसी अन्य के द्वारा प्रतिपादित समीकरण को अपना बता कर अंग्रेजी के दैनिक अखबार में छपवा दिया। मैंने उस अखबार के संपादक को विरोध स्वरुप यर्थात से अवगत कराया फिर भी संपादक ने उसका कोई संज्ञान नहीं लिया।

समीकरण था :- (अनुवाद हिंदी में) भ्रष्टाचार्‌ मोनोपोली (एकाधिकार) + डिस्क्रेशन (विवेकाधिकार ) – एकाउंटेबिलिटी (जवाबदेही)। यहाँ स्वंग मैं इस समीकरण में एक विशेषता जोड़ कर समीकरण को भारत के सम्बन्ध में अधिक सशक्त करने का प्रयास करता हूँ।

फलस्वरूप, भ्रष्टाचार =ृ (मोनोपोली + डिस्क्रेशन – अकॉउंटेबिलिटी)स. (राजकीय संरक्षण)। अर्थात राजकीय संरक्षण के होते हुए अनुपातिक रूप से समीकरण का मूल्य कई गुना अधिक हो जाता है मेरे विद्वान् पाठक इस समीकरण को यदि क्वांटिफाई कर सकें तो में उनका ऋणी रहूँगा। (स॰ को कोष्ठक के ऊपर रेज टू द पॉवर पढ़े।)

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर )**

# सूना सावन -वीरान बहार


डॉ. श्रीगोपाल काबरा

राजस्थान के सीकर जिले में हमारा गांव है लोसल। वहां हमारी सो साल पुरानी आलीशान पुस्तैनी हवेली आज भी खड़ी है। आज भी कमरों में सफेद झक्क एराइस का फर्स वैसे ही मौजूद है। हवेली में पांच चौक हैं, खुले आंगन वाले, ऊपर आसमान दिखता है। शेखावाटी की हवेली में अमूमन दो या तीन चौक होते हैं। हमारी हवेली में बड़े-बड़े पांच चौक होने के कारण हमें बड़ी हवेली वालों के नाम से जाना जाता था। चौक की दीवारें आज भी उन्हीं रंगीन चित्रों से अटी है जो सो साल पहले उकेरे गये थे। आज भी उनका रंग फीका नहीं पड़ा है, हां, समय के साथ कुछ सांवले अवश्य हो गये हैं। हवेली की बाहरी दीवारों पर भी अधिकांश चित्र मौजूद हैं। चित्रात्मक रंगीन हवेलिया शेखावाटी की अपनी विशिष्टता है, सेठाने की पहिचान। हवेली में घुसते ही पहले खुले चौक में एक ओर विशाल बरगद का पेड़ आज भी खड़ा है। बरगद के चबूतरे पर चिलम पीते हाली, ठाकर की जगह अब बस हवेली की रखवाली के लिए रखा माली है, और पास की कोठरी में उसका परिवार। दूसरे चौक के दोनो और दो बड़ी-बड़ी बैठकें हैं। तीसरे चौक के चारों ओर तिमंजली मुख्य हवेली है जिसके दर्जनों कमरे, साल, चौबारे, सूने पड़े हैं। कौनों में सेठानियों के बड़े कमरे हैं जिनमें आज भी ब्रिटेन, जर्मनी में छपी रंगीन तस्वीरें टंगी हैं। पीछे के चौथे छोटे चौक में रसोइयां और चौके हैं जहां आसन पाटे पर बैठ कर खाना खाया जाता था। उसके बाहर पांचवे चौक में गाय बैलों के ठाण और रथ भेली के ठांव बने हुए हैं। ठाणों में गायें तो नहीं रंभाती लेकिन ठावों में पुराने रथ, भेली, ऊंट की जीन, उसके गले और पांव के घुंधरू अब भी पड़े हैं।

हवेली सूनी पड़ी है। परिवार की पांचवी-छटी पीढ़ी चल रही है। दो पड़दादाओं का परिवार, लोग देश में सब जगह फैले हुए हैं। आखिर में एक दादी इसी बड़ी हवेली में अकेली रहती थी, बड़ी सेठाणी, अपने पुराने ठसके के साथ। बेटे-पोते मिलने आते रहते। दादी जैसा कहती वैसा ही होता। उनका कहा टालने की किसी की हिम्मत नहीं थी। रुपये-पैसे से वे किसी पर निर्भर नहीं थी, फिर भी सभी नियमित भेजते रहते थे। पास के घर में बैंक था। मैनेजर खुद आकर रुपये दे जाता, चैक ले जाता। अपनी देख भाल का पूरा इन्तजाम उन्होंने कर रखा था। शरीर साथ दे रहा था, स्वास्थ्य ठीक था। अपने आखरी समय और उसके बाद क्या करना है, कैसे करना है, उन्होने घर के जोशीजी को सब लिखवा दिया था। गांव के एक रिस्तेदार सेठ जिनके पास उनका रुपया-पैसा रहता था, जो सब हिसाब-किताब रखते थे, उन्हें खर्चे की सारी हिदायते दे रखी थी। बेटों को भी बता दिया था। सब कुछ उनकी इच्छा के अनुरूप ही किया गया। उसके बाद जो हवेली में ताला लगा, सूनी हो गई।

इस बार तय हुआ कि सावन में बरसात होने के बाद कुछ दिन आकर हवेली में रहा जाय। बैठक में ही इन्तजाम कर दिया गया। कहां तो एक बड़ा गद्दा, गाव, तकिये, मसंदे, खिड़कियों में पानी छिड़की महकती खस की टट्टियां, रस्सी से खिंचता झालर वाला पंखा, और कहां अब डबल बैड, डनलप के गद्दे, तकिये, सोफा सेट, डाइनिंग टेबल और कुर्सियां, बिजली का पंखा, कूलर। मंहगे और सुन्दर हैं, लेकिन इस बैठक में मखमल में टाट के पैबंद से लगते हैं। बैठक इतनी बड़ी है कि यहीं बैड रूम, ड्राईंग रूम, डाइनिंग रूम सब। बाहर बाथरूम और टायलेट का सेट पहले ही बन चुका है। जरूरी भी था, कारण अब सुबह उठ कर कूये-बावडी तो जया नही जा सकता, हालांकि वे अब भी हैं, वहां के शिव मंदिर में अब भी पूजा अर्चना होती है। रसोई में गैस चूल्हा आ गया है। खाना स्वादिष्ट तो लगता है लेकिन चूल्हे की भोभर में मंद आंच पकती दाल या कच्चे जलते कोयले से देशी घी की लूण-धूणी दी गई पापड़ की चूरी, सोगरी, मूली की बात और थी। बाजरे की रोटी में वह स्वाद नहीं है। लूण्या घी की बात तो छोड़िये। अंगारे पर रखी रोटी पर सूं सूं करते मक्खन में लाल मिर्च, जीरे वाली सूस्यां रोटी और दही की जगह अब टोस्ट मिलते हैं। आसन पाटे की जगह टेबल पर बैठ कर खाना, बड़ा फूहड़-सा लगता है।

सावन का सोमवार। बरसात हो चुकी है। मौसम सुहावना है। इसी के लिए तो आये हैं। चलो अपने खेत पर चलते हैं। वहीं दाल बाटी बनवा कर खायेंगे। टीलों पर गये। बड़ा सुखद लग रहा था। आंखे सावन-की-डोकरी (बीरबहूटी) कों ढूढ रही थी। बरसात होते ही उन तपते धोरों में से कैसे अनगिनित लाल मखमली डोकरियां निकल कर ठुमकने लगती थी, सदा अचंभा होता था। बचपन में गीली मिट्टी के घरोंदें बनाने के साथ उनमें ठुमकती सावन की डोकरी की मखमली स्मृती गहरे से जुड़ी थी। सावन के झूले, सावन की डोकरी। लेकिन आश्चर्य दूर दूर तक एक भी नजर नहीं आई। सुख्खा काका से पूछा तो कहने लगे अब कहां सावन की डोकरी! सब खत्म हो गई। कीटनाशक सब को लील गये। कहने लगे, हवेली के आंगन में जो बूढ़ा बरगद है उस पर गौर किया? कैसे शाम होते ही रैन बसेरा करने आई गौरया और मैनाओं से चह चहाता था। और अब, मालूम ही नही पड़ता कब शाम हो गई। कबूतर तो सूनी हवेलियों में खूब हैं लेकिन बाकी पक्षी खत्म हो रहे हैं। कीटनाशकों मिले दाना खा कर मोर मरते है, चील, गिद्द समाप्त हो रहे हैं। जानवरों के शव हफ्तो सड़ते रहते हैं, कुत्ते नोचते रहते हैं। घर घर में कैंसर जैसी कोजी बीमारियां हो रही है। जवान और बच्चो में लकवा हो रहा है, सांस की बिमारी हो रही है। इन्ही की कोई सुध नहीं लेता तो सावन की डोकरी को कौन पूछे। सुन कर मन जुगुप्सा से भर गया। सुख्खा काका के कहने से तो ऐसा लग रहा था जैसे कीटनाशक से कैंसर नही, स्वयं कीटनाशक ही जीवन का कैंसर हो गये हैं।

सुख्खा काका के गुस्से का असल कारण मुझे तब मालूम हुआ जब हवेली लौटने पर बरगद पर चिड़ियाओं के बारे में मैने माली से पूछा। कीटनाशक सुख्खा काका के जवान बेटे को लील गया था। बेटे की झोंपड़ी में कीटनाशक रखा था। फर्स पर गिर गया। कुछ उसने कपड़े से समेट कर वापस डाला। उसकी तबियत खराब हो गई। सांस की तकलीफ हो गई, हाथ-पांव ढीले पड़ गए। अस्पताल में भर्ती करवाया। ठीक होकर घर आ गया लेकिन उसके एक महिने बाद ही घातक रक्त कैंसर से उसकी मौत हो गई। इलाज में ही घर लुट गया। उस समय तक भी कीटनाशक की हलकी महक झोपड़ी में थी। श्मशान से लौटते ही सुख्खा काका ने उस झोपड़ी को आग लगा कर नष्ट कर दिया था।

मुझे याद आई रसेल कार्सन की लिखी 'साइलेन्ट स्प्रिंग' किताब जिसमें उन्होने अमेरिका में हवाइ जहाजों से व्यापक स्तर पर छिड़के गए कीटनाशकों के कारण विलुप्त हुए पक्षी, निरजन वादियां और वीरान बहार का मार्मिक चित्रण किया है। साईलेंट स्प्रिंग – वीरान बहार। उसमें भी कीटनाशकों से इसी तरह हुए कैंसर से मृत्यु होने का विवरण है।

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# उत्तम मार्दव धर्म अर्थात विनयशीलता, कोमलता, मृदुता का भाव होना


भागचंद जैन

जैन धर्म के दशलक्षण धर्म आत्मा के स्वाभाविक धर्म है। ये दस धर्म सार्थक जीवन जीने के अभिन्न अंग है । आज दूसरा धर्म उत्तम मार्दव धर्म दिवस है।

मार्दव अर्थात् विनयशील होना, मृदुता, कोमलता का भाव होना और मान, मद, अभिमान, अहंकार आदि दुर्गुणों का अभाव होना । किसी अहंकारी की तुलना मादक पदार्थ का सेवन करने वाले नशे में चूर व्यक्ति से से की जाती है। जैसे नशे में धुत व्यक्ति को कोई समझा नहीं सकता, औरों की तो बात ही क्या उसके सगे संबंधी जन भी उसे समझाने में असमर्थ होते हैं, उसी प्रकार प्रमादी, अभिमानी व्यक्ति को भी कोई समझा नहीं सकता ।

याद रखिए, जो विनयशील है उसका त्याग दान इत्यादि करना सफल है, अभिमानी का सब निष्फल है ।अभिमानी के बिना अपराध किए ही सब लोग उसके बैरी हो जाते हैं, सभी लोग अभिमानी की निंदा करते हैं और प्रतिपल उसका पतन होते देखना चाहते हैं। अहंकारवश उसके हित की बात भी उसे समझ में नहीं आती है। वह अपने झूठे मान के लिए छल- कपट करता है तथा वांछित परिणाम प्राप्त नहीं होने पर क्रोधित हो जाता है । हरी-भरी डालियां अपने लचीलापन से आंधी तूफान सहन करने की क्षमता रखती है एवं अपने अस्तित्व बचाने के साथ विकसित होती रहती है, लेकिन सूखी डाली जो कड़क रहती है, जो तेज हवा, आंधी-तूफान सहन नहीं कर सकती है, उसकी नियति अंतत: पेड़ से कटकर अलग होना ही है। इसी प्रकार अकड़ने वाला व्यक्ति समाज में, परिवार में, कहीं भी स्वीकार्य नहीं होता है। वैसे भी मृत शरीर ही अकड़ता है और ऐसे शरीर को मिट्टी में मिला दिया जाता है यानी उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है । तात्पर्य यह है कि जो व्यक्ति झुकना जानता है जिसमें परिस्थिति के अनुसार ढलने की क्षमता है, वही व्यक्ति आत्मा के सहज स्वाभाविक विनय-मार्दव धर्म की आराधना करता है एवं समझौता किए बिना अपना वर्चस्व कायम रख सकता है। अकसर धन, दौलत, शान और शौकत को ही मनुष्य अपना जीवन समझता है, जबकि ये सभी नाशवान है, क्षणभंगुर हैं ये सभी चीजें एक दिन सबको छोड देंगी या फिर एक दिन मजबूरन इन चीजों को छोडना ही पड़ेगा । अत: नाशवंत चीजों के पीछे भागने से अच्छा है कि अभिमान और परिग्रह को छोड़ा जाये और सभी से विनम्र भाव से व्यवहार करें । सभी को एक न एक दिन जाना ही है, तो सबसे पहले स्वयं को पहचानें । मार्दव धर्म हमें स्वयं की सही वृत्ति को समझने का माध्यम है।

**उत्तम मार्दव विनय प्रकासै, नाना भेदज्ञान सब भासै।**

उत्तम मार्दव धर्म का पालन करने से विनयशीलता का भाव प्रकट होता है एवं विविध भेद ज्ञान समझ में आने लगते है।

**भागचंद जैन मित्रपुरा,**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।**

# चाकसू में सरकारी स्कूलों के हाल बे-हाल

**चाकसू, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा बजट में शिक्षा महकमे को अच्छी खासी राशि स्वीकृत की जाती है,

- **दरवाजे एवं सुरक्षा दीवार नहीं होने से स्कूल में जानवरों का जमावड़ा**

विधायक वेदप्रकाश सोलंकी स्कूलों के विकास के लिए सर्वाधिक राशि भेजने का दावा करते हैं लेकिन यह बजट कागजों में सिमट कर रह जाता है या फिर ऊपर के लेवल से निचले स्तर तक बंदरबाट हो जाती है।


बड़ोदिया सरकारी स्कूल में पड़ा जानवरों का मलवा।

आज के वक्त उपखण्ड के बडोदिया ग्राम पंचायत में स्थित राजकीय स्कूल की दशा इन दिनों बड़ी ही खराब है यहां स्कूल के मैन दरवाजे नहीं है दीवारें भी टूटी हुई हैं जिससे आवारा जानवरों का यहां पर जमावड़ा रहता है। गौरतलब है कि यह समस्या क्षेत्र के बडोदिया विद्यालय की नहीं होकर करीब- करीब उपखण्ड के कई सरकारी स्कूलों में सरे आम देखी जा सकती है। गन्दगी के अलावा कई स्कूलों की छतों से पानी से टपक रहा है तो कई में प्लास्टर गिर रहा है तो कई स्कूलों के प्रांगण में पानी भरा देखा जा सकता है।

सरकारी स्कूलों में गठित शाला विकास समितियों का गठन भी राजनेताओं के लिए चाय पानी करने अथवा अध्यापक अध्यापिकाओं को रोब बताने तक ही सिमट कर रह गया है।

## पक्षियों के दाना डालने के चार चबूतरों का लोकार्पण

**अजमेर, (कासं)।** पार्षद कोष से निर्मित पक्षियों के दाना डालने हेतु बनाए गए 4 चबूतरों का लोकार्पण गणेश चतुर्थी पर्यूषण पर्व के स्थापना दिवस पर किया गया।

पार्षद नितिन जैन ने बताया कि पक्षियों के लिये एक चबूतरा सरावगी मोहल्ला नया बाजार में, दो चबूतरे महावीर मोहल्ला चौक, में एक चबूतरा बाबू मोहल्ला चौक, में बनाया गया है। सभी चबूतरों पर पानी की कुंडी व दाना डाल कर लोकार्पण किया गया । माननीय पंडित सुरेश जी दवे, सचिन जैन, जगदीश खंडेलवाल, सीपी गुप्ता जी, सुभाष जी, नितिन जी दोषी, मनीष गोधा, महावीर लुहाडिया, संजय सोनी, शंकर सोनी, गजेंद्र गोधा, राजा बाबू, दीपक पटवा, नितेश सेठी, चेतन पंवार, जम्बू पाटनी, अंकुश गदिया ने समस्त रखरखाव व दाना पानी की व्यवस्था का जिम्मा के साथ शुभकामनाएं दी।


**गणेश चतुर्थी पर्यूषण पर्व के स्थापना दिवस पर पक्षियों के दाना डालने के चबूतरों का लोकार्पण किया गया।**

## गणेश जी को भाई मानकर 11 साल से बालिका काट रही केक

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना के औद्योगिक क्षेत्र की 14 वर्षीय बालिका भूमिका पुत्री दीपक पंजाबी अपने पिता की इकलौती बेटी है जो विगत 11 साल से भगवान गणेश जी को अपना भाई मानकर हर साल गणेश चतुर्थी यानी उनके जन्मदिन पर केक काटकर जन्मदिन मनाती है। जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 निवासी 14 वर्षीय भूमिका पंजाबी की मां व छोटी बहन की 12 साल पहले गैस हादसे में मौत हो गई थी तब से ही भूमिका की देख-रेख उसके पापा दीपक पंजाबी करते आ रहे हैं क्योंकि भूमिका की दादी भी नहीं है।

जबसे भूमिका समझदार हुई है तब से भगवान गणेश को भाई मानकर गणेश चतुर्थी पर गणेश जी मंदिर में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाती हैं तथा रक्षाबंधन पर हर साल उनको राखी बांधती है। पहले तो इसकी जानकारी किसी को नहीं थी परंतु जब इसकी जानकारी लोगों को मिली तो हर तरफ भूमिका की ही चर्चा सुनने को मिल रही है।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

### गुरूवार 1 सितम्बर, 2022

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, चित्रा नक्षत्र रात्रि 12:12 तक, शुक्ल योग रात्रि 10:47 तक, विष्टि करण रात्रि 11:30 तक, चन्द्रमा आज दिन 12:04 से तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज रवियोग रात्रि 12:12 तक है। आज भद्रा दिन 3:23 तक है। शुक्र सिंह राशि में सांय 4:18 पर प्रवेश करेगा। आज महागणपति चतुर्थी (स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त) है। गणेश पजून का श्रेष्ठ समय मध्यान्ह काल (वृश्चिक लग्न) में श्रेष्ठ बताया गया है। आज दिन 11:11 से 1:43 तक जिसमें 11:58 से 1:43 तक वृश्चिक में पूजन का समय श्रेष्ठ रहेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:18 तक, शुभ 10:53 से 12:23 तक, चर 3:16 से 5:11 तक, लाभ 3:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:09, सूर्यास्त 6:45

**मेष**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**मिथुन**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी और नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में प्रगति होगी और अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
अपने आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे।

**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। ाावश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

# प्रदेश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई मंत्रियों का लगेगा दरबार

## छह सितम्बर से प्रदेशाध्यक्ष पूनिया, मंत्री शेखावत और कैलाश चौधरी रामदेवरा की पदयात्रा करेंगे

- 4 सितंबर को प्रदेश पदाधिकारियों और कोर कमेटी की अलग-अलग बैठकें होंगी
- अमित शाह जोधपुर में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान में आगामी वर्ष में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अब भाजपा की चुनावी बिसात बिछानी शुरू हो गई है। इस चुनावी बिसात में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आदि शिरकत करने राजस्थान में आएंगे। जोधपुर में भी बैठकें होंगी।

प्रदेश भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत केंद्रीय नेताओं के जोधपुर दौरे की तैयारियां तेज कर दी हैं। 4 सितंबर को प्रदेश पदाधिकारियों और कोर कमेटी की अलग-अलग बैठकें होंगी। जयपुर में होने वाली इन बैठकों में 8-10 सितंबर तक जोधपुर में होने वाली भाजपा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति मीटिंग और जोधपुर संभाग के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन की तैयारी के साथ आगामी कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं और मुद्दों पर बातचीत होगी। 6 सितंबर को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कैलाश चौधरी रामदेवरा की पदयात्रा करेंगे। जोधपुर संभाग के ओबीसी और किसान नेताओं को साधने के साथ ही संभाग के जिलों में पार्टी का चुनावी माहौल भी तैयार किया जाएगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक 4 सितंबर को दोपहर 3 बजे बीजेपी प्रदेश पदाधिकारी बैठक और शाम 6 बजे कोर कमेटी की बैठक होगी। इसमें बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य ओम प्रकाश माथुर, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी, सांसद राजेंद्र गहलोत, कनकमल कटारा, सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री और केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य भूपेंद्र यादव, प्रदेश सह-प्रबारी भारती बेन सियाल, राष्ट्रीय सचिव अल्का सिंह गुर्जर शामिल होंगे।

**गृहमंत्री शाह का का दौरा प्रस्तावित :-** ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति के उद्घाटन समारोह में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 8 सितंबर को जोधपुर आ सकते हैं। उनका दौरा प्रस्तावित है। इसके अलावा प्रदेश के कई संभागों में नड्डा के आगामी प्रोग्राम शेड्यूल किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संबोधन 10 सितंबर को समापन समारोह में तय है। वह बीजेपी के जोधपुर संभाग के 6 जिलों- जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर जालोर, पाली, सिरोही के करीब 20 हजार बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति सदस्यों को भी संबोधित करेंगे। इसलिए 6 सितंबर से ही बीजेपी नेताओं के जोधपुर संभाग में तैयारियों को लेकर दौरे शुरू हो जाएंगे।

6 सितंबर को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी पोकरण से रामदेवरा तक 13 किलोमीटर की पदयात्रा कर आम सभा करेंगे। जैसलमेर में बीजेपी के नेता पदयात्रा की तैयारियों को लेकर क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं।

## एईएन एवं अधिशाषी अधिकारी सिलेबस जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता-सिविल, राजस्व अधिकारी ग्रेड द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी ग्रेड चतुर्थ का विस्तृत सिलेबस आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि आयोग द्वारा 24 अगस्त को स्वायत्त शासन विभाग में कुल 118 विभिन्न प्रशासनिक एवं तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 29 अगस्त से शुरू की जा चुकी है। अंतिम दिनांक 27 सितंबर 2022 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। अटल ने जानकारी देते हुए कहा कि राजस्व अधिकारी ठोड द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग चतुर्थ के पदों के लिए एक ही प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

इसलिए अभ्यर्थी आवेदन में अपनी प्राथमिकता क्रम का अंकन अनिवार्य रूप से भरें। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन एवं दिशा-निर्देशों का अवलोकन अवश्य करें।

# सरकारी गेस्ट हाउस में रहकर पालिका अधिकारी ले रहा मकान का भत्ता

## ईओ से गेस्ट हाउस खाली करवाकर आगे की कार्यवाही की जायेगी : पालिका अध्यक्ष

- खेडली ईओ पिछले डेढ़ साल से सरकारी खर्चे से चल रहे गेस्ट हाउस में रह रहा है

**अलवर, (निसं)।** सरकारी धन और भवन का कैसे फायदा उठाया जाता है इसका एक उदाहरण नगर पालिका खेडली में देखने को मिला है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पिछले डेढ साल से पालिका के सरकारी खर्चे से चल रहे गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अपने वेतन के साथ मकान किराया भत्ता भी उठा रहे हैं।

जबकि सरकारी कर्मचारी इन दोनों सुविधाओं में से केवल एक सुविधा का लाभ ही उठा सकता है। मामला नगरपालिका के ईओ किंगपाल सिंह का है जो कि फरवरी 2021 के दौरान यहां तैनात हुए । जिसके बाद से वे पालिका के गेस्ट हाउस में रहने लगे।

पालिका द्वारा संचालित यह गेस्ट हाउस कार्यालय के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित है। जिसमें दो बैडरूम, एक लिविंग रूम, किचन, लेट-बाथ सहित दो एसी, फ्रीज, वॉटर आरओ, फर्नीचर सहित अन्य साजो-सामान का उपयोग किया जा रहा है। गेस्ट हाउस के बिजली-पानी का खर्चा भी पालिका द्वारा ही वहन किया जा रहा है। जो कि न्यूनतम 5-7 हजार रुपए माह का होता है। वहीं, नगर पालिका द्वारा गेस्ट हाउस के मेंटेनेंस पर भी समय-समय पर राशि खर्च की जाती है।

संजय गीजगढिया अध्यक्ष नगर पालिका खेडली का कहना है कि मामले को लेकर पार्षदों की शिकायत मिली है जिसमें ईओ से उक्त भवन खाली करवा कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

किंगपाल सिंह, ईओ, नपा खेडली का कहना है कि उक्त भवन में दोपहर कुछ समय आराम करने व खाना खाने जाता हूं, जिसका अन्य भी उपयोग करते हैं।

# नीट-यूजी 2022 की आसंर की जारी

**कोटा, (निसं)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बुधवार शाम को नीट-यूजी 2022 की आंसर-की, स्कैन्ड ओएमआर इमेज तथा रिकॉर्डेड रेस्पोंसेज जारी कर दिए। इसके साथ ही एक नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसकी सारी प्रक्रिया भी बता दी गई है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार नीट यूजी 2022 का परिणाम 7 सितंबर को जारी किया जाएगा। विद्यार्थियों को उनकी ओएमआर शीट की स्कैन कॉपी दो तरह के लिंक से मिल सकेगी। इसमें एप्लीकेशन नम्बर व जन्मतिथि डालकर तथा एप्लीकेशन नम्बर व पासवर्ड डालकर स्कैन कॉपी ली जा सकती है। 31 अगस्त से 2 सितम्बर रात 11.50 बजे तक आसंर की को चौलेंज किया जा सकता है, इसके लिए भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग से किया जा सकता है। उपरोक्त चैलेंज को एनटीए के सब्जेक्ट एक्सपर्ट के पैनल द्वारा वैरिफाई किया जाएगा, यदि कोई चौलेंज सही पाया जाता है तो आंसर की रिवाइज की जाएगी और सभी स्टूडेंट्स को उसके अनुसार अंक जारी किए जाएंगे। इसी फाइनल आंसर-की के बाद रिजल्ट तैयार किया जाएगा। किसी भी इंडीविजुअल विद्यार्थी को उसके चैलेंज के स्वीकारोक्ति व अस्वीकारोक्ति की जानकारी व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जाएगी। सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स द्वारा जारी की जाने वाली आंसर-की को ही फाइनल माना जाएगा तथा इसी के अनुसार रिजल्ट जारी किया जाएगा। नीट-यूजी 2022 परीक्षा 17 जुलाई को हुई, जिसमें 18 लाख 72 हजार 342 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया था।

# रेप केस में फंसाने की धमकी देकर रुपए ऐंठने वाली महिला गिरफ्तार



शाहजहांपुर थाना पुलिस ने फ्रॉड महिला को गिरफ्तार किया।

- फ्लैट बेचने का झांसा देकर पीड़ित को बुला दी थी धमकी
- फ्रॉड महिला 13 अप्रैल 2018 को भी ऐसा ही मामला कर चुकी है

**बहरोड़/शाहजहांपुर, (निसं)।** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के आर्मी से रिटायर बृजपाल सिंह से फ्लैट बेचने का झांसा देकर व बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपये ऐंठने वाली महिला को शाहजहांपुर क्षाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में शालू गुप्ता नाम की महिला ने आर्मी से रिटायर बृजपाल सिंह जाट को फोन किया तथा रुपयों की सख्त जरूरत होने का बहाना बनाते हुए फ्लैट दिखाने के लिए नीमराना बुलाने की बात कही।

तत्पश्चात बार-बार फोन करके शालू गुप्ता पीड़ित को नीमराना थाने के पीछे फ्लैटों पर ले गई तथा फ्लैट का गेट बंद कर कपड़े फाड़ कर बलात्कार का केस करने की धमकी देखकर बृजपाल सिंह से 5000 नकद व 20000 फोन पे से ले लिए। इसी दौरान महिला ने डिब्बे में पीड़ित का सीमेन भी धमकी देकर निकलवा लिया । पीड़ित ने डर व बदनामी की वजह से किसी को नहीं बताया। वहीं महिला ने दोबारा बार-बार फोन करके 300000 की मांग की तो दो-तीन दिन बाद की कह कर टाल दिया। 24 अगस्त को दो बार फोन करने पर नहीं उठाया गया तो शाम 5 बजे महिला बृजपाल जाट बहरोड की दुकान पर पैसे मांगने लगी । जिसको कल देने की कहने पर उसकी दुकान के सीसीटीवी कैमरे में फुटेज सबूत हो गए।

फ्लैट दिखाने के बहाने बुलाकर बलात्कार केस में फंसाने की धमकी देते हुए 26 अगस्त को बार-बार फोन कर 40000 नकद व 2लाख 50 हजार चैक लेकर बुलाने पर पीडित द्वारा शाहजहांपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शाहजहांपुर थाना अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक भिवाडी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना तथा वृताधिकारी नीमराणा के सुपरविजन में गठित टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए शालू गुप्ता पत्नी प्रहलाद अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी मीणा मोहल्ला शाहजहांपुर जिला अलवर को ढाई लाख रुपए का चेक व 20000 नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। यह फ्रॉड महिला 13 अप्रैल 2018 को भी ऐसा ही एक मामला कर चुकी है जिसका प्रकरण दर्ज पाया गया। एक शाहजहांपुर थाने का ही कार्यरत कर्मचारी निलंबित भी कर दिया गया था। पुलिस अन्य मामलों में भी महिला के बारे में अनुसंधान कर रही है।

# होमगार्ड के जवानों को कई माह से नहीं मिला वेतन

- जनप्रतिनिधि डॉ. राहुल कस्वां कलैक्टर से वार्ता करके जवानों को दिलाएंगे वेतन
- स्थाई होने की उम्मीद लगाए बैठे थे जवान

**चूरू, (कासं)।** चूरू में स्थाई होने की उम्मीद लगाए बैठे होमगार्ड के सैकड़ों जवानों को कई माह से वेतन नहीं मिला है। यहां यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि कोरोना में अपनी जान की परवाह किए बिना पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रात दिन ड्यूटी करने वाले इन जवानों को उसका आज तक भुगतान नहीं मिला है। इसी प्रकार चूरू में होमगार्ड के जवानों को नौ माह बाद भी रात्रि गस्त करने का वेतन नहीं मिला है। यहां पीड़ित जवानों ने बताया कि नवंबर और दिसंबर 2021 में कोतवाली थाना क्षेत्र चूरू में रात्रि को गस्त की थी। इन दो माह के वेतन का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। जवानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि पूरी ड्यूटी के बाद भी भुगतान नहीं मिलना उनके साथ अन्याय है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने होमगार्ड के जवानों को नियमित करने की बात कही थी, सरकार बन जाने के बाद वह वादा भी पूरा नहीं हुआ। अब सरकार जाने को है, पता नहीं जाते-जाते कर जाए । यहां होमगार्ड के जवान इसी उम्मीद के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। पैसे नहीं मिल रहे, घर वाले परेशान हैं। इतना सब होने के बाद भी होमगार्ड के जवान नियमित रूप से अपनी ड्यूटी देते हैं। देखो मजे की बात अन्य विभागों में भी होमगार्ड के जवानों को भेजा जाता है। वहां चपरासी का काम करवाया जाता है। महीने में 1 दिन भी लेट हुए तो पैसे कट जाते हैं। जवानों ने कहा कि अन्य संबंधित अधिकारी हैं वे हर महीने अपनी मोटी तनख्वाह ले लेते हैं। इन गरीब होमगार्ड के जवानों को उनकी पसीने की कमाई भी नहीं मिलती है। सरकार भी आवश्यकता पड़ने पर होमगार्ड के जवानों को उपयोग में लेती है और फिर दूध में पड़ी मक्खी की तरह निकाल कर बाहर फेंक देती है। उनको उनकी ड्यूटी का पैसा मिला या नहीं मिला, किसी को कोई मतलब नहीं है।

ददरेवा मेले में ड्यूटी दे रहे होमगार्ड के जवानों को एडवांस राशि नहीं मिलने के कारण अनजान जगह पर बड़ी दिक्कत हो रही है। बार-बार अवगत करवा देने के बाद भी जवानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। संबंधित अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। जवानों को वेतन नहीं मिलने की बात मालूम होने पर जनप्रतिनिधि डॉ. राहुल कस्वां ने कहा कि वे कलैक्टर से वार्ता करके जवानों को शीघ्र ही बकाया वेतन दिलाएंगे।

# टाइगर की सूचना से अफरा-तफरी

**करौली, (निसं)।** रणथम्भौर बाघ क्षेत्र से आए टाइगरों का कैलादेवी अभ्यारण्य में दखल बढ़ने लगा है। यहां के निकट कोटा मामचारी गांव के वन क्षेत्र की पहाड़ी में टाइगर आने की सूचना से ग्रामीणों में अफरा तफरी मची और ग्रामीणों ने पीछा किया एवं वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी।

सूचना पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी पहुंचे, जहां से उन्होंने पग मार्क लिए जो पग मार्क टाइगर के नहीं मिलने पर पैंथर का होना बताया है।

# सोम नदी के बैक वाटर एरिया में हो रहा अवैध बजरी खनन



डीएसटी टीम ने अवैध बजरी निकालने पर दो नावों सहित बजरी भी जब्त की।

- डीएसटी टीम ने सोम नदी में पकडे पांच डंपर और बुलडोजर
- नावे छोड़कर भागे माफिया

**डूंगरपुर, (निसं)।** सोम नदी के बैक वाटर एरिया में अवैध बजरी खनन के खिलाफ डीएसटी ने मंगलवार रात को कार्रवाई की। डीएसटी ने बजरी खनन करती हाईटेक नावों के साथ ही डंपर और बुलडोजर को जब्त किया है। अवैध बजरी खनन करने वाले माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया।

जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा ने बताया कि सोम नदी के बैक वाटर एरिया में अवैध बजरी खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इस पर डीएसटी की टीम को गुपचुप तरीके से कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। डीएसटी इंचार्ज डीएसपी मनोज सामरिया के निर्देशन में हेड कांनि. अरविंद कुमार सहित टीम दोवडा थाना क्षेत्र के करेलिया गांव पहुंची। रात के अंधेरे में भी सोम नदी से अवैध बजरी का खनन का काम चल रहा था। बांध में नावों के जरिए बजरी निकाली जा रही थी। नावों में लगी कंप्रेशर मशीनों से बजरी को बांध के पेंदे से नाव में भरकर किनारों पर लाकर इकट्ठी की जा रही थी। इसके बाद बजरी को जेसीबी के जरिए डंपरों में भरकर तस्करी का खेल चल रहा था। डीएसटी ने मौके से नावए बुलडोजर के साथ ही 5 डंपर पकड़े हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस की सूचना पर रात 1 बजे सलूंबर से खनन विभाग के इंस्पेक्टर उमेश सालवी भी करेलिया गांव पहुंचे और विभागीय प्रक्रिया शुरू की। अचानक हुई कार्रवाई से बजरी माफिया में हडकंप मच गया। करेलिया सहित सोम कमला आंबा बांध के पेटे से दर्जनों जगहों पर बजरी माफियाओं ने अपने अड्डे बनाकर रखे हैं, जहां से माफिया नावों के जरिए बजरी निकाल कर तस्करी कर रहे हैं। पुलिस और खनन विभाग की कार्रवाई के बाद ये बजरी माफिया कुछ दिन काम बंद रखने के बाद फिर से अवैध खनन खनन और तस्करी का ये खेल फिर से शुरू हो जाता है।

# मालपुरा व लावा में आधा दर्जन दुकानों में की चोरी की वारदात




मंगलवार की रात को चोरों ने मालपुरा व लावा थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक दुकानों के ताले तोड़ चोरी की वारदात की।

- दो थानों की रात्रि गश्त के दावों की खुली पोल
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात
- बाइक सवार दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा व डिग्गी थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात शातिर चोरों ने दोनों थानों की कड़ी रात्रिगश्त के दावों को ठेंगा दिखाते हुए एक के बाद एक आधा दर्जन दुकानों के ताले व शट्टर तोड़ नगदी व सामान चोरी की वारदातो को अंजाम दिया है।

व्यापारियों ने डीवाईएसपी सुशील मान को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की। मंगलवार की रात्रि को मालपुरा शहर के पुराने अस्पताल के बाहर चोर मुख्य बाजार में महेन्द्र मेडिकल की दुकान का शट्टर तोड़ 10 हजार रूपये की नगदी व दवाईयां चुरा ले गये। दूसरी वारदात जयपुर रोड सरकारी अस्पताल गोरव पथ पन्द्रह दुकानों के पास परचून की दुकान लक्ष्य किराणा स्टोर में दो युवकों ने मध्य रात्रि में शट्टर तोड़ने का भरकस प्रयास किया था। इसी दौरान जाग होने पर युवक भाग दूटे। दोनों युवक मुंह पर रूमाल बांधे हुए थे। सारा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया।

इसी रात चोरों ने डिग्गी थाना क्षेत्र के लावा गांव में अम्बालाल फगोडिया जनरल स्टोर की दुकान, दीपचन्द लक्षकार की मनीहारी की दुकान, पुष्कर कोली की दर्जी की दुकान, आरिफ पटवा की मनीहारी की दुकान व छीतरलाल सैनी की जनरल स्टोर दुकान के ताले तोड़ गल्लों में रखी नगदी व सामान को पार कर लिया। अलसवेरे हुई जाग पर एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में दुकानों के ताले टूटने व चोरी होने से गांव में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची मालपुरा व डिग्गी थाना पुलिस ने चोरों का निशाना बनी दुकानों का मौका निरीक्षण कर जांच शुरू की। सरपंच कमल कुमार जैन व पूर्व डीआर किशन लाल फगोडिया की अगुवाही में पीड़ित व्यापारी व ग्रामीणों ने डीवाईएसपी सुशील मान को ज्ञापन सौंपा। रात्रिगश्त व्यवस्था में व्यापक सुधार करने तथा दोषी ड्यूटी प्रभारी पर कार्यवाही के साथ-साथ जल्द चोरी की वारदातों के खुलासों की मांग की।

दो-दो थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन चोरी हो जाने के बावजूद पुलिस को भनक नहीं लगने के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देने के बावजूद भी चोरी की वारदातों में लिप्त चोरों की गिरफ्तारियां नहीं होने से पुलिस के प्रति लोगों में गहरा आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## पाली में डेढ़ करोड़ की शराब पकड़ी

**पाली, (नि.सं.)।** अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस व आबकारी विभाग ने बुधवार को दो बड़ी कार्रवाई करते हुए, करोड़ों की शराब बरामद की। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने एक करोड़ की शराब पकड़ी, तो आबकारी ने करीब 65 लाख रुपये की शराब पकड़ आरोपियों को हिरासत में लिया। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से बड़ा टेलर जब्त किया, जिसमें करीब 985 अंग्रेजी शराब से भरे कार्टून जप्त किए, जिनकी बाजार कीमत करीब 1 करोड से ज्यादा बताई जा रही है।

लगातार हो रही कार्रवाई में ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस को लगातार सफलता भी मिली, और आज सुबह ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध शराब से भरे ट्रेलर को जब्त कर अवैध शराब बरामद की। शराब से भरे ट्रेलर को पकड़वाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका कॉन्स्टेबल रामनिवास जाट व जस्साराम कुमावत की रही। आबकारी थाना पुलिस ने भी बड़ी कार्रवाई करते 65 लाख की शराब जब्त की सहायक आबकारी अधिकारी विकास कुमार के नेतृत्व में पनिहारी चौराहे पर नाकेबंदी के दौरान ट्रेलर को रुकवाकर जांच की, तो भारी मात्रा में शराब का जखीरा मिला । जिसमे विभिन्न ब्रांड की करीब 733 पेटी शराब बरामद की। इस शराब से भरे ट्रेलर को पकड़वाने मे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आबकारी के सिपाही मनोज ढाका की रही। पुलिस व आबकारी विभाग वाहन चालकों से पूछताछ कर रहा है कि शराब कहां से आयी और कहां जाने वाली थी।

# बाप दो साल से नाबालिग बेटी से कर रहा दुष्कर्म

## बेटी ने अपनी आप बीती अपने चाचा को बताई

- खाजूवाला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के खाजूवाला में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मां को खो चुकी एक नाबालिग लड़की का दुष्कर्म कोई और नहीं बल्कि उसका पिता ही कर रहा था। पुलिस को शिकायत मिलने के बाद पिता को गिरफ्तार करके जेल पहुंचा दिया गया है।

पुलिस को शिकायत मिली कि खाजूवाला क्षेत्र के एक दूरस्थ गांव में 38 वर्षीय पिता ने अपनी ही पंद्रह साल की बेटी को हवस का शिकार बनाया। एक बार नहीं बल्कि पिछले दो साल से बार -बार उसके साथ जबरदस्ती कर रहा था। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में आरोप है कि पिछले 3 साल पहले मां का देहांत हो गया। इसके बाद पिता बच्ची के साथ जबरन दुष्कर्म कर रहा था। नाबालिग बेटी ने अपनी आप बीती अपने चाचा को बताई और चाचा ने नाबालिग बेटी के साथ जाकर पुलिस थाना खाजूवाला जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई हैं। खाजूवाला पुलिसकर्मियों ने भी तत्परता दिखाते हुए आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया।

एफआईआर के मुताबिक वे कुल तीन भाई बहन हैं। 3 वर्ष पहले मां का देहांत हो जाने के बाद ये लड़की अपने 16 वर्षीय भाई व 9 वर्षीय बहिन के साथ पिता के पास गांव में रह रही थी। पीड़िता का आरोप हैं कि कुछ समय तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा परंतु अब लगभग 2 साल से उसका पिता उसके साथ डरा धमकाकर जबरन बलात्कार कर रहा है। पीड़िता द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार जब उसने व उसके भाई ने इसका विरोध किया और चाचा को बताने को कहा तो उसके पिता ने उसे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलवार को बीकानेर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजने के आदेश दिए गए।

## पिस्तौल के दम पर नाबालिग का किडनैप, गैंगरेप


- नशीला पदार्थ सूंघा बेहोशी की हालत में छोड़ भागे कार सवार तीन बदमाश


**हनुमानगढ़ , (निसं)।** स्कूल से लौट रही नाबालिग लड़की का पिस्तौल के दम पर किडनैप कर गैंगरेप करने का मामला गोगामेड़ी थाने में दर्ज हुआ है। कार सवार 3 बदमाशों ने स्कूल से घर लौट रही 17 साल की नाबालिग लड़की का पिस्तौल के दम पर किडनैप कर लिया। गैंगरेप करने के बाद किशोरी को नशीला पदार्थ सूंघाकर बेहोशी की हालत में सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए। मामला जिले के गोगामेड़ी पुलिस थाना क्षेत्र का है। पीड़िता की रिपोर्ट पर गोगामेड़ी पुलिस ने 2 नामजद और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भादरा सीओ सुनील कुमार झाझड़िया ने बताया कि 17 साल की पीड़िता ने रिपोर्ट दी कि वह सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे गांव के सरकारी स्कूल से घर जा रही थी। जब वह स्कूल से थोड़ी दूरी पर पहुंची तो उसके पास लाल रंग की एक कार आकर रूकी। उसमें 3 व्यक्ति सवार थे। कार सवार कालूराम उर्फ रविन्द्र और मोनू उर्फ कृष्ण को वह जानती है, जो गांव के वाटर वर्क्स की डिग्गी में कार्यरत हैं। कार सवार तीसरे लड़के को वह नहीं जानती है। तीनों ने उसे पिस्तौल दिखाकर डरा-धमकाकर जबरदस्ती कार में डाल लिया और दूसरी जगह ले गए। तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद उसे नशीला पदार्थ सूंघाकर बेहोशी की हालत में रास्ते में फेंककर भाग गए। बेहोशी की हालत में उसके चाचा ने उसे घर पहुंचाया। पुलिस ने किडनैप, गैंगरेप, पोक्सो एक्ट और आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

# घर-घर विराजे गणपति, मोती डूंगरी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## नहर के गणेश गढ़गणेश, बंगाली बाबा-नगर के गणेशजी मंदिर में भी लगा भक्तों का तांता


गणेश चतुर्थी पर बुधवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणपति का विशेष पूजन किया गया।


मोती डूंगरी मंदिर जाने के लिए शृद्धालुओं की कतारें मंगलवार रात से ही लगना शुरु हो गयी।

**जयपुर।** गणेश चतुर्थी पर मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में श्रद्धालु उमड पडे। सुबह 4 से रात्रि 12बजे तक मंदिर के दर्शन खुले रहे। सुबह 4 बजे मंगला आरती से ही भक्तों की कतार लग गईं। मंदिर महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में सवा ग्यारह बजे गणपति का विशेष पूजन किया गया। साढे ग्यारह बजे शृंगार आरती, सवा दो बजे भोग आरती और शाम को 7 बजे संध्या आरती हुई। शाम को भक्तों का रैला दर्शनों के लिए उमड पडा। ऐसे में टोंक रोड पर वाहनों का जाम लग गया।

एमडी रोड, जेएलएन मार्ग और तख्तेशाही रोड से दर्शनों की व्यवस्था की गई। स्वर्ण मंडित चांदी के सिंहासन पर विराजे गणपति विशेष पोशाक धारण किए हुए थे। शीश पर स्वर्ण मुकुट और पारंपरिक नौलखा शृंगार का आकर्षण का केन्द्र रहा। गणेश चतुर्थी पर बुधवार को घर, मंदिर और प्रतिष्ठा में प्रथम पूज्य गणपति की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई। रवि, शुक्ल और ब्रह्म योग में द्वारपाल भगवान गणेशजी का अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराकर डंके अर्पित किए गए। गुड धानी का भोग लगाकर धूप-दीप से आरती की गई। घरों में विराजे गणपति को दाल-बाटी-, चूरमे का भोग लगाया गया। अबूझ मुहूर्त होने के

> ■ **रिद्धी-सिद्धी संग आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे गणपति**

कारण गणेश चतुर्थी को बडी संख्या में वाहनों की खरीददारी हुई। गृह प्रवेश, दुकानों का शुभारंभ और नींव पूजन के कार्यक्रमों की भी धूम रही।


नहर के गणेश मंदिर में भी बुधवार को भक्तों ने भगवान गणेश की पूजा कर अपनी आस्था जताई।

महाराष्ट्र की तर्ज पर राजधानी में भी श्रीगणेशजी की प्रतिमा की विधिवत् स्थापना की गई। श्रद्धालु पांच, दस या इससे अधिक दिनों तक घर में विघ्नविनाशक की पूजा-अर्चना करेंगे। राजधानी में रह रहे महाराष्ट्र के परिवारों में गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक विघ्नहर्ता की पूजा-अर्चना की जाएगी। श्री मन्न नारायण प्रन्यास मंडल की ओर से सीकर रोड ढेहर के बालाजी स्थित परसरामनगर के श्री मन्न नारायण धाम में गणेशजी की स्थापना की गई। महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम भारती के सानिध्य में पं. तरुण भारती ने वेद मंत्रोच्चार के साथ गणेश जी की स्थापना की। मोतीडूंगरी गणेश जी के अलावा छोटीकाशी के अन्य गणेश मंदिरों में भी भक्तों की अच्छी खासी भीड उमडी। गढ गणेश मंदिर में भक्तों ने श्वेतार्क बालगणेशजी के दर्शन किए। मंदिर महंत प्रदीप औदीच्य के सानिध्य में सुबह विघ्नहर्ता गणेशजी का पूजन किया गया। सुबह से शाम तक यहां भक्तों के आने का सिलसिला लगा रहा।

इसी मंदिर से जुडे बडी चौपड स्थित ध्वजाधीश गणेश मंदिर में पं. गौरव मेहता और आनंद मेहता ने गणपति का पूजन कर आनंदमयी शृंगार किया। सूरजपोल के स्थित श्वेत सिद्धी विनायक मंदिर में महंत मोहन लाल पांडे के सानिध्य में गणेशजी महाराज की पूजा-अर्चना की। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित दाहिनी सूंड के नहर के गणेश मंदिर में महंत पं. जय शर्मा के सानिध्य में गणपति का मनोरम शृंगार किया गया। दिन भर श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते रहे।

गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री में गणेश चतुर्थी महोत्सव पर पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में गणेशजी महाराज का विशेष शृंगार किया गया। चांदपोल के परकोटा गणेश मंदिर में गणेशजी महाराज का फूलों और पत्तों से आकर्षक शृंगार किया गया। युवाचार्य पं. अमित शर्मा ने बताया कि सुबह से रात तक श्रद्धालु दर्शन करने आते रहे। श्री प्रेमभाया मंडल समिति के तत्वावधान में मंदिर चंदलाई रोड शिवदासपुरा स्थित श्री प्रेमभाया सरकार, श्री हरियुगल विहार श्री नृत्य गणेश जी महाराज का पूजन कर गुड धानी का भोग लगाकर डंके भेंट किए गए। ऋषि पंचमी पर गुरुवार को प्रथम पूज्य गणेशजी शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मोती डूंगरी गणेशजी शोभायात्रा समिति की ओर से भगवान श्रीगणेशजी की 35वीं शोभायात्रा इस बार कई मायनों में खास होगी। अपराह्न 3 बजे मोती डूंगरी गणेशजी के मंदिर से प्रारंभ होन वाली शोभायात्रा मोती डूंगरी रोड, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बडी चौपड, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार, ब्रह्मपुरी होते हुए गढ गणेश मन्दिर पहुंचकर विसर्जित होगी।

शोभायात्रा में करीब 80 झांकियां होंगी इनमें 25 झांकियां स्वचालित होंगी। कोलकाता के कारीगरों ने झांकियां तैयार की है। नौबत,नगाड़ों में झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। अमृत महोत्सव तिरंगा झांकी और त्रिपोलिया गेट पर गणेशजी रिद्धी-सिद्धी के साथ पृथ्वी पर नृत्य करते गणेशजी, बालरूप गणेशजी पिता शिव की पीठ पर खेलते हुए नजर आएंगे। गणेश जी रिद्धी-सिद्धी संग घूमर नृत्य करते हुए, गणेश जी शेषनाग पर नृत्य करते हुए की झांकी स्वचालित होंगी। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा।


गणेश चतुर्थी पर शृद्धालुओं की भीड़ के कारण जेएलएन मार्ग पर बुधवार को सारे दिन जाम लगा रहा।

# जीरो सैटबैक में निर्माण करने पर बिल्डिंग को किया सील

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में जविप्रा की बिना अनुमति व स्वीकृति के गैर अनुमोदित योजना में जीरो सैटबैक पर बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर उल्लंघन कर बनी व्यावसायिक 4 मंजिला वृहद अवैध बिल्डिग को सील किया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार क्षेत्र में अवस्थित कालवाड रोड़ पर गैर अनुमोदित योजना जनकपुरी में भूखण्ड संख्या एस-140 में जविप्रा की बिना अनुमति व स्वीकृति के बिल्डिंग बायलॉज का गंभीर वॉयलेशन कर जीरो सेटबेक पर 4 मंजिला की वृहद अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग ( तीन मंजिल व्यावसायिक व चोथी मंजिला आवासीय ) का निर्माण के अवधान में आते ही 23 जून को नोटिस कर अवैध निर्माण रूकवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया आगे अवैध निर्माण नही होने देने हेतु गार्ड लगाया गया। अवैध निर्माणकर्ता द्वारा न्यायालय अपीलीय अधिकरण, जविप्रा जयपुर में अपील दायर की गयी, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रिमांड किया जाने पर विधिक प्रक्रिया अपनाते हुये 23 अगस्त को विधिक नोटिस दिया गया। उक्त वृहद अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण पूर्ण होकर अवैध रहवास-व्यावसायिक गतिविधियॉ संचालित होने की प्रबल सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये सक्षम स्तर से सीलिंग आदेश प्राप्त कर नोटिस जारी किया जाकर आज अवैध बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों, इत्यादि को ईटों की दीवारो से चुनवाकर, शटर पर ताले, सील चपडी लगाकर पुख्ता सीलिंग कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्चे की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जावेगी।

## सार-समाचार

### यातायात की विशेष व्यवस्था

**जयपुर।** राजधानी में गणेश चतुर्थी पर गुरूवार को विशेष शोभा यात्रा निकाली जाएगी। मोती डूंगरी से दोपहर 3 बजे शोभायात्री निकलेगी। यह यात्रा मोती डूंगरी रोड़, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, ब्रह्मपुरी होते हुए गढ गणेश मन्दिर पहुंचकर विसर्जित होगी। शोभायात्रा के दौरान ट्रैफिक लोड को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्ड किया जाएगा। शोभा यात्रा के मार्ग पर चलने वाले सामान्य ट्रैफिक को डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों पर संचालित किया जाएगा। दिल्ली से आने वाली रोडवेज की बसें चन्दवाजी से एक्सप्रेस हाईवे 14 नम्बर वी के आई से चौमू तिराहा, पानीपेच, चिंकारा, कलक्ट्री सर्किल, खासा कोठी, होकर सिन्धी कैम्प आ सकेगी। इसी प्रकार सिन्धी कैम्प बस स्टेण्ड से दिल्ली की तरफ जाने वाली रोडवेज की बसे गवर्मेन्ट हॉस्टल, गवर्मेन्ट प्रेस, चौमू हाउस, 22 गोदाम, सहकार मार्ग, लक्ष्मी मन्दिर, गोपालपुरा चौराहा, ओ.टी.एस. चौराहा, झालाना रोड केन्द्रीय विद्यालय के पास से जवाहर नगर बाईपास, रोटरी सर्किल से टी. पी. नगर होकर दिल्ली की तरफ जा सकेगी। आगरा से आने वाली रोडवेज की बसें आगरा रोड से रोटरी सर्किल, जवाहर नगर बाईपास, झालाना रोड केन्द्रीय विद्यालय के पास से ओ.टी. एस चौराहा, गोपालपुरा चौराहा, लक्ष्मी मन्दिर, सहकार मार्ग, बाईस गोदाम, चौमू हाउस सर्किल, गवर्मेन्ट प्रेस, गवर्मेन्ट हॉस्टल होकर सिन्धीकेम्प आ सकेगी। इसी प्रकार सिन्धी कैम्प बस स्टेण्ड से आगरा की तरफ जाने वाली रोडवेज की बसे गवर्मेन्ट हॉस्टल, गवर्मेन्ट प्रेस, चौमू हाउस, 22 - गोदाम, सहकार मार्ग, लक्ष्मी मन्दिर, गोपालपुरा चौराहा, ओ.टी.एस. चौराहा, झालाना रोड केन्द्रीय विद्यालय के पास से जवाहर नगर बाईपास, रोटरी सर्किल होकर आगरा की तरफ जा सकेगी। शोभायात्रा पूर्ण होने तक शोभायात्रा के मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किग नहीं कर सकेंगे।

### आवासन मंडल पर लगाया हर्जाना

**जयपुर, (का.सं.)।** महानगर की स्थाई लोक अदालत ने करीब पांच दशक पुराने पंजीकृत आवेदक को आवास आवंटन नहीं करने पर आवासन मंडल पर 72 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं अदालत ने आवेदक की पत्नी को जून 2012 की तय दर से आवास आवंटित करने को कहा है। अदालत ने आवासन मंडल आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वे प्रसंज्ञान लेकर प्रकरण को तीन माह में तय कराए। वहीं अदालत ने मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर अदालत को जानकारी देने को कहा है। अदालत ने यह आदेश रामेश्वरी देवी के प्रार्थना पत्र पर दिए। अदालत ने कहा कि यह बड़ी शर्मनाक स्थिति है कि 1973 में आवेदन जमा करने के बाद भी आवासन मंडल ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि आवेदक तीन लाख रुपए से अधिक जमा करवा चुका था। आवासन मंडल ने परिवादी पक्ष को किसी भी स्कीम में लाभ नहीं दिया और इस दौरान परिवादिया के पति गौरीशंकर की 27 जुलाई 2020 को मृत्यु हो गई। दरअसल परिवादिया के पति गौरीशंकर शर्मा ने वर्ष 1973 में आवासन मंडल की विभिन्न आय वर्ग की योजना में आवास आवंटित करने के लिए 500 रुपए जमा करवा कर पंजीकरण कराया था, लेकिन उसे आवास आवंटित नहीं किया।

### अस्पताल में बुजुर्ग महिला से गहने लूटे

**जयपुर।** बजाज नगर इलाके में स्थित जयपुरिया अस्पताल में दो युवकों ने एक 60 वर्षीय महिला को बेसुध कर उसके जेवरात लूट लिए। जब अस्पताल परिसर में महिला को होश आया तो वह ओपीड़ी के पास सीड़ियों पर बैठे हुई थी। बुजुर्ग महिला का मंगलसूत्र, सोने के टॉप गायब मिले। महिला जब सांगानेर स्थित अपने घर पहुंची तो बेटा मां को लेकर बजाज नगर थाने पहुंचा। बजाज नगर थाना पुलिस ने 60 वर्षीय गीता देवी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि वह अपने परिवार के किसी सदस्य के इलाज के लिए जयपुरिया अस्पताल गई थी। वापस लौटते समय उसे ओपीडी के पास एक बच्चा मिला। जिसने उससे टोंक रोड जाने का रास्ता पूछा। महिला ने रास्ता बताया तो वह उससे बात करने लगा। बोला की वह यहां जिस के पास काम करता था वह उससे मारपीट करता हैं। इस लिए वह उसके पैसों की एक गड्डी चोरी कर अपने घर जा रहा हैं। इसी दौरान एक अन्य युवक भी वहां आ गया। उस बच्चे से बात करने लगा। इसके बाद महिला को होश नहीं है कि क्या हुआ। जिस जगह पर वह बच्चा महिला को मिला था। उससे 10 मीटर दूरी पर महिला सीड़ियों के पास बेसुध मिली थी। वहीं, बजाज नगर थाना पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई हैं।

### दसलक्षण महापर्व शुरु

**जयपुर।** दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों का दशलक्षण महापर्व बुधवार से शुरू हुआ। पहले दिन वीतराग धर्म का पहला लक्षण उत्तम क्षमा भक्ति भाव से मनाया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दिगम्बर जैन मंदिरों में प्रात: श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा के बाद दशलक्षण धर्म की विधान मंडल पर अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। चातुर्मास स्थलों पर संतो ने उत्तम क्षमा पर प्रवचन दिया। जिसमें बताया गया कि पीडै दुष्ट अनेक, बांध मार बहुविधि करे। धरिये छिमा विवेक, कोप न कीजै पीतमा।। उत्तम छिमा गहो रे भाई। इह भव जस पर भव सुखदाई।। क्षमा ठाहण करने से इस भव के साथ अगले जन्म में भी सुख मिलता है। गाली सुनकर भी जिसके ह्दय में खेद उत्पन्न न हो वह उत्तम क्षमावान है। क्रोध का अभाव क्षमा है। इसलिए कहा गया है कि क्षमा वीरस्य भूषणम् अर्थात क्षमा वीरों का आभूषण है। अत: मनुष्य को जीवन में कभी भी क्रोध नहीं करना चाहिए।

### बदमाशों से बालिका सुरक्षित बचाया

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना पुलिस और मानव तस्करी विरोधी यूनिट जयपुर पूर्व ने स्नेह आगंन संस्था गांधी नगर के सहयोग से अपराधियो के चंगुल से बालिका को सुरक्षित रैस्क्यू किया है। साथ ही दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व डॉ. राजीव पचार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि खोह नागोरियान थाना इलाके में एक महिला द्वारा खानिया बंध्या आगरा रोड में एक लड़की को बंधक बना कर गलत काम करवाया जा रहा हैं। इस पर मानव तस्करी विरोधी यूनिट जयपुर पूर्व को कारवाई के लिए निर्देशित किया गया। जिस पर मानव तस्करी विरोधी यूनिट जयपुर पूर्व व स्नेह आंगन संस्था गांधी नगर जयपुर के सहयोग से खानिया बंध्या से लडकी को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। जहां पीड़ता ने आपबीती बताई कि उसके साथ कुछ लोगों के द्वारा उसकी मर्जी के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म किया है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित महेन्द्र कुमार निवासी नगर जिला भरतपुर हाल आगरा रोड थाना खोह नागोरियान व बलात्कार में सहयोग करने वाली महिला सुनीता निवासी टोडाभीम जिला करौली हाल खानिया बंध्या आगरा रोड गिरफ्तार किया गया।

# फौजी का दिल पुलिसकर्मी के धड़केगा

## जयपुर के इटर्नल हॉस्पिटल में एक पुलिस कर्मी को हार्ट लगाया गया

**जयपुर।** जयपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ब्रेन डेड होने के बाद सीकर के रिटायर्ड फौजी ने अपने अंगदान कर 4 लोगों को नया जीवन दिया है। उसका हार्ट, दोनों किडनी और लीवर को चार अलग-अलग लोगों के प्रत्यारोपित किए गए हैं। फौजी का हार्ट जयपुर के इटर्नल हॉस्पिटल में एक पुलिस कर्मी को लगाया गया है।

स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के सदस्यों और मणिपाल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स की समझाइश के बाद रिछपाल के परिजनों ने उनके ऑर्गन डोनेट करने का निर्णय किया। 57 साल का रिछपाल सीकर जिले का रहने वाले हैं। 17 साल तक 24 राजपूत रेजिमेंट में नायक पद पर अपनी सेवाएं देश के लिए दे चुका है। 29 अगस्त

> ■ **फौजी के ब्रेन डेड होने पर परिजनों ने उसके अंगदान किए**
>
> ■ **दोनों किडनी व लीवर अलग-अलग अस्पतालों में मरीजों के प्रत्यारोपित किये।**

को रिछपाल सीकर में बाजार से घर का सामान लेकर वापस घर लौट रहा था। इस दौरान उसका कार से एक्सीडेंट हो गया। दुर्घटना के बाद वह गंभीर घायल हो गया। उसे जयपुर के सीकर रोड स्थित मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों में मंगलवार देर शाम उसे ब्रेनडेड घोषित कर दिया। रिछपाल के ब्रेनडेड होने के बाद उसका हार्ट सुबह करीब 10 बजे ग्रीन कॉरिडोर बनाकर इटर्नल हॉस्पिटल में मात्र 20 मिनट में पहुंचा दिया गया। जहां जहां सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ. अजीत बाना के नेतृत्व में कांस्टेबल दिनेश कौर मीणा को लगाया गया। जबकि लीवर सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भिजवाया गया। एक किडनी एसएमएस हॉस्पिटल में, जबकि दूसरी किडनी मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती मरीज को लगाई गई। इंटर्नल हॉस्पीटल में प्रदेश का 11वां हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। हार्ट ट्रांसप्लांट डॉक्टर अजीत बाना और उनकी टीम ने किया।

# स्कूटी से बेटे को लेकर घर जा रही महिला की बदमाशों ने चेन तोड़ी

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी के मुरलीपुरा इलाके में स्कूटी से बेटे के साथ घर जा रही महिला के गले से एक बदमाश गले पर झपटा मार कर चेन तोड़ ले गए। इसके बाद वह पास में बाइक स्टार्ट किए अपने साथी के साथ फरार हो गया। मौके पर एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। महिला अभी तक सदमें में है। इस संबंध में तीन दिन बाद थाने में मामला दर्ज करवाया गया हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई हैं।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में युवती ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। उसने पुलिस बताया कि 30 वर्षीय पायल शर्मा मुरलीपुरा के आर्यनगर से 27 अगस्त को पास ही मुरली पुरा स्कीम में सीनियर सैकंडरी स्कूल के पास अपने पीहर गई थी। उसकी स्कूटी पर आगे तीन साल का बेटा भी खड़ा था। पीहर के घर की गली में ही पीछे से एक बाइक आई, जिस पर सवार दो लड़कों ने स्कूटी के आगे बाइक लगाकर रोका। एक बदमाश उतरा और पास आकर युवती के गले से सोने की चेन

> ■ **महिला ने करीब एक किलोमीटर तक बदमाशों का पीछा किया**

लूट ली। गले से चेन लूटने के बाद बाइक सवार बदमाश गलियों में बाइक दौड़ाते हुए ओझल हो गए। यह देख महिला ने बदमाशों का एक किलोमीटर तक पीछा भी किया, लेकिन बच्चे की वजह से वह ज्यादा देर तक उनका पीछा नहीं कर पाई। जिस समय यह वारदात हुई उस समय गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। जिसे लोगों ने लुटरों की तलाश के लिए खूब वायरल किया। पुलिस को उसी दिन सूचना देने के बाद तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज हुई। पायल शर्मा ने बताया कि करीब 70 हजार रुपए की चेन थी। जब से घटना हुई है, वह सो भी नहीं पा रही हैं। घर के बाहर भी नहीं निकल रही हैं। बेटा पार्थ भी किसी को पीली टीशर्ट देखकर बोल रहा है कि वह रहे चोर अंकल। पति सुजीत शर्मा का नेपाल बॉर्डर पर कपड़ों का कारोबार है। उन्हें भी जानकारी दे दी है।

# मोबाइल लूट और चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना पुलिस में मोबाइल लूटने और चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल और चोरी किए हुए बिजली के उपकरण बरामद किए हैं।

डीसीपी पूर्व डॉ. राजीव पचार ने बताया कि जयपुर शहर पूर्व में बढ़ रही लूट और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए एडिशनल डीसीपी अवनीश कुमार, थानाधिकारी रायसल सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी राजकिरण वर्मा श्री रामनगर कॉलोनी रैगरों का मोहल्ला नगर निगम के पीछे सांगानेर और कपिल उर्फ सोनू मासलपुर करौली हाल रामपुरा रोड सांगानेर मुहाना का रहने वाला हैं। पुलिस ने पकडे गए आरोपियों के मोइल और बिजली के उपकरण बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी लूट और चोरी के कई मामले दर्ज चल रहे हैं। आरोपी नशा करने के आदि है।

# दो मेट के खिलाफ कार्रवाई

**जयपुर।** मनरेगा आयुक्त शिवांगी स्वर्णकार ने ग्राम पंचायत उगरियावास के जल संरक्षण कार्य पर नियोजित मेट को अनुपस्थित मिलने और एक अन्य मेट को श्रमिकों की हाजरी अंकन में अनियमितता मिलने पर हटाने एवं ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। स्वर्णकार ने बुधवार को पंचायत समिति सांगानेर (ग्राम पंचायत महापुरा) एवं मौजमाबाद (ग्राम पंचायत महला व उगरियावास) में नरेगा योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उगरियावास में कार्य स्थल पर अनुपस्थिति के आधार पर मेट आनन्दीलाल को और श्रमिकों की हाजरी अंकन में अनियमितता मिलने पर मेट घासीलाल को हटाया गया।

# पति ने पत्नी को चाकू मारा

**जयपुर, (कासं)।** राजधानी के करधनी इलाके में नौकरी से आते ही पति को काम बताना एक पत्नी को भारी पड़ गया। पति ने आव देखा न ताव पत्नी के पेट में चाकू घोंप दिया। जिससे महिला गंभीर घायल हो गई। बाद में पति ने लहूलुहान पत्नी को हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हॉस्पिटल कर्मियों की सूचना पर करधनी थाना पुलिस वहां पहुंची तो आरोपी पति भाग गया।

पुलिस ने बताया कि चाकू के हमले में गोपी नगर निवासी प्रियंका उपाध्याय घायल हो गई। मंगलवार को पर्चा बयान के आधार पर उसके पति जितेन्द्र शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता कॉल सेंटर में नौकरी करती है। उसका पति

> ■ **बेटे का ट्यूशन से लाने के लिए कहा तो पति नाराज हो गया**

ओला बाइक चलाता है। वह कॉल सेंटर से घर पहुंची तो पति को बच्चों को ट्यूशन से लाने के लिए बोला। पति ने नहीं सुनी। इसके बाद उसके पर्स से मोबाइल निकालने लगा। जिसे लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान जितेन्द्र ने किचन में रखा सब्जी काटने वाले चाकू से महिला के पेट में वार कर दिया। इससे महिला के पेट में गम्भीर चोटें आई। महिला की हालत अधिक खराब होने के कारण उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर अभी उसका ऑपरेशन किया गया हैं। पीड़िता की शादी साल 2008 में जितेन्द्र शर्मा के साथ हुई थी। जितेन्द्र ने शादी के कुछ समय बाद ही काम धंधा छोड़ दिया। इस कारण प्रियंका को काम करना शुरू करना पड़ा। प्रियंका ने पुलिस को बताया कि उसके दो बच्चे हैं। वह वैशाली नगर में किसी कॉल सेंटर में काम करती है। पति उसके काम करने को लेकर उस पर शक किया करता था। जिससे प्रियंका भी काफी परेशान हो चुकी थी जिसके चलते पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़े होते रहते थे। घटना के बाद से जितेन्द्र शर्मा फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही हैं।



## World Letter Writing Day

For hundreds of years communication took place through just a couple of ways, you either sat down and had a conversation with someone or you wrote your thoughts and feelings down on a letter and had it delivered to them by courier. The nature of letters made them incredibly intimate as each carried the indelible mark of its creator. Digital media just doesn't quite carry the same personal level as this old method, and World Letter Writing Day is your opportunity to remember the wonders of the hand-written words.



#TECHNOLOGY


## Sharpest Image Ever

Astronomers are able to estimate a star's mass by comparing its observed brightness and temperature with theoretical predictions.



By harnessing the capabilities of the 8.1-meter Gemini South telescope in Chile, which is part of the International Gemini Observatory operated by NSF's NOIRLab, astronomers have obtained the sharpest image ever of the star R136a1, the most massive known star in the Universe. Their research led by NOIRLab astronomer Venu M Kalari, challenges our understanding of the most massive stars and suggests that they may not be as massive as previously thought.

Astronomers have yet to fully understand how the most massive stars - those more than 100 times the mass of the Sun - are formed. One particularly challenging piece of this puzzle is obtaining observations of these giants which typically dwell in the densely populated hearts of dust-shrouded star clusters. Giant stars also live fast and die young, burning through their fuel reserves in only a few million years. In comparison our Sun is less than halfway through its 10 billion year lifespan. The combination of densely packed stars, relatively having short lifetimes and vast astronomical distances makes distinguishing individual massive stars in clusters a daunting technical challenge.



By pushing the capabilities of the Zorro instrument on the Gemini South telescope of the International Gemini Observatory, operated by NSF's NOIRLab, astronomers have obtained the sharpest-ever image of R136a1 - the most massive known star. This colossal star is a member of the R136 star cluster which lies about 160,000 light-years from Earth in the center of the Tarantula Nebula in the Large Magellanic Cloud, a dwarf companion galaxy of the Milky Way.

Previous observations suggested that R136a1 had a mass somewhere between 250 to 320 times the mass of the Sun. The new Zorro observations however indicates that this giant star may be only 170 to 230 times the mass of the Sun. Even with this lower estimate, R136a1 still qualifies as the most massive known star.

Astronomers are able to estimate a star's mass by comparing its observed brightness and temperature with theoretical predictions. The sharper Zorro image allowed NSF's NOIRLab astronomer Venu M Kalari and his colleagues to more accurately separated the brightness of R136a1 from its nearby stellar companions which led to a lower estimate of its brightness and therefore its mass.

"Our results show us that the most massive star we currently know is not as massive as we had previously thought," explained Kalari, the lead author of the paper announcing this result. "This suggests that the upper limit on stellar masses may also be smaller than previously thought."

This result also has implications for the origin of elements heavier than helium in the Universe. These elements are created during the cataclysmicly explosive death of stars more than 150 times the mass of the Sun in events that astronomers refer to as pair-instability supernovae. If R136a1 is less massive than previously thought, the same could be true of other massive stars and consequently pair instability supernovae may be rarer than expected.

The star cluster hosting R136a1 has previously been observed by astronomers using the NASA/ESA Hubble Space Telescope and a variety of ground-based telescopes but none of these telescopes could obtain images sharp enough to pick out all the individual stellar members of the nearby cluster.

Gemini South's Zorro instrument was able to surpass the resolution of previous observations by using a technique known as speckle imaging, which enables ground-based telescopes to overcome much of the blurring effect of Earth's atmosphere. By taking many thousands of short-exposure images of a bright object and carefully processing the data, it is possible to cancel out almost all this blurring. This approach as well as the use of adaptive optics can dramatically increase the resolution of ground-based telescopes as shown by the team's sharp new Zorro observations of R136a1.

"This result shows that given the right conditions an 8.1-meter telescope pushed to its limits can rival not only the Hubble Space Telescope when it comes to angular resolution but also the James Webb Space Telescope," commented Ricardo Salinas, a co-author of this paper and the instrument scientist for Zorro. "This observation pushes the boundary of what is considered possible using speckle imaging."

Zorro and its twin instrument Alopeke are identical imagers mounted on the Gemini South and Gemini North telescopes respectively. Their names are the Hawaiian and Spanish words for 'fox' and represent the telescopes' respective locations on Maunakea in Hawaii and on Cerro Pachón in Chile.





Tiger close to the road and human habitation becomes the chief cause of conflict.

And now at this crucial juncture tiger - king of the jungle, suddenly jumped in on the scene. A shepherd boy was mauled by a tiger in the vicinity of Madhogarh village located on the Sariska-Alwar highway, not far from the Field Director's Headquarters at Sariska. The boy had received severe injuries. It was a second case in recent times as few months back a seer was mauled and killed by a tiger on the same road, merely few kilometers from the spot where this boy was mauled. This second case had further fumed the villagers of Madhogarh and neighbouring burgs.



Villagers & their cattle are prone to the attack by carnivores inside the Reserve.




Sunayan Sharma
*IFS (Retd.), Ex field director project tiger Sariska & keoladeo national park, Bharatpur*


# Tiger Attack

## A Blessing In Disguise For The Government (...2)

#FUTJI-TALES

Strangely Fateh Singh Rathore, the then Field Director of Sariska's personal invitation to visit the reserve during severe hot weather conditions was gladly accepted by Shri Venkatraman, the then hon'ble President of India. This information brought huge embarrassment to the government of Rajasthan which had been bi-passed by Mahamahim as well as Fateh Singh, an officer of this very government.

The Home Minister and the higher bureaucracy wished to fix Mr Singh (Futji), their old enemy, in this case while the CM wanted this crisis to pass away without inviting much discomfort to himself politically. There was one more crucial issue that was worrying the CM. Infact in last few years several marble (dolomite) mines had been sanctioned in the peripheral forest areas of the Sariska Tiger Reserve.

### A piece of high importance

The mining and revenue departments of the state worked hand in glove in allotment of these mines. These mines were owned by several big shots including powerful politicians. Futji, after his joining the Sariska, picked up this issue but very shortly found out that it was almost an impossible task and not to be tackled at administrative level. The fighter Futji used Rajendra Singh (who later on became recipient of the prestigious Magsaysay award), the then CEO of Tarun Bharat Sangh – an NGO, based at Bhikampura (Thanagazi-Alwar). This NGO was working for water solutions for villagers inhabiting peripheral areas of Sariska Reserve.

With Futji's assistance this organization filed a Public Interest Litigation in the country's apex court, putting the mining lobby and their God Fathers in serious problem; after all these marble mines were yielding huge money to them. The CM was worried lest Rathore takes the Hon'ble President to these illegal mines would further complicate the issue and put the government in dock.

Placing all these pieces together, one may easily understand how puzzling this chess game had become revolving around Rathore; who seemingly, a small piece in the complex governmental system had suddenly gained high importance alike a pawn reaching the position of queen most powerful piece in the game of chess.

The CM, his entire machinery and the mining lobby, wanted to get this trip cancelled but so far had failed in their attempts.

And now at this crucial juncture tiger - king of the jungle, suddenly jumped in on the scene. A shepherd boy was mauled by a tiger in the vicinity of Madhogarh village located on the Sariska-Alwar highway not far from the Field Director's Headquarters at Sariska. The boy had received severe injuries. It was the second case in recent times as few months back a seer was mauled and killed by a tiger on the same road and merely few kilometers from the spot where this boy was mauled. This second case had further fumed the villagers of Madhogarh and neighbouring burgs. They were demanding not only huge compensation for the mauled boy but also death warrant for the tiger, suspected responsible for both the attacks. The opposition leaders had started a series of protests on the highway.

These agitations in the face of the proposed visit of the President, were another thorn in the flesh for the already puzzled government. The boy was being given medical treatment and assurances were given to provide adequate compensation to his kins but the politically charged agitation could not be subsided for the want of fulfillment of their demand for shooting the tiger and nobody could dare issue such orders for the fear of anticipated severe criticism by the wildlife conservationists at international level.

### The matchless support

In such a hot situation the then Chief Secretary visited Sariska to have a last minute feedback about the arrangements made by the district administration and especially the CWLW to ensure the dignitary's visit a success. It was a highly complex situation as none from the Governmental machinery except the CWLW was in talking terms with Rathore, who was to play key role for this visit. The CS was given detailed briefing by all the concerned in the absence of the Field Director Rathore. The Collector and Superintendent of Police wanted shooting orders for tiger to subside the villager's agitation but this demand could not be met by the CS. On the contrary he gave clear instructions that none should dare shoot the tiger without obtaining written permission from the CWLW, who is empowered for such orders under the Wildlife Protection Act 1972. And the CWLW could not take any chance without recommendation from the Field Director who vehemently opposed shooting of the tiger, drawing swords with the government.

In this indecisive situation the CS left to Alwar and his car was attacked with lathis by some agitated villagers. Fortunately, the witty driver could safely pull through the crowd.

Every body was upset by this new development but the sharp-witted CM hailed it as a blessing in disguise. Citing the complexity arisen from this public agitation he remained successful in convincing the Mahamahim to postpone his trip to some other favourable time, bringing peace to the power corridors after a fortnight's tension, unrest and nervousness.

Now it was the turn of Rathore's enemies. Though he was not alone and continued to enjoy support from some powerful people at the National and International level; yet he lacked the matchless support of Shri Rajeev Gandhi. And therefore before he could reinforce his fort he was to be knocked down.

This removal from Sariska Tiger Reserve was the 1st step in this direction to deprive him from enjoying any support from the Prime Minister of India, as a Chairman of the Steering Committee of the Project Tiger in India.



Sariska is blessed with huge Sambar population.

### The priority mission

Thus Futji's narration and the ground truth before me brought the answer as to why the government was in such a haste to discharge him from this position, using me.

I insisted with him to show me around the Park and brief me about the important tasks he thinks of priority in the interest of Sariska. He was not in a mood to enter the Park. I could appreciate his emotions. He did not even agree to a formal farewell in his honour arranged by the staff there. But spared enough time to share with me the mining case pending in the apex court.

He motivated me to accord highest priority to close down these illicit mines. And I took it as a mission. Being the Field Director of Sariska, I was not merely the respondent no:1 in this case but also was made officer incharge (OIC) of the case by the state government.

I as the OIC, filed an affidavit stating that these mines were sanctioned on the notified forest lands falling under the Tiger Reserve. The furious government appointed additional OIC, now from the mining department, who refuted the forest status of these mines by filing a fresh affidavit, contradicting the earlier version of the government filed through me. The Forest Secretary asked me to file another affidavit to request the apex court to allow the mining in the interest of the government but how could I do so against my conscious? I was under tremendous pressure from the government as well as the powerful mining lobby, threatening me with dire consequences. Fortunately, the CWLW was supporting me.

> Alike Fateh Singh Rathore, this time I was on the radar of the powerful lobbies and was bound to face music at their hands. But God helped me as the truth and sanity prevailed. Government of India wanted to reward me in recognition of my services in closing down the mines. I however requested them not to do so lest the state government get further offended.

At one point of time the petitioner seemed to be losing the case but my affidavit changed the complexion of the case, hyping ire of the powerful lobby and the government. The government advocate too threatened me to initiate a case of criminal breach, of trust against me. He alleged that I had been helping the petitioner by briefing him all through the proceedings and especially on my affidavit at the crucial stage of the case. He claimed that otherwise the mine owners and the government would have won the case.

On 8 April 1993, the apex court closed down all these marble mines, bringing joy to the entire nature conservation community across the country. I as the OIC, had lost the case but as incharge of the Tiger Reserve had won the case in the interest of wildlife conservation and particularly tiger. Alike Fateh Singh Rathore, this time I was on the radar of the powerful lobbies and was bound to face music at their hands. But God helped me as the truth and sanity prevailed. Government of India wanted to reward me in recognition of my services in closing down the mines. I however requested them not to do so lest the state government get further offended.

I was happy and contented in contributing my bit to this noble cause.


***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com



Heavy traffic on SH-13 at Madhogarh, a constant source of irritation to tiger.

> On 8 April 1993, the apex court closed down all these marble mines, bringing joy to the entire nature conservation community across the country.



Kankawadi Fort in the heart of Sariska's Core Area.

#ARCHITECTURE

## Alluring Stations Around The World

Take time to enjoy the journey at these awe-inspiring stations.



Liège-Guillemins Railway Station.

Beautiful train stations are arguably a city's most treasured architectural landmark. With non-stop flights going seemingly everywhere, people tend to prefer the sky over the rail. That said, there's something nostalgic and even glamorous about boarding a train that simply cannot be replicated in any other form of transportation especially planes which are getting more modern by the year. After all, trains are often credited with completely transforming the United States in nearly every regard (socially, politically and economically) during the most financially lucrative period, the Gilded Age.

And with the popularity of trains on the rise throughout the latter half of the glittering 19th century, some of the stations are unsurprisingly beautiful works of architectural magic. From the celestial inspired frescoes on the towering ceilings to the glossy red brick floors, these eye-catching beautiful train stations are proof of the economic boom such transportation hubs introduced.

### World Trade Centre Transportation Hub

Architect Santiago Calatrava's highly anticipated World Trade Center Transportation Hub opened in March, in Lower Manhattan. The centrepiece of the project is the 800,000-square-foot glass-and-steel structure known as the Oculus. The hub connects 11 subway lines, the PATH train, the Battery Park City Ferry Terminal and several downtown buildings. The soaring main hall features white marble floors and a 355-foot retractable skylight. The Oculus is also now home to the 365,000-square-foot Westfield World Trade Center mall, which opened in August.

### Kuala Lumpur Railway Station


Designed by a British government architect named Arthur Benison Hubback and opened in 1910, the Kuala Lumpur station in Kuala Lumpur, Malaysia, is a neo-Moorish delight, a fantastical agglomeration of minarets, dome-capped pavilions and articulated archways. Now more of a hub for commuters than tourists, the magnificent white-and-cream Anglo-Asian station is still worth a stop.

### Kanazawa Station

When Kanazawa's circa 1898 station was upgraded in 2005, the initial reactions were mixed. The addition of the ultra modern glass-and-steel dome and giant drum-shaped wood gate struck many as ill-fitting. But visitors continue to flock to the Ishikawa, Japan station's dramatic add-ons and the new structures' allure competes handily with the historic town's other attractions, including a geisha district and former samurai quarters.

### Antwerpen-Centraal Station

The glorious waiting hall of the Antwerp station completed in 1905, is lavishly adorned with more than 20 kinds of marble and stone but what keeps this from feeling ponderous is the counter point of soaring arched windows and skylights that fill the concourse with light. The upper train platform too features a magnificent vaulted iron-and-glass roof.



Thanks to a careful 2009 restoration dilapidated pediments and turrets that were removed in the 1950s have been reconstructed and the integrity of the original terminal has been maintained even as new tunnels have been dug to allow for through traffic and high-speed rail.

### Liège-Guillemins Railway Station

Spanish architect Santiago Calatrava designed the latest incarnation of the Liège, Belgiumis rail station using steel, glass and white concrete. His version completed in 2009, replaces a 1958 International Style building (which itself replaced an 1842 Beaux Arts structure), intentionally lacks a single façade in order to unite two neighbourhoods previously separated by the railroad tracks. Calatrava's interest in the plasticity of concrete is evident here and the immense ribbed vault he created flows organically, suggesting a wave breaking over the thousands of passengers that flow under it daily.

### Milano Centrale

Italy's second-largest station (after Rome's Stazione Termini) opened in Milan in 1931. It was originally modelled after Union Station in Washington, D.C., but when Mussolini came into power he expanded the Beaux Arts design to include elements of Art Nouveau and Art Deco. The stunning results feature 118,000 square feet of marble flooring, an array of muscular stone sculptures and five train sheds covered with vast iron-and glass canopies.

### Hungerburg Station

Architect Zaha Hadid first made her mark on Austria's Innsbruck region with the 2002 Bergisel ski-jump tower. She returned with this design for the Nordpark Cable Railway, a four-station funicular line that replaced a 100-year-old tram and transports passengers up a vertiginous incline for 1.1 miles. Each of Hadid's stations is capped with swooping glass shapes that suggest ice floes and snowdrifts. The view of Hungerburg Station, the final stop in the funicular's ascent was completed in 2007.


**Sirkeci Railway Station**

As Istanbul's gateway to Europe, the magnificent Sirkeci station was appropriately a melding of French Art Nouveau and Ottoman aesthetics. When it opened in 1890, was considered quite modern for its time, boasting 300 gas lanterns and tile stoves imported from Austria. The station which stands at the foot of the Bosporus Strait, features bands of bricks across its façade, clock towers and stained-glass windows. The station served as the terminus for the famed Orient Express, which connected Paris's Gare de l'Est to Turkey in an 80-hour journey, until the line stopped serving Istanbul in 1977.




Kanazawa Station.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# हांसियावास गांव के नायक समाज के लोगों ने बसपा छोड़ थामा कांग्रेस का हाथ

## लोगों ने विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के विकास कार्यों से प्रेरित होकर बदली पार्टी

**सादुलपुर,** (निसं)। विधायक पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया के निवास स्थान पर बुधवार को हांसियावास गाँव के नायक समाज के रामचंद्र नायक, हनुमान नायक, सरजीत नायक, पवन नायक, सावित्री नायक व कमला नायक सहित अन्य लोगों ने बसपा छोड़ कांग्रेस का हाथ थामा। साथ ही कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया में विश्वास जताया।

इस मौके पर हांसियावास गांव के इंद्र सिंह जेवलिया, सतवीर खींचड एवं सुमित्रा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद नायक समाज के लोगों ने कहा कि हम विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के विकास कार्यों से प्रेरित होकर सबको बिना भेदभाव के साथ लेकर चलने वाली कार्य शैली को देखते हुए कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं , और आने वाले चुनावों में समाज के लोगों को जागरूक करेंगे।



विधायक निवास पर नायक समाज के लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाती सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया।

विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि आप सभी हमारे कांग्रेस परिवार के सदस्य हैं। साथ ही बीती रात्रि को राजगढ शहर के वार्ड नंबर 37 रामबास में कमला प्रसाद प्रजापत के निवास पर विधायक पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया का चुनडी और शॉल औढाकर सम्मान किया गया। और कहा कि पूर्व में हम लोगों ने बीजेपी और बसपा को वोट दिए थे, लेकिन अब पद्मश्री कृष्णा पूनिया के विकास कार्यों से प्रभावित हुए हैं, कि आज तक इतने वर्षों में इतने विकास कार्य कोई विधायक नहीं करवा सका।

■ आने वाले चुनावों में समाज को जागरूक करेंगे लोग

इस अवसर पर पूर्व पार्षद सांवरमल प्रजापत, वार्ड 37 से नगर पालिका चुनाव लडे कमला प्रसाद प्रजापत, नगर अध्यक्ष पवन सैनी, मोहन लाल प्रजापत, सुल्तान प्रजापत, बबलू ढेकेदार, ओम प्रजापत, नागर प्रजापत, जीवण मल प्रजापत, भीम प्रजापत, कृष्ण प्रजापत, गोपाल स्वामी, मनीष स्वामी, कमल स्वामी, यासीन खाँ तेली पीटीआई व संजय बुरडक सहित मौहल्ले की महिला पुरूष उपस्थित रहे।

# पुष्कर सरोवर के घाटों पर फिसलने से पांच यात्री घायल

## सिविल डिफेंस की सर्तकता से बची जानें

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर सरोवर के अलग-अलग घाटों पर मंगलवार सुबह फिसलकर गिरने से पांच यात्री घायल हो गये । टीम के किशन गोपाल जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि सरोवर पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात सिविल डिफेंस की सर्तकता से पांच यात्रियों को समय पर प्राथमिक उपचार देकर बचाया। राइसन पुत्र भूरा निवासी बांसवाड़ा 25 वर्षीय युवक वराह घाट पर स्नान करते हुए पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। जिसको मौके पर तैनात सिविल डिफेंस की सुमित्रा चौहान ने बांस की सहायता से निकालकर जान बचाई। बद्री घाट पर नहाते हुए राजू पुत्र पेमाराम निवासी रामसर के पैर फिसलने से सिर में गहरी चोट आने पर घाट पर सुनील उपाध्याय एवं अमरचंद सांखला ने पट्टी बांधकर श्यामसुंदर मारोठिया की सहायता से हॉस्पिटल लेकर गए जहां सिर में चार टांके आये।

गऊ घाट पर प्रकाश भील पुत्र रामदयाल के फिसलने से हाथ के अंगूठे में चोट आने पर पट्टी बांधकर हॉस्पिटल भेज दिया गया। भरतपुर घाट पर भगवान दास पाली निवासी के सिर में लगने पर तीन टांके आये व गऊ घाट पर आठ वर्षीय नेमीचंद पुत्र सोनाराम निवासी मध्य प्रदेश के उड़िया के सिर में चोट लगने पर सिविल डिफेंस के राकेश कहार व भानुप्रकाश ने पट्टी बांधकर प्राथमिक उपचार दिया। पुष्कर सरोवर में फिसलन से रोज यात्री घायल हो रहे है। ज्ञात हो कि कल भी अनेक यात्री पिसलन से गिर चुके है जिनको सिविल डिफेंस टीम ने संभाला।

## भादो के माह में झमाझम बारिश

**बयाना,** (निसं)। बयाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर को अचानक हुई झमाझम बारिश से सभी लोग अचंभित रह गए। दोपहर बाद शुरू हुई है बारिश शुरुआत में रिमझिम और थोड़ी देर में ही झमाझम बारिश हो गई जो बाद में भी रिमझिम बारिश के रूप में रुक-रुक कर होती रही इस बारिश से किसानों व पशुपालकों में विशेष खुशी का आलम है। उनका कहना है कि इस बारिश से पशुओं के लिए हरा चारा हो जाएगा। और खेतों में भी खड़ी फसलों के लिए यह बारिश जीवनदाई साबित होगी।

## एसीबी कोर्ट ने सजा सुनाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा एसीबी कोर्ट ने पीडब्लूडी के पूर्व कैशियर को चार साल के साधारण कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। बता दें कि एसीबी ने 12 साल पहले इसके कार्यालय से 1 लाख 35 हजार 500 रुपये की अवैध राशि जब्त की थी।

एसीबी कोर्ट के अपरलोक अभियोजक कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 15 सितंबर 2010 को पीडब्लूडी अधीक्षण अभियंता ऑफिस के कैशियर रमेश शर्मा के कार्यालय कक्ष की आकस्मिक चैकिंग की थी। इस दौरान कार्यालय कक्ष में उत्तर-पश्चिम दिशा के कौने में दीवार में बनी रैक में रखे पीले बस्ते में 500-500 के नोट मिले, ये नोट 1 लाख 35 हजार 500 रुपये थे। राशि को अवैध मानकर एसीबी ने जब्त कर लिया था। इस मामले में कैशियर रमेश शर्मा को दोषी मानते हुये उसके खिलाफ केस दर्ज कर चार्जशीट न्यायालय में पेश की थी। कोर्ट ने सुनवाई पूरी करने के बाद आज आरोपित पूर्व कैशियर रमेश शर्मा को चार साल के साधारण कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है।

# विद्यार्थियों ने बनाया स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम

**बीकानेर,** (कासं.)। घरों में लगे सोलर पैनल से बनने वाली बिजली की मॉनिटरिंग अब आसानी से की जा सकेगी। साथ ही इसका विक्रय भी आसानी से होगा। दरअसल, इसको लेकर बीकानेर के इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने एक खास सिस्टम तैयार किया है। यह सिस्टम वोल्टेज करंट तथा एनर्जी मापन के साथ-साथ एक्टिव पॉवर रिएक्टिव तथा पॉवर फैक्टर इत्यादि का मापन करने में भी सक्षम है।

छात्रों द्वारा बनाए गए स्मार्ट एनर्जी क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम को घरों के बाहर भी लगाया जा सकेगा। साथ ही यह डिवाइस बिजली चोरी रोकने में भी सहायक होगा। खास बात यह है कि इस डिवाइस को मोबाइल नेटवर्क से भी जोड़ा जा सकेगा। इसके सम्पूर्ण डाटा जैसे कि एनर्जी, वोल्टेज करंट को जीएसएम मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से विश्व में कहीं भी भेजा जा सकेगा। इस सिस्टम के आधार पर इलेक्ट्रिकल एनर्जी की निगरानी करते हुए एनर्जी के बेहतर उपयोग के साथ ही अपव्यय को खत्म किया जा सकेगा।

विभागाध्यक्ष हरजीत सिंह ने बताया कि छात्रों द्वारा बनाया गया मॉनिटरिंग सिस्टम इनपुट पावर की क्वालिटी की जांच कर सकता है। यह सौ एम्पियर तक की करंट रेटिंग पर काम कर सकता है। यह ओवर वोल्टेज तथा ओवर करंट प्रोटक्शन की सुविधा उपलब्ध करवाता है। प्रो.राहुल राज चौधरी ने बताया कि इस सिस्टम को घर के बाहर भी लगाया जा सकेगा।

साथ ही आप कहीं पर भी बैठे हों तो मोबाइल के माध्यम से भी निगरानी रख सकते हैं। यह सिस्टम छोटे से करंट ट्रांसफॉर्मर के साथ पोटेंशियल डिवाइडर के माध्यम से करंट तथा वोल्टेज को सटीकता से सेन्स करके आइसी में मौजूद लॉजिक के आधार पर विभिन्न पैरामीटर की गणना करेगा। साथ ही इसके सिम मॉड्यूल के साथ यह मोबाइल नेटवर्क से कनेक्ट हो सकेगा। प्रो. चौधरी ने बताया कि अभी इस सिस्टम के ऊपर और काम करने की जरूरत है, जिसमें खासकर लागत में कमी के संदर्भ में।

विभागाध्यक्ष के अनुसार इस सिस्टम के निर्माण में करीब 30 हजार रुपए की लागत और चार महीने का समय लगा। यह सिस्टम बाजार में उपलब्ध एनर्जी मीटरिंग सिस्टम के मुकाबले एक हजार रुपए से कम में उपलब्ध हो सकेगा।

## लूट का असफल प्रयास

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर की कोठारी रोड पर बैककर्मी दम्पति के साथ तीन बदमाशों ने चाकू की नोक पर लूट करने का प्रयास किया। जानकारी देते हुए यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक रमेश कुमार पुत्र खूबाराम भाटी ने बताया कि एसबीआई बैंक में कार्यरत अपनी पत्नी दीपा भाटी के साथ वह कोठारी रोड से दो नंबर फाटक की तरफ अपने घर जा रहे थे। तभी पीछे से एक बाइक सवार होकर आए तीन युवकों ने उनकी बाइक के टक्कर मार कर उन्हें गिरा दिया तथा वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही चाकू दिखा कर लूटपाट करने की कोशिश करने लगे तथा धमकियां दी। रमेश के साथ मारपीट करने पर पत्नी दीपा द्वारा बीच बचाव करने से उसे धक्का देकर गिरा दिया गया। दहशत फैलाने के उद्देश्य से बदमाशों ने दुकानदार को भी चाकू दिखा कर डराया।

इतने में जब लोग एकत्रित होने लगे तो तीनों बाइक सवार युवक बैंककर्मी दम्पति को धमकी देकर वहां से भाग गए। लूट के प्रयास की सूचना मिलने पर कोतवाली थाने से हैड कांस्टेबल सतवीर सिंह ने मौके पर पंहूच कर घटना के बारे में जानकारी ली तथा पति-पत्नि का मेडीकल करवाने अपने साथ ले गई। वारदात को लेकर पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

# हर परिवार को सरकार देगी स्मार्ट मोबाइल और तीन साल फ्री इंटरनेट : मुख्यमंत्री गहलोत

## लगेतखेड़ा में ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता समापन के दौरान मुख्यमंत्री ने किया ऐलान

**भीम,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के लगेतखेड़ा ग्राम पंचायत के अंतर्गत हथुन गांव में राजीव गांधी ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय समापन समारोह के दौरान गहलोत प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ ग्रामीणों से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि जल्द ही प्रदेश के एक करोड 35 लाख परिवारों को एक-एक स्मार्ट मोबाइल दिया जाएगा और 3 साल तक इंटरनेट भी फ्री रहेगा।

मुख्यमंत्री ठीक 3:45 बजे हेलीकॉप्टर से हथुन गांव में बनाए गए हेलीपैड पर उतरे उनके साथ चिकित्सा राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग मौजूद थे। हेलीपैड पहुंचने पर सहकारिता मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री उदयलाल आंजना, मगरा विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ लक्ष्मण सिंह रावत और भीम विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने उनकी अगवानी करते हुए साफा, इकलाई के साथ सूत की माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से उतरते ही हेलीपैड पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ओर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।



ग्रामीण ओलम्पिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान गहलोत ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए।

भीम विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा क्षेत्र की प्रमुख पेयजल संकट की समस्या का निदान करते हुए चम्बल पेयजल योजना के लिए 12 सौ करोड़ रुपये से अधिक राशि के स्वीकृति के साथ ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के अलावा क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रभारी मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आमजन में भाईचारा व प्रेम का वातावरण कायम हो उसके लिए ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता की शुरुआत की है जो एक अनोखी पहल है

सीएम गहलोत ब उद्बोधन के लिए खड़े हुए तो पांडाल में कांग्रेस जिंदाबाद जिंदाबाद के जयकारे गूंज उठे। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी से प्रेरणा लेकर राजस्थान में खेल को बढ़ ावा देने के लिए ग्रामीणों की शुरुआत की है। इसके तहत पूरे प्रदेश में बड़े, बुजुर्ग, बच्चों और युवाओं सहित महिलाओं ने भाग लिया है जो मैंने ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से देखा है । गहलोत मैदान में खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़, आईजी प्रफुल्ल कुमार, जिला कलेक्टर निलाभ सक्सेना, एएसपी शिवलाल बैरवा, एसडीएम उम्मेदसिंह राजावत, जयपाल सिंह राठौड़, डीएसपी राजेंद्र सिंह, छगन पुरोहित, रेलमगरा प्रधान आदित्यप्रताप सिंह, जिला परिषद सदस्य लेहरुलाल अही सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# पीड़िता ने फर्जी दस्तावेज से सम्पति हड़पने का मामला दर्ज कराया

**बयाना,** (निसं)। बयाना उपखंड के गांव कैर की मूल निवासी एक युवती ने न्यायालय के आदेश पर पुलिस कोतवाली बयाना में वहां की तत्कालीन महिला सरपंच, पटवारी व गिरदावर सहित सात नामजद आरोपीयों के विरूद्ध फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसकी पैतृक सम्पत्ती को हडपने व खुर्दबुर्द कर देने के आरोप लगाते हुए आरोपीयों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है।

पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार पीडिता किरनकुमारी पुत्री बनवारी लाल जाटव निवासी कैर हाल निवासी हाथरस ने बताया है कि गांव कैर में उसके पिता बनवारी लाल की पैतृक सम्पत्ती थी। जिसकी वह व उसकी बहन वारिस व हिस्सेदार थी। उसके पिता की जून 2006 में मृत्यु हो जाने के बाद उसके चाचा ताउ बुआ व अन्य परिजनो ने मां व दोनों बहनों को प्रताडित करना शुरू कर दिया। और एक दिन मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह अपने ननिहाल गांव बोरियापुरा में रहने लगी थी। इसके बावजूद भी यह लोग प्रताडित करते रहे। सम्पत्ती का नामांतकरण तस्दीक कर देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

# दुष्कर्म मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बयाना,** (निसं)। बयाना पुलिस क्षेत्र के थाना गढ़ी बाजना पुलिस ने अपने खेत पर गई एक महिला से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है।

थाना प्रभारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की ओर से करीब 15 दिन पूर्व सीताराम पुत्र काशीराम के विरुद्ध मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि

■ आरोपी से पूछताछ जारी

जब वह अपने खेत पर गई तो आरोपी ने उसे पकड़ कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। और न्यायालय के आदेष पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# पति की अस्थियां लेकर आई महिला सरोवर में कूदी

**पुष्कर,** (निसं)। बुधवार सुबह कंचन देवी पत्नी शंकर लाल निवासी ब्यावर सेंदरा गांव की महिला यात्री वराह घाट पर अपने पति की अस्थियां लेकर आई थी,लेकिन अस्थियाँ विसर्जन के उपरांत भावुक होकर रोने लगी।और देखते ही देखते परिजनों के सामने आत्महत्या के मकसद से पुष्कर सरोवर में कूद गई।वो तो गनीमत रही कि नागरिक सुरक्षा टीम के सदस्य बेनिगोपाल ने बिना देर करते हुए तत्काल पानी मे कूदकर महिला को बाहर निकाल लिया लेकिन महिला बार-बार यही कहती रही कि मेरे को मत निकालो मुझे मर जाने दो।

महिला ने पारिवारिक कलह से अपनी जान देनी चाही लेकिन टीम के भानु प्रकाश ,सुमित्रा चौहान व स्थानीय पुरोहितों की मदद से महिला को जबरन हाथ पकड़कर बाहर निकाला व पुलिस स्टाफ के सुखराम को फोन पर सूचना देकर पुलिस के सपुर्द किया।परिजनों ने कहा कि महिला मानसिक तनाव में होने के कारण ऐसा कदम उठाया है लेकिन सिविल डिफेंस की वजह से आज इसकी जान बची है। परिवारजनों ने सिविल डिफेंस, पुलिस व स्थानीय पुरोहितों का आभार व्यक्त किया।

# विश्वप्रसिद्ध रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेशजी के लक्खी मेले में श्रद्धालु उमड़े

## श्रद्धालुओं ने हाजरी लगा कर परिवार की सुख समृद्धि कामना की

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। रणथम्भौर दुर्ग में स्थित विश्व प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश जी के तीन दिवसीय लक्खी मेले का बुधवार को लाखों श्रदालुओं ने अपनी हाजरी लगाकर परिवार के लिए की सुख समृद्धि की कामना की। पूरा रणथम्भौर दुर्ग गणेश जी के जयकारों से गुंजामयान रहा। मेला 1 सितम्बर तक चलेगा।

गणेश मंदिर के ट्रस्टी संजय दाधीच व महन्त बृजकिशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश चतुर्थी पर बुधवार को प्रात: 4 बजे मंगला आरती की गई, दोपहर 12 बजे श्रृंगार आरती कर मोदक भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए बेरिकेटस लगाये गये हैं। जिससे श्रद्धालुओं गणेश जी के आसानी से दर्शन किये। हर वर्ष भाद्रपद चतुर्थी भरने वाला मेला दो साल से कोरोना महामारी के कारण नहीं भरा था। जिससे इस वर्ष मेले में लाखों की तादाद में भक्त व पैदल यात्रा मेले में पहुंची।

प्रशासन द्वारा ने पूरे रास्ते पुलिस,



रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश जी की प्रतिमा।

सीआरएफ के जवान तैनात किये है। साथ ही स्काउट गाइड के जवान भी मेले में पूर्ण सहयोग देते नजर आए। मार्ग में पड़ने वाले तालाबों को लेकर गोताखोर तैनात रहे। पूरे मार्ग पर पानी व खाने की व्यवस्था को देखते हुए व्यवसाय मण्डल व कार्यकर्ताओं द्वारा हजारों की संख्या में नि:शुल्क भण्डारे लगे हुए थे जिनमें भक्तों ने प्रसादी पाई और सभी सभी कार्यकर्ता मान मनुहार करते हुए नजर आए। जिसमें भक्तगण नाचते गाते नजर आ रहे हैं।

■ रणथम्भौर दुर्ग गुंजा त्रिनेत्र के जयकारो से

श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसको लेकर हर समय चिकित्सा टीम तैनात और आगजनी न हो इसको लेकर अग्निशमन यंत्र की टीम को 24 घंटे तैनात रहे। ट्रेन से आने वाले यात्रियों के लिए मेले में जाने के लिए रेलवे स्टेशन से पर परिवहन विभाग द्वारा अतिरिक्त बस लगवाई गई है जो यात्रियों को रेल्वे स्टेशन से लेकर हेलीपेड पर छोड रही थी।

## बच्ची की मौत मामले में जांच में जुटी पुलिस

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के बनेडा थाना क्षेत्र में एक 12 साल की मासूम मैना की 23 अगस्त की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के चार दिन बाद बच्ची का लिखा बताया जा रहा एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस मामले को सुसाइड मानकर जांच कर रही थी लेकिन मां और ग्रामीणों ने इसे हत्या बताकर मामला दर्ज करवाया है। अब पुलिस हत्या के एंगल से जांच कर रही है। वहीं बच्ची की मौत के बाद गांव वालों में काफी गुस्सा है। घटना के विरोध में दो बार कस्बा बंद भी किया गया है।

जब मीडिया ने बच्ची की मां, पडोसी और पुलिस से बात की तो सबसे बात करने के बाद शक की सुई चाची के चारों तरफ घूमती नजर आई। पडोसियों ने बच्ची की मौत का शक उसकी चाची पर जाहिर किया है। उनका कहना है कि हादसे के समय घर में केवल मैना की चाची थी। उसकी मां लाली देवी खेत पर काम करने गई हुई थी। उसकी चाची ने ही पडोसियों को घर बुलाकर सुसाइड के बारे में बताया लेकिन बच्ची का शव जमीन पर बैठी अवस्था में था। ऐसे में पडोसियों को शक हुआ। वही बनेडा थाना अधिकारी राजेंद्र ताडा का तर्क है कि छात्रसंघ चुनाव के चलते जांच में कुछ देरी जरूर हुई है लेकिन अब सभी तथ्यों पर गहनता से जांच की जा रही है।

# किसी भी घोषणा को अमलीजामा नहीं पहना सकी राज्य सरकार: राठौड़

**हनुमानगढ़,** (निसं.)। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की लूट और झूठ की सरकार ने अपनी एक भी घोषणा को पूरा नहीं किया है। बजट में जितनी भी घोषणाएं हुई, उनमें से एक को भी सरकार अमलीजामा नहीं पहना सकी। जन घोषणा पत्र में की गई कर्जमाफी, बेरोजगारी भत्ता और संविदाकर्मियों को नियमित करने की बात सरकार पूरा नहीं कर पाई है। राठौड़ ने यह बात बुधवार को टाउन में प्रेस वार्ता में कही।

राठौड़ ने कहा कि राजधानी से लेकर हनुमानगढ़ तक अलग-अलग ब्रोकर टीचर ट्रांसफर करवा रहे हैं। ट्रांसफर के मामले में इस तरह का भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की चाहे इंदिरा रसोई बढ़ ाने की बात हो या नंदीशाला खोलने की बात हो, शहरी क्षेत्र में सड़क बनाने की बात हो, नहरी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 9 हजार करोड़ रुपए देने की बात हो, सारी योजनाएं धरती पर नहीं आईं। सरकार चौथा बजट पेश करने जा रही है। नवंबर में गहलोत सरकार चार वर्ष पूर्ण कर लेगी परंतु सरकार की योजनाएं अभी भी अधरझूल में हैं।

उन्होंने प्रदेश सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को पूर्णतया विफल करार देते हुए कहा कि चिरंजीवी योजना के नाम पर सरकार 1 करोड़ 35 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन देने की बात कही है। इसमें 12 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान है। राठौड़ ने कहा कि जब पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने भामाशाह योजना शुरू की थी, उस समय कांग्रेस ने भामाशाह कार्ड पर तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की फोटो लगाए जाने पर बवाल मचाया था। जगह-जगह प्रदर्शन किए गए, लेकिन इन स्मार्टफोन में जो एप्लीकेशन इंस्टॉल किए गए हैं। उनमें 22 जगह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की फोटो है। यह दोहरा मापदंड क्यों।

राठौड़ ने कहा कि सरकार बजट में कहती रही कि एक भी पशु अस्पताल को खाली नहीं छोड़ेंगे, लेकिन उनके खुद के निर्वाचन क्षेत्र की 76 संस्थाएं ऐसी हैं जो बंद पड़ी हैं। लम्पी स्किन डिजीज से ग्रसित गोवंश मर रहा है। हर जगह हाल बेहाल है।

## संक्षिप्त

### अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा नगर पालिका मण्डल अधिशासी अधिकारी को सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद शक्ति सिंह ने एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन शहरों के संग कार्यक्रम में नगर पालिकाओं को निर्देशित किया गया कि भूमिहीन संस्थानों को यथासंभव भूमि आवंटित की जावे। इसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शक्ति सिंह ने फुलेरा नगर पालिका से ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि पिछले कई वर्षों से फुलेरा के गांधी चौक स्थित सार्जवनिक वाचनालय भवन की प्रथम मंजिल पर संचालित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को भूमि आवंटित की जाये। गौरतलब है कि उक्त भवन में वरिष्ठ नागरिकों व असहाय रोगी नहीं पहुंच पाते हैं।

### घर-घर में हुआ गणेश पूजन

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में बुधवार को गणेश चतुर्थी महोत्सव के उपलक्ष में घर-घर में गणेश का पूजन किया गया। इस दौरान गणेश जी की प्रतिमा पर तेल सिन्दूर लगाकर जनेऊ धारण करवाई गई। मोदक व चूरमा खीर का भोग लगाया गया। साथ ही भगवान गणेश जी से वर्तमान में गौवंशों मे फैल रहे लम्पी स्क्रीन डिजीज रोग से जल्द ही गौ माता को स्वस्थ्य व निरोगी करने की कामना की गयी। इसी प्रकार न्यू कॉलोनी स्थित श्री सिद्धी गणेश मन्दिर परिसर में श्री सिद्ध गणेश मन्दिर सेवा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान गणेश जी का विद्वान पण्डितों द्वारा पंचामृत अभिषेक कर पुष्प मालाओं से भव्य श्रंगार कर झांकी सजाई गई।

### प्रधानाध्यापक को विदाई दी

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की बिचून सड़क के निकट स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पुराना फुलेरा के प्रधानाध्यापक मोहन सिंह का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार नारायण लाल यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरदावर बाबूलाल, अशोक पारीक, विनोद कुमार, समाजसेवी धन्ना लाल प्रजापति, पूरणमल शर्मा, अमर सिंह, जावेद सिंह, नन्द किशोर रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ ने प्रधानाध्यापक सिंह को माला व साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर विदाई की।

### बीसीएमओ का सम्मान किया

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामनिवास यादव के बुधवार को सेवानिवृत होने पर राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में यादव समाज अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने माल्यार्पण, साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान प्रवक्ता रामकरण यादव, घीसाराम राव साहब, मास्टर दीनदयाल यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

### रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर रक्तमणि कार्यक्रम 2544 दिनों से लगातार जारी है। अभियान में एसजेएमसी जनसेवा ब्लड बैंक भीवाडी में विक्की यादव पुत्र शिम्भूदयाल यादव निवासी ग्राम बागावास विराटनगर ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

### गणेश महोत्सव में लोग उमड़े

**रींगस, (निसं)।** शहर के मठ मंदिर में बुधवार को प्रथम पूज्य गणेश का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान भगवान लम्बोदर का भव्य श्रंगार किया गया। एकदन्ताय के दर्शनों के लिए सुबह से ही हजारों भक्तों की भीड़ अटी रही। इससे पहले मंगलवार को भव्य जागरण हुआ। गायक संतोष व्यास के भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। बुधवार सुबह चार बजे पीठाधिश्वर अन्तर्राष्ट्रीय श्रीमहंत आनन्दपुरी महाराज जूना अखाडा ने वैदिक मंत्रोच्चार व पंडितों के साथ पंचामृत महाभिषेक किया। दतपुरी महाराज ने गणेश की महाआरती की। महाभिषेक के समय ज्ञान प्रकाश प्रहलादका, रामअवतार किकरतल्ला, रणवीर सिंह झाला स्टैण्डर्ड स्वीट के पवन शर्मा मौजूद थे। आरती में जुगल किशोर मण्डोला,बाबू लाल बावडिका,डॉ प्रहलाद कुमावत,सुनिल कुमावत ,जितेन्द्र सितमका,सुरेश डाकवाला ,मंगल डाकवाला कमल किशोर मिश्रा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# पावटा में बंदूक की नोंक पर बदमाशों ने घर में घुसकर की लूटपाट

- लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने चलाई गोली
- फायरिंग में एक महिला व युवक घायल, जयपुर रैफर
- लोगों ने 7 दिन में खुलासा करने का दिया अल्टीमेटम



घटना के बाद ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने धरना प्रदर्शन किया।

**पावटा, (निसं)।** पावटा क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अपराधी आए दिन चोरी, लूट, फायरिंग जैसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर से बेखौफ बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है।

मामला प्रागपुरा थाना क्षेत्र के पावटा नगर का है। पावटा शहर की नई सब्जी मंडी निवासी संतोष गुप्ता के घर पर बुधवार की सुबह करीब 3 बजे अचानक से अपराधियों ने हमला बोल दिया और लूटपाट करने लगे। 2 बदमाश घर के अंदर घुसकर लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद जैसे ही भागने लगे तो मकान मालिक संतोष गुप्ता उनसे भिड़ गया। वहीं घर के बाहर ध्यान रख रहे बदमाशों के साथी नहीं आने पर अंदर गए व अपने साथियों को फंसा देख संतोष गुप्ता के साथ मारपीट व फायरिंग शुरू कर दी। वहीं बीच बचाव करने आई संतोष की माता सुगना देवी के गोली गले से आरपार हो गई वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बदमाशों ने संतोष के सिर में गमले व लोहे के हथियार से वार कर उसे भी घायल कर दिया और भाग गए।

भागते हुए फायरिंग की आवाज सुन बाहर आये मोहल्ले के लोगों को लडाई होने व घर के अंदर जाने व गोली मारने को कहा। जिसके बाद परिवार के लोगों व जनप्रतिनिधियों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

सूचना मिलने के बाद प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से दोनों घायलों को जयपुर रैफर किया गया। उन्होंने घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। जिस पर जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश, वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली डॉ. संध्या यादव, पनियाला थाना प्रभारी हितेश शर्मा, कोटपुतली थाना प्रभारी सवाई सिंह, मनोहरपुर थाना प्रभारी मनीष शर्मा, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव सहित मय जाप्ता घटना स्थल पर भेजा। वहीं पुलिस टीम, एसएफएल टीम व डॉग स्कवायड टीम द्वारा जांच की गई व महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए।

वहीं इस तरह की गंभीर घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिण्डा, विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, पावटा वाइस चेयरमैन नरपत सिंह, पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, सामाजिक कार्यकर्ता महेश लंबुरा, निरंकारी मिशन जोनल इंचार्ज वैद्य बनवारीलाल निरंकारी, पावटा कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पावटा व्यापार मंडल संस्थापक किशन गोयल, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र गोयल, अग्रवाल महासभा कोषाध्यक्ष गणेश मोदी, राजेंद्र आदाली, लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, संतोष गुप्ता, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, एडवोकेट दीपक गोयल, चंद्रमोहन सैन, पूर्व अग्रवाल महासभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, काशीराम लंबोरा, ओमप्रकाश गौड, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा, रतन जिंदल, धूड सिंह शेखावत, महेश शर्मा पंकज जिंदल सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने घंटाघर चौक पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन व बाजार बंद किया।

वहीं जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश, वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली डॉ. संध्या यादव व अन्य थाना अधिकारियों सहित धरना स्थल पर भेजा। जहां पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने कहा कि पुलिस इस घटना को लेकर कुछ भी बोलने से बच रही है। लूट के दौरान फायरिंग की इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि पूर्व में ऐसी घटनाएं गठित हो चुकी हैं लेकिन आज तक उनका खुलासा नहीं किया गया है। उन्होंने अपराधियों के डर को समाप्त करने की बात कहीं। यदि ऐसा नहीं होता है तो पावटा प्रागपुरा की जनता द्वारा प्रागपुरा थाने का घेराव कर धरना प्रदर्शन करने की बात कहीं। वहीं पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी ने पावटा बाजार कमेटी का गठन कर ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया।

वहीं घटना की जानकारी मिलते ही विधायक इन्द्राज गुर्जर ने एसएमएस अस्पताल पहुंचकर घटना में अपराधियों की गोली से घायल हुई सुगना देवी गुप्ता से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली व डॉक्टरों से उनके उपचार की जानकारी ली, डॉक्टरों ने घायल को खतरे से बाहर बताया। वहीं धरना स्थल पर पहुंचे विधायक इंद्राज गुर्जर ने घटना को निंदनीय बताते हुए इस तरह की कायरना हरकत करने वाले अपराधियों को जल्दी पकडवाने का भरोसा दिलाया।

वहीं घटना की सूचना पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने पावटा पहुंचकर घटना का जायजा लिया व पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी। वहीं उन्होंने कहा कि जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में ऐसा कोई कस्बा, शहर, गांव नहीं बचा जहां ऐसी आपराधिक घटनाए नहीं हो रही है। अपराधी बेखौफ आते हैं, कनपटी पर बंदूक लगाते हैं व हमारी मेहनत की कमाई को छिनकर ले जाते हैं। अपराधी देखते है कि जब बडे अपराधी राजस्थान को लूट रहे हैं तो छोटे अपराधी पीछे क्यो रहे।

वही पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में विराटनगर, जमवारामगढ व दौसा जिले में एक गैंग सक्रिय है जो इस प्रकार की घटना को अंजाम देती है। अंदेशा जताया जा रहा है कि यह घटना भी उसी गैंग के सदस्यों द्वारा की जा सकती है। फिलहाल पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए क्षेत्र के नाकाबंदी करवाई है और पुलिस टीम भी गठित की है। पुलिस आस-पास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## श्री रेलवे रामलीला कमेटी की बैठक

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा रेलवे कॉलोनी स्थित रेलवे इंस्टीट्यूट भवन परिसर में श्री रेलवे रामलीला कमेटी की एक विशेष बैठक का आयोजन रामलीला रंगमंच पर आयोजित होने वाले रामलीला मंचन के लिए मंडल यांत्रिक अभियंता विनोद मीणा की अध्यक्षता किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि फुलेरा नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजौरा थे। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने कोरोना काल के बाद भगवान श्रीराम की लीला का मंचन भव्य तरीके से करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। रामलीला कमेटी के सचिव दिनेश सुरोलिया ने बताया कि रामलीला का शुभारम्भ 22 सितम्बर से किया जायेगा। नगर पालिका मण्डल की ओर से दशहरे पर रावण का पुतला बनाने का खर्चा व साफ-सफाई की व्यवस्था की गई है। वहीं 5 अक्टूबर को विजय दशमी दशहरा महोत्सव पर रावण के विशाल पुतले का दहन किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष डीएमई विनोद मीणा, एडी ई एन श्यामसुन्दर गर्ग, सचिव दिनेश सुरोलिया, सह सचिव शैलेंद्र शर्मा, निर्देशक राजेश शर्मा, सह निर्देशक मुकेश पारीक, पार्षद संजय पारीक नेता प्रतिपक्ष, सीमा राज कुमावत, सरदार सिंह चौधरी, प्रमोद मीणा, मनोनीत पार्षद दिलीप जाजोरिया, निर्मल शर्मा, प्रमोद माथुर, दौलत सिंह, जुगल किशोर, गिरधारी सिंह शेखावत, सीपी कटारा,अंकित माथुर, गजेंद्र सिंह शेखावत, ओ पी भवण, दिलीप सूरोलिया, अनिल बंसल, गोविंद सिंह बडगूर्जर, भागचंद चौधरी, अशोक वासदेव, सन्तोष कुमार स्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## देवधाम के लिए पदयात्रा रवाना

**टोंक, (निस)।** श्री देवनारायण भगवान की 35वीं विशाल पदयात्रा बुधवार सवेरे हीरामन बाबा का मंदिर, कालाबाबा टोंक से बैण्डबाजों की मधुर स्वर लहरियों के साथ देवधाम जोधपुरिया के लिए रवाना हुई। पदयात्रा को पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष वृद्धि चंद गुर्जर सहित समाज के गणमान्य लोगों ने ध्वज पूजन कर रवाना किया।

पदयात्रियों का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर एवं मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व उपसभापति हरिभजन गुर्जर, नेहनूलाल पटेल, कालूराम रग्गल, लक्ष्मी नारायण गुर्जर, शिवराज कुकड, रामअवतार धाभाई, नाथूलाल घर्राटया, रामलाल कोली, केसरलाल कुंहाडा, बजरंगलाल चावडी, रामफूल छावडी, रमेश पडीयार, मदनलाल रग्गल, रामलाल लांगडी, राधाकिशन छचियार, रामफूल डोई, रामलाल गुर्जर, किशनलाल खाटरा, जगदीश कोली, सुरेन्द्र गुर्जर, ग्यारसी लाल हरसाना, केदार गुर्जर, मनमोहन गुर्जर, मुकेश गुर्जर, सहित गुर्जर समाज के काफी लोग शामिल थे।



श्री देवनारायण भगवान की 35वीं विशाल पदयात्रा जोधपुरिया धाम के लिए रवाना हुई।

## गणेश चतुर्थी मनायी

**रींगस, (निसं)।** भगवान गणेश के जन्मोत्सव को लेकर स्कूल व कॉलेजों में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने हाथों में मेंहदी रचाकर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। वेदान्ता कॉलेज में आयोजित हुए कार्यक्रम में व्यापार मण्डल के ललित अग्रवाल, राजकुमार काबरा, महेश अग्रवाल भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि ललित अग्रवाल ने कहा की अध्ययन के साथ साथ भारतीय संस्कृति भी आवश्यक है। इस दौरान छात्राओं ने नृत्य, गायन, चित्रकला, कुकिंग, गणेश आइडल मैकिंग, आर्ट रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। वही सीसीए स्कूल में बच्चो ने हाथो में मेंहदी रचाकर अपने हुनर का जलवा बिखेरा।

# देवनारायण पदयात्रा स्वागत एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**चाकसू, (निसं)।** मंगलवार देर रात वीर गुर्जर विकास संगठन समिति के तत्वावधान में देवनारायण पदयात्रा स्वागत व सम्मान समारोह में विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने गुर्जर समाज के विकास कार्यों की घोषणा करते कहा कि सच्ची बात कहने में डरने की कोई बात नहीं मेरे को यहां खड़ा होने का सौभाग्य आपके आशीर्वाद से मिला है। लोग डरते हैं वोट लेने के बाद कहते नहीं कहीं दूसरा समाज बुरा ना मान जाए, हम भी तो कहते हैं काम किया है तो गांवों तो सही आप ने काम किया आशीर्वाद सपोर्ट दिया। इस समाज ने मेरे चुनाव तक कुछ नहीं मांगा।

जो लोग मेरी शक्ल नहीं देखना चाहते थे उन्होंने उस समय हाथ का पंजा देखा एक ही तस्वीर देखी लेकिन ऊपर वाला अभी तक नहीं देख रहा है। आप पब्लिक और नौजवान साथी क्या देखना चाहते थे अभी कल ही हमारे एक विधायक जी ने कहा युवाओं को मुख्यमंत्री बनाओ, अरे भाई हम तो नहीं कह रहे हमारे तो ठप्पा लग गया "उन्हीं का आदमी है उन्हीं की बोलेगा अब तो थाका भी बोलब लाग्या" और धीरे-धीरे सब बोलेंगे जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा यह सारे बोलते चले जाएंगे। इसलिए मैंने करौली में पहले भी कहा था नौजवानों के दिल का टेंपरेचर नाप लो अभी भी कहता हूं अभी भी समय है सचिन पायलट किसी जाति का नेता नहीं 36 कोम का नेता है सारे नौजवानों के दिल में बसता है कुछ लोग जाति से जोड़कर कमजोर करना चाहते हैं।

पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा ने देवनारायण भगवान के जयकारे के साथ कहा कि विधायक द्वारा गुर्जर समाज के विभिन्न विकास कार्यों के लिए अब तक 50 लाख राशि खर्च की जा चुकी है इसके अलावा नगर पालिका प्रशासन द्वारा छात्रावास में सुलभ शौचालय और छाया के लिए टिन शेड(डेम) का शेष काम भी जल्द ही पूरा करा दिया जाएगा। कार्यक्रम में बडी संख्या में समाज के लोगों के साथ कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# हीरामन बाबा के मेले में पहुंचे लाखों भक्त

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के गांव रोशनपुरा में दुधारू मवेशियों के आराध्य देव हिरामन बाबा के मेले का बुधवार को आयोजन हुआ। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ इस तरह थी कि लोग मकानों की छतों पर चढ़कर मेले का आनन्द लेते नजर आए।

वहीं भक्तजनों के द्वारा अपने मवेशियों के दीर्घायु की कामना की गई। मंगलवार सुबह से ही पशुपालकों का मेला स्थल पर आने का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने दूध, दही, घी, आटा, चावल आदि लाकर हिरामन बाबा की पूजा अर्चना की तथा श्रद्धालुओं ने बाबा की प्रसादी भी ग्रहण की। आयोजित मेले के यह हालात थे कि सात किलोमीटर तक के दायरे में चारों ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु नजर आ रहे थे। भीड़ को नियंत्रित करने तथा सुरक्षा हेतु सोप, अलीगढ, उनियारा, नगरफोर्ट, बनेठा सहित पांचों पुलिस थानों का जाप्ता चप्पे-चप्पे पर तैनात था। वहीं सोप थानाधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत भी मेले की सुरक्षा हेतु हर पल निगरानी में व्यस्त नजर आए। मेले में पुलिसकर्मियों तथा श्रद्धालुओं को काफी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मकानों की छतों पर चढ़कर मेले का आनन्द लिया।

## पर्यूषण पर्व की शुरुआत

**टोंक, (निसं)।** जिले के जैन धर्मावलम्बियों के द्वारा पर्युषण पर्व का पहला दिन उत्तम क्षमा धर्म दिवस के रुप में मनाया गया। इस मंगल दिन की शुरुआत पुरानी टोंक स्थित पांचों जैन मंदिर में प्रातः श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा के साथ हुई श्री जी को अष्ट द्रव्य सहित अर्घ्य एवं श्रीफल चढाए गए। समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि श्रावकों ने पर्युषण पर्व के दौरान विभिन्न प्रकार के नियम धारण किए। मंदिर में शास्त्र सभा का आयोजन हुआ जिसमें बताया कि क्षमा धर्म सर्वश्रेष्ठ है क्षमा अमृत के समान है क्रोध विष के समान है। क्षमा हृदय का आभूषण है आज उत्तम क्षमा धर्म के दिन यही शिक्षा लेना चाहिए कि मनुष्य को कभी भी क्रोध का भाव मन में नहीं लाना चाहिए तथा प्रत्येक प्राणी पर क्षमा भाव रखना चाहिए सभी जीवो से मित्रता का व्यवहार रखना चाहिए मन में उत्तम क्षमा का भाव रखने से स्वयं का एवं पूरे विश्व का कल्याण होगा। इस दौरान चेतन देवराज निर्मल पारस मनीष सूरज प्रदीप चमेली बीना सुमन रीटा आशा सीमा आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### अन्नपूर्णा गणेश मंदिर में भजन संध्या



**टोंक, (निसं)।** गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर टोंक के अन्नपूर्णा गणेश मंदिर में आनन्दम् संस्था की ओर से दो दिवसीय गणेश महोत्सव के तहत गणेश मंगलवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध गायिका सुरभी चतुर्वेदी ने भजनों की स्वर लहरियों से श्रोताओं को बांधे रखा। भगवान श्रीगणेश जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष विशाल भजन संध्या का शुभारंभ गोपालजी मन्दिर के महंत सुरेश दुबे के सानिध्य में दुधिया बालाजी संत आश्रम के महंत रामदास महाराज, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा, अग्रवाल हास्पिटल के निदेशक डा. सुरेन्द्र अग्रवाल, डा. बी.एल.नामा, संगीता नामा, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चन्द्रवीर सिंह चौहान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के पूजा अर्चना कर किया। भजन संध्या की शुरुआत योग प्रशिक्षक मदनलाल गुर्जर (खाद्य निरीक्षक) के साथ आई बालक बालिकाओं की योग की टीम ने योग नृत्य व गणेश वंदना के साथ की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राष्ट्रीय कवि प्रदीप पंवार ने भजन संध्या का आगाज आनंदम संस्था के अध्यक्ष भगवान दास गुर्जर, महामंत्री राजेश मूमिया द्वारा कलाकारों के स्वागत के साथ कराया। कार्यक्रम में आयोजन में सहयोग करने वाले महानुभावों को अतिथियों ने संस्था की ओर से मालाएं पहनाकर, दुपट्टा कर स्मृतिचिंह भेंट कर सम्मान किया। वहीं पूरे प्रांगण में ड्रोन द्वारा पुष्पवर्षा की गई।

### नवनियुक्त अधिकारियों का स्वागत



**कोटपूतली, (निसं)।** महात्मा फुले ब्रिगेड द्वारा सैनी समाज के नवनियुक्त अधिकारियों का बुधवार को माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सहायक अभियंता चन्द्रमोहन सैनी, पीएच डी जे एन नीतू सैनी व तकनीकी कर्मचारी महासंघ खंड महामंत्री अनिल कुमार सैनी का स्वागत किया गया। इस दौरान बिड़दी चंद सैनी, बिल्लूराम सैनी, रणजीत सैनी, मुकेश कुमार सैनी, एड. योगेश सैनी, एड. विजय सैनी, पवन सैनी, हेमचन्द सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

### गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया



**कोटपूतली, (निसं)।** दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया गया। प्रधानाचार्या बिंदु शर्मा के सानिध्य में पं. कमलेश शर्मा ने विधि-विधान से गणेश जी के मंत्रोच्चारण के साथ हवन व पूजा-अर्चना करवा । पंडित शास्त्री ने बच्चों से कहा कि जब तक भगवान, गुरुजन व माता पिता के प्रति आस्था, विश्वास और सम्मान मन में नहीं होगा तब तक हम जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कार और कमा हर व्यक्ति का जीवन का आधार होता है। इसको हांसिल करने के लिए मानदारी और कडी मेहनत करनी होती है। प्रधानाचार्य शर्मा ने कहा कि हर शुभ कार्य के प्रारंभ में श्री गणेश जी को प्रणाम करना शुभ माना जाता है। उन्होंने बच्चों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान गणेश जी से सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विधार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया।

### घर-घर विराजे गणपति

**चाकसू, (निसं)।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी इस बार बुधवार की होने के कारण गणेश चतुर्थी का विशेष महत्व समझा जा रहा है। पंडित सुरेश शर्मा ने बताया कि दस वर्ष बाद यह शुभ संयोग इस बात का संकेतक है कि आगामी वर्षों में सुख शांति एवं समृद्धि रहेगी। कस्बे के गणेश मंदिरों में विशेष झांकियों का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। पंचायत समिति कार्यालय के नजदीक स्थित सवा ग्यारह फिट ऊंची गणेश प्रतिमा का सवेरे से ही अभिषेक श्रंगार एवं झांकी का आयोजन कर पुजारी रामधन शर्मा ने आरती के बाद मोदक प्रसाद का भोग लगाया गया। मनोहरा तालाब पर प्राचीन गणेश प्रतिमा का बुधवार को श्री गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति चाकसू के पदाधिकारियों दिनेश शर्मा, रामप्रकाश शर्मा महेश शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने अभिषेक श्रंगार पूजा अर्चना कर चार सितम्बर को गोपीनाथ मंदिर परिसर में आयोजित हो रहे राधाष्टमी पर्व की सफलता के लिए आमंत्रित किया। घरों, प्रतिष्ठानो एवं संस्थानों में विधिविधान पूर्वक गणेशजी का पूजन कर मोदक प्रसाद अर्पित कर आगामी वर्ष के लिए सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना की।

# ग्रामीण ओलंपिक सभी आयु वर्ग में बना आकर्षण का केन्द्र


- ग्रामीण प्रतिभाएं ले रही बढ़-चढ़कर हिस्सा

**लालसोट/रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्रों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहे राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल सभी आयु वर्ग में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इस ओलंपिक खेलों में सभी आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के चलते यह राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल स्थानीय ग्रामीणों को विशेष तौर पर भा रहा है। इन ओलंपिक खेलों में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के पद प्रतिभाएं बढ चढकर हिस्सा तो ले ही रही है साथ में खुद की प्रतिभा दिखा कर साबित कर रही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल से जुडी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। रामगढ पचवारा उपखंड क्षेत्र की स्थानीय ग्राम पंचायत सलेमपुरा में ग्राम पंचायत के तत्वाधान में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का प्रारंभ बुधवार को हुआ।

जिसमें ग्रामीणों ने तथा खिलाड़ियों ने बढचर कर खेलो बढचढ का आनंद उठाया। वॉलीबाल में स्थानीय विद्यालय राउमावि सलेमपुरा विजेता रहा तथा टेनिस बॉल क्रिकेट में मानपुरा ने सलेमपुरा को 21 रनों से हराया। इसी कार्यक्रम के प्रारंभ में रामगढ पचवारा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल जांगिड उपस्थित थे। प्रधानाचार्य महेश गुप्ता ने खेलो का जीवन में महत्त्व एवं उपयोगिता पर समस्त खिलाडियो को संबोधित किया। इसी तरह लालसोट उपखंड क्षेत्र के महारिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित खेल प्रतियोगिता को लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता कमलेश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा एवं स्थानीय सरपंच रूपन्ति देवी मीणा द्वारा भाग लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान मीणा ने कहा कि खेल शारीरिक जीवन का मुख्य आधार है एवं इस राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों से ग्रामीण क्षेत्रों को प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलेगा। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। कार्यक्रम के दौरान एससीबीईओ विनोद नौनिहाल पीईईओ नाथू लाल मीणा एडवोकेट सरपंच प्रतिनिधि रघुनंदन मीणा आदि स्कूल स्टाफ खिलाड़ी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



मैं हार्दिक पांड्या की जगह ऋषभ पंत को लेने को सहमत नहीं हूं। मेरे पास निश्चित रूप से दीपक हुड्डा जैसा कोई होता जो एक-दो ओवर भी कर सकता था। - गौतम गंभीर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, हांगकांग के मैच में हार्दिक पांड्या की जगह ऋषभ पंत को अंतिम एकादश में शामिल करने पर।




आज का खिलाड़ी ▶ विराट कोहली



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एशिया कप मुकाबले में फिफ्टी जड़ दी है।194 दिनों बाद विराट कोहली के बल्ले से निकली फिफ्टी। विराट कोहली ने फरवरी में भारत के लिए आखिरी अर्धशतकीय पारी खेली थी। उन्होंने कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 52 रन बनाए थे। हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ मैच में उन्होंने धीमी शुरुआत की। एक समय 18 गेंदों पर 15 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने 40 गेंदों पर फिफ्टी पूरी कर ली। वह 44 गेंदों पर 59 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में एक चौका और 3 छक्का शामिल था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 187 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## कंगारू की गेंदबाजी के आगे जिम्बाब्वे ने घुटने टेके

टाउन्सविल, 31 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एक दिवसीय मैच में बुधवार को मिचेल स्टार्क (तीन विकेट) और एडम ज़ैम्पा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ज़िम्बाब्वे को हराकर शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी ली और स्टार्क ने इनोसेंट काइया (02), तदिवनाशे मारुमानी (04) और वेस्ले माधेवेरे (शून्य) को आउट कर ज़िम्बाब्वे के ऊपरी क्रम की कमर तोड़ दी। शॉन विलियम्स ने 29(45) रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन ज़ैम्पा ने उनके साथ ल्यूक जॉन्वे (01) और ब्रैड इवान्स (02) का विकेट लेकर ज़िम्बाब्वे की पारी को 96 रन पर समेटा दिया। इसके अलावा सिकंदर रज़ा ने भी 37 गेंदों पर 17 रन की पारी खेली। स्टार्क और ज़ैम्पा के साथ-साथ कैमरन ग्रीन ने दो विकेट लिये, जबकि जॉश हेज़लवुड ने एक विकेट चटका। ऑस्ट्रेलिया ने 97 रन के लक्ष्य को महज 14.4 ओवर में हासिल कर लिया। आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर (13) और आरोन फिंच (01) जल्दी आउट हो गये, लेकिन स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी की नाबाद 84 रन की साझेदारी की बदौलत कंगारुओं ने आठ विकेट से मैच जीत लिया।

## डी ग्रैंडहोम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

क्राइस्टचर्च, 31 अगस्त। न्यूजीलैंड के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनज़ेडसी) ने बताया कि 36 वर्षीय डी ग्रैंडहोम ने इस सप्ताह बोर्ड के साथ चर्चा के बाद एक प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय करियर को समाप्त करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे मूल के कीवी खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने कई कारणों से यह निर्णय लिया, लेकिन उनकी चोट और तीनों प्रारूपों में स्थानों के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा उनमें से एक नहीं थे। उन्होंने कहा, ''मैं स्वीकार करता हूं की मेरी उम्र कम नहीं हो रही, और प्रशिक्षण भी मुश्किल होता जा रहा है, खासकर चोटों के कारण। मेरा एक बढ़ता हुआ परिवार भी है और मैं यह समझने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा भविष्य क्रिकेट के बाद कैसा दिखता है। यह सब पिछले कुछ हफ्तों से मेरे दिमाग में है।'' डी ग्रैंडहोम ने कहा, ''यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे 2012 में पदार्पण करने के बाद से ब्लैककैप्स के लिए खेलने का अवसर मिला। मुझे अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर गर्व है, लेकिन मुझे लगता है की इसे समाप्त करने का सही समय आ गया है। मैंने पिछले एक दशक में इस टीम का हिस्सा बने रहने का आनंद लिया, और साथ बनायी यादों के लिये मैं टीम का शुक्रगुज़ार हूं।''

## अबू धाबी में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर

दुबई, 31 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का क्वालीफायर कार्यक्रम जारी किया। अबू धाबी में होने वाले क्वालीफायर में आठ टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें से सिर्फ दो टीमें ही अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बना सकेंगी। मेज़बान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 18 से 25 सितंबर तक चलने वाली प्रतियोगिता के पहले मैच में थाइलैंड का सामना करेगी। इसके अलावा ज़िम्बाब्वे, पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी), बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और अमेरिका भी टी20 महिला विश्व कप में जगह बनाने के लिये दावेदारी पेश करेंगे। आईसीसी इवेंट्स के प्रमुख क्रिस टेटली ने कहा, ''टी20 विश्व कप क्वालीफायर एक शानदार आयोजन होने जा रहा है, जिसमें आठ करीबी टीमें अगले साल दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में सिर्फ दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। महिलाओं के खेल में प्रतिस्पर्धा का स्तर पिछले चार वर्षों में काफी बढ़ गया है और अबू धाबी में प्रत्येक आईसीसी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के साथ यह एक कठिन लड़ाई वाली घटना होगी।'' बांग्लादेश और थाईलैंड ने जहां पिछले टी20 विश्व कप में अंतिम दो टीमें होने के नाते क्वालीफायर में जगह बनायी है, वहीं अन्य छह टीमें स्थानीय क्वालीफायर जीतकर यहां पहुंची हैं। स्कॉटलैंड (यूरोप), संयुक्त अरब अमीरात (एशिया), यूएसए (अमेरिका) और जिम्बाब्वे (अफ्रीका) ने अपनी क्षेत्रीय क्वालीफायर प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। दूसरी ओर, पीएनजी (पूर्वी एशिया प्रशांत) और आयरलैंड ने अपने-अपने समूह की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम होने के नाते यहां जगह बनायी है।

## द. अफ्रीका की नई टी-20 लीग

जोहानिसबर्ग, 31 अगस्त। अगले साल से दक्षिण अफ्रीका में नए टी20 लीग की शुरुआत होगी। इस लीग में 6 टीमें हिस्सा लेंगे। सभी का मालिकाना हक आईपीएल की फ्रेंचाइजी के पास ही है। इनके नाम सनराइजर्स ईस्टर्न केप, प्रिटोरिया कैपिटल्स, पार्ल रॉयल्स, एमआई केप टाउन, जोहान्सबर्ग सुपर किंग्स और डरबन सुपर जायंट्स शामिल हैं। इन फ्रेंचाइजी ने 2 से लेकर 5 खिलाड़ी भी साइन कर लिए हैं। अब लीग का नामकरण भी हो गया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपनी नई टी20 फ्रेंचाइजी लीग को 'एसए20' (20) नाम दिया गया है। लीग के पहले सीजन के लिए 19 सितंबर को खिलाड़ियों की नीलामी होगी।दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ यह जानकारी दी। 20 खिलाड़ी नीलामी के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रविवार शाम को बंद हो गया। फ्रेंचाइजियों के पास कुल मिलाकर 20 लाख अमेरिकी डॉलर का पर्स है, जिसमें टीम अधिकतम 17 खिलाड़ी ले सकती है। छह टीमें सात अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और दस दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों की सेवाएं प्राप्त कर सकती हैं, जिसमें प्लेइंग इलेवन में चार अंतरराष्ट्रीय और सात स्थानीय खिलाड़ियों को जगह मिलेगी। एसए20 ने विश्व स्तरीय अनुबंधित प्रोटियाज खिलाड़ियों के अलावा वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर और अफगानिस्तान के राशिद खान के अलावा इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन, जोस बटलर और मोईन अली जैसे टी20 क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नामों को अनुबंधित किया है।




# हांगकांग को हराकर सुपर-4 में भारत

दुबई, 31 अगस्त। भारत ने सूर्यकुमार यादव (68 नाबाद) और विराट कोहली (59 नाबाद) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत बुधवार को एशिया कप 2022 में हॉन्ग कॉन्ग को 40 रन से हराकर सुपर-4 में जगह बनायी। भारत ने हॉन्ग कॉन्ग को 193 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में हॉन्ग कॉन्ग 152 रन ही बना सकी। भारत के लिये मैच के स्टार सूर्यकुमार यादव रहे, जिन्होंने सिर्फ 26 गेंदों पर छह चौके और छह छक्के जड़ते हुए 68 रन बनाकर हॉन्ग कॉन्ग के छक्के छुड़ा दिये। इसके अलावा विराट कोहली ने भी 44 गेंदों पर 59 रन बनाकर छह महीने बाद पचास रन के आंकड़े को छुआ।

हॉन्ग कॉन्ग ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया। कप्तान रोहित शर्मा ने 21(13) रन बनाकर लोकेश राहुल के साथ पहले विकेट के लिये 38 रन की साझेदारी की। राहुल ने विकेट पर संघर्ष करते हुए 36(39) रन बनाये। 13वें ओवर में 94 रन पर राहुल का विकेट गिरने के बाद कोहली और सूर्यकुमार ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिये 45 गेंदों पर 98 रन जोड़े। कोहली ने अपनी पारी में पावर-हिटिंग करते हुए तीन गगनचुंबी छक्के लगाये। दूसरी ओर, विस्फोटक बल्लेबाजी की पराकाष्ठा पर पहुंचे सूर्यकुमार ने 261.54 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने हारून अरशद के आखिरी ओवर में चार छक्के जड़ते हुए 26 रन बनाये और भारत ने अंतिम पांच ओवरों में 76 रन जोड़कर 20 ओवर में 192 रन बनाये।

हॉन्ग कॉन्ग ने 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान निज़ाकत ख़ान (10) और यसिम मुर्तज़ा (09) का विकेट न्यून स्कोर पर गंवा दिया। बाबर हयात ने 35 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की बदौलत 41 रन की जुझारू पारी खेली, जबकि किंचित शाह ने 30(28) रन बनाये। ज़ीशान अली और स्कॉट मकैनी ने मिलकर आखिरी 17 गेंदों में 36 रन जोड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी भारत की ओर से भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जडेजा और आवेश खान ने एक-एक विकेट लिया।

## बीसीसीआई को ईएसआई एक्ट के तहत दुकान कहा जा सकता है : सुप्रीम कोर्ट




नई दिल्ली, 31 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की गतिविधियां व्यावसायिक प्रकृति की हैं और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अधिनियम के प्रावधानों के संदर्भ में इसे 'दुकान' कहा जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईएसआई अधिनियम केंद्र द्वारा बनाया गया कल्याणकारी कानून है और इस अधिनियम में इस्तेमाल किए गए शब्दों से संकीर्ण अर्थ नहीं जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि यह इसके अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को उनके जीवन, स्वास्थ्य आदि से जुड़े विभिन्न जोखिमों के लिए बीमा करता है और नियोक्ता पर आरोप लगाता है।

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि ईएसआई न्यायालय और उच्च न्यायालय ने ईएसआई अधिनियम के तहत बीसीसीआई को 'दुकान' मानकर कोई गलती नहीं की। पीठ ने कहा,'बीसीसीआई की व्यवस्थित गतिविधियों, विशेषकर उसके द्वारा क्रिकेट मैचों के टिकटों की बिक्री, मनोरंजन प्रदान करना, अपनी सेवाओं के लिए कीमत वसूल करना, अंतरराष्ट्रीय दौरों और इंडियन प्रीमियर लीग से आय प्राप्त करने को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय ने सही निष्कर्ष निकाला है कि बीसीसीआई व्यवस्थित आर्थिक वाणिज्यिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और इसलिए उसे ईएसआई अधिनियम के प्रावधानों के तहत 'दुकान' कहा जा सकता है।' शीर्ष अदालत ने इन सवालों के जवाब में यह बात कही कि क्या बीसीसीआई को 18 सितंबर, 1978 की अधिसूचना के अनुसार 'दुकान' कहा जा सकता है, और क्या ईएसआई अधिनियम के प्रावधान बीसीसीआई पर लागू होंगे या नहीं।

बंबई उच्च न्यायालय ने कहा था कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 1(5) के प्रावधानों के तहत महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी 18 सितंबर, 1978 की अधिसूचना के अनुसार बीसीसीआई 'दुकान' के अर्थ के अंतर्गत आता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 'दुकान' शब्द की पारंपरिक अर्थों में व्याख्या नहीं की जानी चाहिए क्योंकि इससे यह ईएसआई अधिनियम के उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि ईएसआई अधिनियम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए 'दुकान' शब्द को व्यापक अर्थों में लिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बीसीसीआई का अपने हलफनामे में यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि उसकी प्रमुख गतिविधि क्रिकेट और खेल को बढ़ावा देना है और इसलिए उसे ईएसआई अधिनियम के तहत दुकान के अर्थों के अंतर्गत नहीं लाया जाना चाहिए। 0

## यूएस ओपन : गत चैम्पियन राडुकानु पहले दौर में हारी



न्यूयॉर्क, 31 अगस्त। यूएस ओपन 2021 की चैंपियन और 11वीं सीड ब्रिटेन की एमा राडुकानु बड़े उलटफेर में फ्रांस की एलीज़े कॉर्नेट से पहले दौर में हारकर यूएस ओपन 2022 से बाहर हो गयी हैं। कॉर्नेट ने मंगलवार को राडुकानु को 6-3, 6-3 के सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में कदम रखा, जहां उनका सामना चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा से होगा। दूसरी ओर, अमेरिका की डेनियेल कॉलिन्स ने दो बार की चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका को पहले दौर में हराकर बाहर किया। कॉलिन्स ने पूर्व नंबर एक ओसाका को 7-6(5), 6-3 से मात दी। यह कॉलिन्स की ओसाका पर पहली जीत है, जबकि इससे पहले तीन बार उन्हें हार मिली है। कॉलिन्स अब अगले दौर में स्पेन की क्वालीफायर क्रिस्टीना बुक्सा का सामना करेंगी। उन्होंने जीत के बाद कहा, जब आप किसी से तीन बार हारते हैं, तो आपको इस बारे में काफी जानकारी मिल जाती है कि आप क्या बेहतर कर सकते हैं। नाओमी जिस स्तर की खिलाड़ी हैं, उन्होंने बेशक मुझे पिछली बार पछाड़ दिया था। मुझे बस उससे सीख लेनी थी और अपने खेल में बदलाव करने थे, जो मेरे अनुसार मैंने किया।''

## नडाल, अल्काराज दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क, 31 अगस्त। यूएस ओपन के चार बार के चैंपियन और दूसरी सीड राफ़ेल नडाल ने यूएस ओपन 2022 के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाटा को मात दी। सिनसिनाटी ओपन के पहल दौर में हारकर बाहर हुए नडाल को इस मैच में अपनी लय हासिल करने में समय लगा, लेकिन उन्होंने हिजीकाटा को 4-6, 6-2, 6-3, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में कदम रखा। ऑस्ट्रेलियन ओपन और फ्रेंच ओपन खिताब जीत चुके नडाल के लिये यह साल अच्छा रहा है, हालांकि विंबलडन के सेमीफाइनल में चोटिल होकर बाहर होने कारण वह साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम जीतने से चूक गये थे।

नडाल यूएस ओपन जीतने के मज़बूत दावेदार हैं क्योंकि उन्होंने साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम में अपने पिछले 20 मैचों में से 19 में से जीत दर्ज की है। साथ ही वह इस साल एक भी ग्रैंड स्लैम मुकाबला नहीं हारे हैं। दूसरे दौर में नडाल का सामना इटली के फेबियो फोगनिनी से होगा। स्पेन के 19 वर्षीय खिलाड़ी आर्थर ऐश स्टेडियम में 7-5, 7-5, 2-0 से आगे चल रहे थे, तभी सेबेस्टियन चोटिल होकर रिटायर हो गये और अल्काराज़ ने दूसरे दौर में जगह बनायी। अल्काराज़ दूसरे दौर में अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया से भिड़ेंगे।

## विश्व कप में जो भी सामने हो, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे : हरमनप्रीत



बेंगलुरु, 31 अगस्त। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के लिये आठ सितंबर को जारी होने वाले ड्रॉ से पहले कहा कि मुकाबला जिससे भी हो, टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देगी।

एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के लिए पूल ड्रा आठ सितंबर को जारी होंगे, जो यह निर्धारित करेंगे कि पूल स्टेज में कौन सी टीम किसका सामना करेगी। हरमनप्रीत ने बुधवार को जारी बयान में कहा, हम विश्व कप के ड्रा पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं। हमें मैच खेलना है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है, चाहे हम किसी का भी सामना करें। हमें अपना खेल और अपनी ताकत दिखानी होगी और सकारात्मक परिणाम हासिल करने होंगे। हमें अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर रखना है न कि उन चीजों पर जो हमारे नियंत्रण में नहीं हैं।

हरमनप्रीत ने 13 जनवरी 2023 को शुरू होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की तैयारी में आगामी खेलों के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि टीम बेंगलुरु में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में मैच को बेहतर तरीके से समाप्त करने पर काम करेगी। उन्होंने कहा, हमारे पास हमारे अभ्यास सत्र होंगे, और हमारा प्राथमिक ध्यान हमेशा मैच समाप्त करने की क्षमता और खिलाड़ियों के बीच समन्वय और संयोजन में सुधार करने पर होगा। हम इस पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि हम गेंद को डिफेंस से अटैक की ओर ले जाते हुए अपने समय में कैसे सुधार कर सकते हैं।

हरमनप्रीत ने कहा, हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य हमेशा हर मैच जीतना रहा है। विश्व कप से पहले हमारे पास ज्यादा समय नहीं बचा है। इसलिए, टूर्नामेंट से पहले हमें जितने अधिक मैच खेलने को मिलेंगे, उतना ही हमारे लिए फायदेमंद होगा।

## करियर की सर्वश्रेष्ट ट्वंटी-ट्वंटी रैंकिंग पर पहुंचे हार्दिक पांड्या



दुबई, 31 अगस्त। भारत के विस्फोटक ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एशिया कप 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी रैंकिंग में छलांग लगायी है। आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताज़ा रैंकिंग के अनुसार ऑलराउंडर रैंकिंग में किक्रेट के कई धुरंधरों ने सुधार किया, परंतु पांड्या आठ पायदान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर आ गये हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। पांड्या इस समय 167 रेटिंग के साथ आईसीसी रैंकिंग में पांचवें पायदान पर हैं, जबकि अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी 257 रेटिंग के साथ पहले स्थान पर हैं। पांड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ गेंद से 25 रन के बदले तीन विकेट चटकाए, और बल्लेबाज़ी में 17 गेंदों पर 33 रन मार कर भारत को जीत दिलाते हुए यह साबित कर दिया कि आने वाले टी-20 विश्व कप अभियान में वह टीम के लिए कितने महत्वपूर्ण रहेंगे।

दूसरी ओर, एशिया कप में अफगानिस्तान की शानदार शुरुआत की बदौलत कई खिलाड़ियों की टी20 रैंकिंग में सुधार आया है। राशिद खान (708 पॉइंट) गेंदबाजों की सूची में दो पायदान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर आ गये हैं, जबकि उनके हमवतन मुजीब उर रहमान (660) सात पायदान बढ़ते हुए नौंवे नंबर के टी20 गेंदबाज बन गये हैं।

## करो या मरो, मुकाबले में आमने-सामने बांग्लादेश, श्रीलंका

दुबई, 31 अगस्त। श्रीलंका और बंगलादेश एशिया कप 2022 में गुरुवार को करो या मरो मुकाबले में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। दोनों ही टीमों को ग्रुप-बी के अपने पहले मैच में अफगानिस्तान के हाथों हार मिली है। अफगानिस्तान दो जीतों के साथ इस समूह से सुपर-4 में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है, और अब श्रीलंका और बंगलादेश दूसरी टीम बनने की दावेदारी पेश करेंगी।

श्रीलंका को जहां अपने पहले मैच में ऊपरी क्रम की बल्लेबाजी ने निराश किया था, वहीं बंगलादेश को डेथ ओवर में खराब गेंदबाजी के कारण हार मिली थी। श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका दुबई की धीमी पिच पर टीम के स्पिन गेंदबाजों पर भरोसा करना चाहेंगे। ऐसे में वानिंदू हसरंगा का साथ देने के लिये प्रमोद जयविक्रमे और जेफ़री वैंडरसे में से कोई एक, या दोनों टीम में शामिल हो सकते हैं। हरफनमौला धनंजय डी सिल्वा भी श्रीलंका के एकादश में जगह बना सकते हैं। उनकी उपस्थिति मध्यक्रम में जान डालेगी, और उनकी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी बांग्लादेश के लिये संकट भी साबित हो सकती है। दूसरी ओर, बंगलादेश चाहेगी कि वह कप्तान शाकिब अल-हसन की वापसी पर अपनी पहली जीत दर्ज करे।

## पाक दौरे पर इंग्लैंड टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे मोइन अली

### जोस बटलर की जगह लेंगे




लंदन, 31 अगस्त। स्टार ऑलराउंडर मोइन अली पाकिस्तान के आगामी दौरे परइंग्लैंड टी20 टीम की कप्तानी करते हुए नजर आने वाले हैं। पाकिस्तानी मूल के मोइन नियमित कप्तानजोस बटलर की गैरमौजूदगी में 20 टीम की कमान संभालते हुए दिखाई देंगे। बटलर को हाल में द हंड्रेड टूर्नामेंट में चोट लग गई थी और ऐसे में उनका पाकिस्तान जाना तय नहीं लग रहा है। पाकिस्तान दौरे पर इंग्लैंड को 20 सितंबर से दो अक्टूबर तक कराची और लाहौर मेंसात मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सीनियर ऑलराउंडर मोइन पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप और 2019 में पहली बार वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, बटलर ने इस साल इयोन मोर्गन के संन्यास लेने के बाद व्हाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड टीम की कप्तानी संभाली थी और उनके चोटिल होने के बाद मोइन अली पाकिस्तान दौरे पर इंग्लैंड टीम की कमान संभालेंगे। मोइन ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेट ले लिया था।इंग्लैंड की टीम 17 साल में पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेगी। इंग्लिश टीम ने इससे पहले 2005 में आखिरी बार पाक का दौरा किया था।

टीम को पिछले साल पाकिस्तान दौरे पर जाना था, लेकिन न्यूजीलैंड के सुरक्षा कारणों सेदौरा रद्द करने के बाद उसने भी अपना दौरा कैंसिल कर दिया था।इंग्लैंड टीम पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेलकरआगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारी मजबूत करना चाहेगी। सात मैचों की टी20 सीरीज के बादइंग्लैंड फिर दिसंबर में पाकिस्तान दौरे पर जाएगी, जहां उसे तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

# जापान ओपन : श्रीकांत जीते, लक्ष्य, साइना बाहर




ओसाका,31 अगस्त। विश्व के पूर्व नंबर एक शटलर किदांबी श्रीकांत ने जापान ओपन में बुधवार को अपने अभियान की विजयी शुरुआत करते हुए पुरुष एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी, जबकि उनके हमवतन लक्ष्य सेन और साइना नेहवाल अपने-अपने मुकाबले हारकर बाहर हो गये।

श्रीकांत ने सुपर 750 टूर्नामेंट में ऑल इंग्लैंड चैंपियन मलेशिया के ली ज़ी जिया को 22-20, 23-21 के सीधे गेमों में हराकर दूसरे दौर में कदम रखा। अब शीर्ष-16 राउंड में उनका सामना जापान के कांता सुनेयामा से होगा। श्रीकांत ने जीत के बाद कहा, ''यह एक करीबी मैच था जो किसी भी तरफ जा सकता था, लेकिन मैं अपने खेल से खुश हूं। इतने बड़े मंच पर मैचों को सही तरह समाप्त करना जरूरी है, क्योंकि हर मैच मुश्किल होने वाला है।''

उन्होंने कहा, ''मैं पहले गेम में 16-12 से आगे चल रहा था, लेकिन बाद में आवश्यकता से ज्यादा पॉइंट देने के कारण 20-18 से पिछड़ गया। मैंने अपने आप को समझाया कि मुझे नियमित रहना है और आसानी से पॉइंट नहीं देने। मुझे जीतकर हमेशा खुशी होती है और अब मैं वापस जाकर सोचूंगा कि अपने अगले प्रतिद्वंदी को कैसे हराऊं।'' इसी बीच, राष्ट्रमंडल खेल 2022 के गोल्ड मेडलिस्ट लक्ष्य सेन जापान के केंटा निशिमोटो से 21-18, 14-21, 13-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। लंदन ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल को विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागूची के हाथों 9-21, 17-21 से हार मिली। एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी को कोरिया के चोई सोई ग्यु और किम वोन हो के हाथों 21-19,21-23,15-21 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता महिला युगल जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को थाईलैंड की जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजाई ने 21-17,21-18 से मात दी। दिन के आखिरी मुकाबले में कृष्णा प्रसाद गरगा और वी वी पंजाला की पुरुष युगल जोड़ी फ्रांस के क्रिस्टोव पोपोव और टोमा पोपोव से 21-18, 21-17 से हारकर जापान ओपन से बाहर हो गये।

## धीमी ओवर गति के लिये भारत, पाक पर लगा जुर्माना

दुबई, 31 अगस्त। भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम पर एशिया कप 2022 में रविवार को खेले गये ग्रुप-ए मैच में धीमी ओवर गति के लिये जुर्माना लगाया गया है। रोहित शर्मा और बाबर आज़म की टीम ने निर्धारित समय में दो-दो ओवर कम डाले थे, जिसके बाद आईसीसी मैच रेफ़री जेफ़ क्रो ने दोनों टीमों पर उनकी मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक-कर्मी आचारसंहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, यदि एक टीम निर्धारित समय में एक ओवर कम डालती है, तो खिलाड़ियों पर 20 प्रतिशत मैच फीस जुर्माना लगाया जाता है। भारत और पाकिस्तान ने निर्धारित समय में दो-दो ओवर कम डाले इसलिये दोनों टीमों पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों कप्तानों ने अपना अपराध मानते हुए जुर्माना स्वीकार किया, जिसके बाद आधिकारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी।



*सिनसिनाटी आर्ट म्यूज़ियम में 16 वीं सदी का एक साधारण सा दिखने वाला कांसे का दर्पण है, जिसे प्रकाश की विशेष स्थिति में रखने पर इससे परावर्तित प्रकाश की किरणों से दीवार पर भगवान बुद्ध की छवि बनती है। यह जादूई दर्पण 23 जुलाई 2022 से म्यूज़ियम में सार्वजनिक रुप से प्रदर्शित है। वर्ष 2021 में म्यूज़ियम संग्रह के प्राचीन आर्ट वर्क पर रिसर्च करते हुए ईस्ट एशियन आर्ट के क्यूरेटर डॉ. होऊ-मेई सुंग ने यह खोज की। कांच के निर्माण से पहले लोग पॉलिश किए हुए कांसे से बने आइने में अपना अक्स देखते थे। यह तकनीक प्राचीन मिस्र से लेकर सिंधू घाटी तक हर जगह मिली है। इन दर्पणों को ''मैजिक,'' ''ट्रांसपैरैंट'' (पारदर्शी) या ''लाइट पैनिट्रेटिंग मिरर'' के नाम से जाना जाता था। इस प्रकार की कलाकृतियां सबसे पहले चीन में हान साम्राज्य (202 ईसा पूर्व -220 ईस्वी) के दौरान बनाई गई थीं। जब इन आइनों पर प्रकाश की किरणें पड़ती हैं, तो ये पारदर्शी लगने लगते हैं और इनपर बनी डिजाइन या अक्षर दिखाई देने लगते हैं। सुंग ने कहा, यह चीन के लिए राष्ट्रीय खजाना है और हम बेहद भाग्यशाली हैं जो इस दुर्लभ कलाकृति को ढूंढ पाए और जो सिनसिनाटी में प्रदर्शित है। यह दर्पण कई दशकों से म्यूज़ियम के ईस्ट एशियन संग्रह में रखा था, सदियों से जिसे किसी ने छुआ नहीं था। म्यूज़ियम के दर्पण के अग्र भाग को पॉलिश किया हुआ है, जिससे प्रकाश परावर्तित होता है। इसके पीछे छः चाइनीज़ अक्षरों में ''अमिताभ बुद्ध'' लिखा है। प्राचीन मैजिक मिरर का निर्माण बहुत कठिन है और ये बहुत दुर्लभ हैं। शंघाई म्यूज़ियम के हान साम्राज्य के मैजिक मिरर्स के अलावा इस तरह के दो और बौद्ध मैजिक मिरर्स के बारे में जानकारी है। एक टोक्यो नैशनल म्यूज़ियम में और दूसरा मैट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट में। ये दोनों जापानी मिरर हैं जो एडो काल (1603-1867) में बने थे। सुंग का मत है कि सिनसिनाटी में जो मिरर है वह प्राचीन चीन में बना था। हालांकि यह मिरर कैसे काम करता है यह तो समझ में आ गया पर उस काल में कारीगरों ने लाइट पैनिट्रेशन का इफैक्ट कैसे हासिल किया, यह पता नहीं है।*

# आनंद शर्मा, हुड्डा और पृथ्वीराज चव्हाण ने दिल्ली में आज़ाद से मुलाकात की

## तीनों नेताओं ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है, लेकिन माना जा रहा है कि, आने वाले समय में कांग्रेस के बागी नेता पार्टी के लिए और बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकते हैं

- **गौरतलब है कि, पिछले दिनों आनंद शर्मा ने भी कड़ा तेवर दिखाते हुये उनकी अनदेखी किये जाने का आरोप लगाते हुये हिमाचल प्रदेश कांग्रेस चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।**

नई दिल्ली, 31 अगस्त। कांग्रेस का बागी जी-23 समूह पार्टी के लिए आने वाले दिनों में और बड़ी मुश्किलें खड़ी करेगा , अब यह बात तय हो गयी है। बीते सप्ताह वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस छोड़ दी थी, लेकिन अब यह आग बढ़ती दिख रही है। मंगलवार को पार्टी के सीनियर नेता आनंद शर्मा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा और पृथ्वीराज चव्हाण ने गुलाम नबी आजाद से दिल्ली में मुलाकात की।

जी-23 या ग्रुप ऑफ 23 कांग्रेस में बागी नेताओं का एक समूह है जो लम्बे समय से कांग्रेस में आमूलचूल परिर्वतन की मांग करता आ रहा है। ये सभी नेता उस जी-23 का हिस्सा हैं, जिन्होंने सोनिया गांधी को पार्टी में सुधार के लिए पत्र लिखा था। उस लेटर के बाद से ही यह नेताओं की पार्टी में अनदेखी हो रही है। पिछले दिनों आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, इन तीनों नेताओं ने मुलाकात के बाद कहा कि, वे गुलाम नबी आजाद के पुराने मित्र हैं और यह मीटिंग औपचारिक थी। लेकिन कयास जरूर लगने शुरु हो गये हैं कि, आने वाले दिनों में कांग्रेस में हलचल और तेज होगी।

दरअसल, हरियाणा में कांग्रेस ने भूपिंदर सिंह हुड्डा को कमान दी है। करीबी उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है और उनकी विरोधी कही जाने वाली कुमारी शैलजा को पद से हटाया गया है। उसके बाद भी हुड्डा का आजाद के खेमे में रहना कांग्रेस को अलर्ट करने वाला है। इसके अलावा जी-23 का ही हिस्सा कहे जाने वाले शशि थरूर भी अलग ही सुर में दिख रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना चाहिए और जितने ज्यादा उम्मीदवार होंगे, उतना ही बेहतर होगा। उनके स्टैंड से यह चर्चा शुरू हो गई है कि वह भी अध्यक्ष पद के चुनाव में उतर सकते हैं। साफ है कि जी-23 समूह पार्टी के अंदर और बाहर दोनों तरफ से मुश्किल बढ़ा रहा है।

गुलाम नबी आजाद से मुलाकात के बाद कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पार्टी ने अपने रवैये में बदलाव नहीं किया। इसी के चलते आजाद साहब को पार्टी से अलग होने का फैसला लेना पड़ा। इस बीच जी-23 के कुछ और नेता अनौपचारिक मीटिंग कर रहे हैं और जल्दी ही उनकी ओर से भी कुछ ऐलान किया जा सकता है। इन नेताओं के साथ शशि थरूर भी आ सकते हैं, जिनके बारे में चर्चा है कि पार्टी अध्यक्ष के लिए वह चुनाव लड़ सकते हैं। साफ है कि कांग्रेस की मुश्किलें आने वाले दिनों में बागी बढ़ा सकते हैं। यही नहीं गुलाम नबी आजाद ने जो संकट जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के सामने खड़ा किया है, वैसी ही चुनौती हिमाचल प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों में भी सामने आ सकती है।

## कोलकाता में बड़ा आयकर छापा

नई दिल्ली 31 अगस्त (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दो प्रमुख रियल एस्टेट समूहों पर की गयी छापेमारी में 250 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता चला है। आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में बताया कि 18 अगस्त को यह कार्रवाई की गयी। तलाशी अभियान के दौरान, दस्तावेजों और डिजिटल डाटा सहित बड़ी संख्या में आपत्तिजनक सबूत मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इस दौरान बहीखातों के बाहर नकद लेनदेन और नकदी की रसीदों के सबूत मिले हैं। कई दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डाटा से शेल कंपनियों के माध्यम से अघोषित पैसे की रूटिंग के संकेत मिले हैं। इसके अलावा, तलाशी के दौरान अघोषित धनराशि के जमीन के अधिग्रहण में इस्तेमाल किए जाने के भी कुछ प्रमाण मिले हैं।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने आधी रात को ईदगाह मैदान में गणेश पाण्डाल स्थापित करने की अनुमति दी

## कर्नाटक सरकार ने ईदगाह मैदान में स्थापित गणेश पूजा पाण्डालों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दी है

- **ताजा घटनाक्रम में अंजुमन इस्लाम समिति ने हुबली के ईदगाह मैदान में उत्सव की अनुमति देने वाले कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेशों पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।**
- **गौरतलब है कि मंगलवार को देर रात हुई सुनवाई में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने धारवाड़ नगर आयुक्त के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें शहर के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी उत्सव आयोजित करने की अनुमति दी गई थी।**

बैंगलुरु, 31 अगस्त। कर्नाटक के हुबली ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी समारोह मनाया जा रहा है, दूसरे समुदाय के लोगों ने इस स्थान पर इस तरह के आयोजन के प्रति अंसतोष जताया है। आयोजन की अनुमति देने वाले हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

ताजा घटनाक्रम में अंजुमन इस्लाम ने हुबली के ईदगाह मैदान में उत्सव की अनुमति देने वाले कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेशों पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

गौरतलब है कि मंगलवार को देर रात हुई सुनवाई में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने धारवाड़ नगर आयुक्त के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें शहर के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी उत्सव आयोजित करने की अनुमति दी गई थी।

अनुमति दिए जाने के एक दिन बाद हिंदू नेताओं ने बुधवार सुबह हुबली के ईदगाह मैदान में गणेश की मूर्ति भी स्थापित कर दी है। न्यायालय से अनुमति मिलने के कुछ घंटे बाद ईदगाह मैदान में कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को गणेशोत्सव की शुरुआत की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम सेना प्रमुख प्रमोद मुतालिक ने अपने समर्थकों के साथ भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की और पूजा-अर्चना की।

मुतालिक ने पूजा पंडाल में पत्रकारों से कहा, ''कानूनी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए हमने पूजा-अर्चना की। कुछ असामाजिक तत्वों ने हमें रोकने की कोशिश, लेकिन फिर भी हमने पूजा की जो न केवल हुबली के लोगों के लिए बल्कि पूरे उत्तरी कर्नाटक के लिए खुशी की बात है।'' मुतालिक ने कहा कि हिंदू समुदाय लंबे समय से इसका सपना देख रहा था, जिसे उन्होंने एक ''ऐतिहासिक'' क्षण बताया। मुतालिक के अनुसार, जिला प्रशासन ने तीन दिन तक यहां पूजा करने की इजाजत दे दी है। ईदगाह मैदान में किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।



*रुस के राष्ट्रपति रहे मिखाइल गोर्बाचेव का मंगलवार देर रात 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे 1985 में सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और सोवियत संघ के राष्ट्रपति बने थे। उसके बाद उन्होंने ग्लासनोस्त (खुलेपन) और पेरेस्त्रोइका (पुनर्रचना) की नीतियां लागू कीं, जिनसे शीत युद्ध खत्म होने का रास्ता तैयार हुआ। उन्हें अपनी जिंदगी के आखिर 31 सालों में दोहरे अनुभव हुए। वॉशिंगटन, पेरिस और लंदन में उनकी वाहवाही हुई पर रुस में उनकी भारी आलोचना हुई। वर्ष 1990 में उन्हें शांति का नोबल पुरस्कार मिला था।*

## तृणमूल कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संबंधियों के पास 162 परिसम्पत्तियाँ हैं, जो पूरे राज्य में फैली हुई हैं।

स्वयं अणुव्रत की पुत्री के पास करीब 19 सम्पत्तियाँ हैं, जो कोलकाता के श्रेष्ठ इलाकों तथा विभिन्न जिला-मुख्यालयों पर स्थित हैं। इन लोगों में से किसी के पास भी आय के ऐसे स्रोत शायद ही हों, जो उनकी सम्पत्ति के वैध होने के दावों से मेल खाते हों। सी.बी.आई. 37 सम्पत्तियों को भी चिन्हित करने की कोशिश कर रही है, जिन्हें आरोपी आपराधिक गतिविधियों के संचालन के लिये काम में लेते हों।

इस प्रकार के मामलों का रोजाना हो रहा खुलासा मुख्यमंत्री के साथ ही, तृणमूल के उन वरिष्ठ नेताओं के लिये बहुत ही शर्मनाक बात है, जो हर तरफ से आ रहे जाँच संबंधी प्रश्नों का सामना कर रहे हैं।

ममता बनर्जी ने शुरू में तो आरोपियों से अपने हाथ झाड़ लिये थे। उन्होंने स्वयं को तथा पार्टी को पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी से पूरी तरह अलग कर लेने की कोशिश की थी। इसके बाद, जब अणुव्रत मण्डल को सी.बी.आई. ने गिरफ्तार किया, तो उसको बचाने की कोशिश उन्होंने की थी।

पार्थ चटर्जी तथा अणुव्रत मण्डल के प्रति उनके अलग-अलग रूख को लेकर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। यह बात खुले तौर पर चर्चा में थी कि इन दिनों, पैसा कमाने की उनकी कोशिशों के मामले में, अणुव्रत मण्डल, ममता बनर्जी के ज्यादा करीब था।

तृणमूल कांग्रेस अनियमितताएं करने के मामले में बहुत दुस्साहसी हो गई है तथा उसका मानना है कि राजनैतिक आदेश उन्हें बचा लेगा। लेकिन इस समय, जिस हद तक पैसा बनाने की बात जनता के सामने आ रही है, उससे उनकी सारी गणनाएं गड़बड़ा रही हैं।

## राडिया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि उसने सम्पूर्ण राडिया टेप 2012 में ही नष्ट कर दिये थे।

ऐसी प्रबल संभालना है कि यह प्रकरण न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बैंच के समक्ष प्रस्तुत होगा, जिसके अन्य दो जज हैं-न्यायमूर्ति हिमा कोहली तथा पी. श्री नरसिम्हा। इसके अतिरिक्त 2011 में एक्टिविस्ट एडवोकेट प्रशांत भूषण द्वारा एन.जी.ओ. ''सैन्टर फॉर पब्लिक इन्ट्रैस्ट लिटिगेशन'' (सी.पी.आई. एल.) की ओर से दायर की एक अन्य याचिका भी सूचीबद्ध है, जिसमें टाटा की बात का विरोध करते हुये, नितान्त निजी वार्तालापों के अलावा, पूरे राडियों टेप्स के प्रकाशन की मांग की गई है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिकों की निजता का अधिकार सुनिश्चित हो सके।

केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कॉरपोरेट लॉबीइस्ट नीरा राडिया के फोन टैप किए थे। उसके बाद से उसने अपना काम बंद कर दिया और किसी को भी नहीं पता कि वह कहां है।

उसके फोन कॉल्स में क्या था कभी पता नहीं चलता पर एक मैगजीन में फोन कॉल्स के कुछ अंश छप गए उसके बाद टाटा ने नागरिक की निजता में मनमानी घुसपैठ को रोकने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। इन अंशों से पता चला। सुरक्षा एजेंसियां नागरिकों की निजता का उल्लंघन कर रही हैं और यह भी पता चला कि कॉरपोरेट बिजनैस किस प्रकार से होता है।

# कश्मीर के 5 हजार कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर आज़ाद को समर्थन देंगे

## गुलामनबी आज़ाद खेमे ने यह दावा किया

- **आज़ाद के जाने से जम्मू-कश्मीर कांग्रेस में बड़ा बिखराव साफ नज़र आने लगा है**
- **अब तक कश्मीर कांग्रेस 100 से ज्यादा रसूखदार नेता गुलामनबी आज़ाद के साथ जुड़ चुके हैं।**
- **बुधवार को आप पार्टी के 51 नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी गुलामनबी आजाद को अपना समर्थन दे दिया।**

नई दिल्ली, 31 अगस्त। गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस पार्टी को अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। जम्मू कश्मीर की राजनीति में बड़ा रसूख रखने वाले आजाद के कद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक सप्ताह से भी कम वक्त में कांग्रेस के 100 से ज्यादा नेता पार्टी छोड़कर आजाद को अपना समर्थन दे चुके हैं। बुधवार को जम्मू कश्मीर में आम आदमी पार्टी के 51 नेताओं ने भी पार्टी छोड़कर आजाद को अपना समर्थन दिया है। इतना ही नहीं गुरुवार को कांग्रेस के 5000 कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर आजाद को अपना समर्थन देंगे।

गुलाम नबी आजाद ने बीते 26 अगस्त को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे को कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपने बयानों से यह साबित करने की कोशिश की कि पार्टी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन, जिस तरह आजाद के जाने से कांग्रेस पार्टी में बिखराव शुरू हुआ है, खासकर जम्मू कश्मीर में। पहले से देश की राजनीति में अपनी जमीन खो चुकी कांग्रेस के लिए यह किसी बुरे स्वप्न से कम नहीं है।

मिरर नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, गुलाम नबी आजाद के समर्थन में जम्मू कश्मीर के 5000 कांग्रेसी कार्यकर्ता गुरुवार को उरी में होने वाले एक कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे और आजाद को अपना समर्थन देंगे। इससे पहले बुधवार को 42 कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दिया और कहा कि वे आजाद की होने वाली पार्टी के साथ जुड़ेंगे।

## भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उपयोग आर्थिक वृद्धि को आगे और बढ़ाने में पर्याप्त नहीं होगा क्योंकि बेरोजगारी उच्च स्तर है और वास्तविक वेतन रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है।'' उन्होंने कहा कि ''निवेश के जरिए आर्थिक वृद्धि का समर्थन कर सरकार ने सिर्फ एक ही तरीके पर भरोसा जताया है, जबकि वह उस प्रोत्साहन के बारे में भूल गई है जो घरेलू उपभोग उपलब्ध करवा सकता है। इसीलिए भारत की आर्थिक वृद्धि अब भी वैश्विक महामारी पूर्व से नीचे के ट्रैण्ड पर है।

अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मात्रा में इतनी तीव्र वृद्धि नहीं हुई है कि वो कामगारों की फौज में प्रत्येक वर्ष शामिल होने वाले करीब 12 मिलियन लोगों को समायोजित कर सके।

इस बीच रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया (आर.बी.आई.), जो कि वैश्विक कड़े प्रतिबंधों के मामले में अपेक्षाकृत सुस्त है, महंगाई को एक सहनशीलता के दायरे में लाने के प्रयास के तहत मार्च माह के अंत तक अपनी प्रमुख रेपो रेट को 60 बेसिस पॉइन्ट्स और बढ़ा सकता है। इससे पहले इस वर्ष ब्याज दरों में कुल 140 बेसिस पॉइन्ट्स की कुल तीन वृद्धि हो चुकी है और मार्च की वृद्धि के बाद रेपो रेट वर्ष 2023 की प्रथम तिमाही की समाप्ति तक 6.00 प्रतिशत हो जाएगी।

हालांकि केन्द्रीय बैंक का टार्गेट बैण्ड 2 से 6 प्रतिशत है, फिर भी महंगाई के वर्तमान और अगली तिमाही में क्रमशः औसतन 6.9 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। लेकिन वर्ष 2023 की प्रथम तिमाही में यह 5.8 प्रतिशत की रेंज में रह सकती है।

डी.बी.एस. की सीनियर इकोनॉमिस्ट राधिका राव कहती हैं कि ''कीमतों के दबाव में कुछ समय के लिए विराम आ जाने के बावजूद भू राजनीतिक जोखिमों और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की कठिन लैण्डिंग रिस्क्स से उपजी विचारणीय अनिश्चितताओं को देखते हुए महंगाई को हल्के में लेना जल्दबाजी होगा।

कमजोर रूपए के कारण भी अर्थव्यवस्था महंगाई के दबाव में है। भारतीय रूपया अमेरिकी डॉलर की तुलना में करीब 80 रूपए के आसपास ट्रेड करता रहा है। रिज़र्व बैंक डॉलर के भण्डारों को करेंसी मार्केट्स में बेचकर यह स्तर बनाकर रूपए की साख बचाई जा रही है।

रॉयटर के नवीनतम सर्वेक्षण में यह भी दर्शाया गया कि भारत का करेन्ट अकाउन्ट घाटा इस वर्ष बढ़ कर सकल घरेलू उत्पाद का 3.1 प्रतिशत हो गया है जो पिछले एक दशक में सर्वाधिक है तथा इससे करेंसी मार्केट में रूपए पर और दबाव पड़ सकता है।

## 'चाहे मैं ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चाहिए कि ऐसे परिणाम क्यों आए ? क्योंकि पहली बार कई सालों में ऐसा हुआ है कि, युनिवर्सिटी चुनाव में एनएसयूआई चुनाव नहीं जीत सकी। युवा देश के आने वाले भविष्य की उम्मीद हैं। उनकी सोच के अनुसार प्रदेश के संगठन और सरकार को काम करना चाहिए।

## दालें 8...

.( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रु. का वित्तीय भार पड़ेगा।

ये दालें उस भंडार से दी जा रही हैं जो प्राइस सपोर्ट स्कीम तथा प्राइस स्टेबिलाइजेशन फंड के तहत खरीदा गया था। राज्यों को यह पेशकश इसलिये की गई है ताकि वे कल्याणकारी योजनाओं के तहत इनका उपयोग कर सके, जिनमें इसके साथ उपलब्ध 30.55 टन की पी.डी.एस. भी शामिल है। केन्द्र ने कहा है कि आगामी रबी की फसल में दालों की अच्छी पैदावार की उम्मीद है। 2022 -23 के दौरान मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एम.एस.सी.) पहले से ज्यादा रखा गया है।

सरकारी सूत्रों का कहना है कि किसानों को दालों की लाभकारी कीमत मिलेगी, जिससे वे इनकी खेती में और ज्यादा निवेश करके, दालें उगाने के लिये प्रेरित -प्रोत्साहित हों।

सूत्रों ने कहा कि इससे देश को दालों के मामले में आत्म-निर्भर होने में मदद मिलेगी।

## के.सी.आर. बिहार में और केजरीवाल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किन्हीं भी अच्छे एवं उपयोगी विचारों, जो जनता के लाभ एवं हित में हैं, को किसी से भी ग्रहण करने में संकोच नहीं करते हैं।

अभी जब स्टालिन दिल्ली गये थे तो वहां से उन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों के पीछे निहित विचार को समझा। उन्होंने यह भी देखा कि ये स्कूल कैसे संचालित किये जा रहे हैं। और उन्होंने तमिलनाडू में ऐसा ही करने का विचार बना लिया।

यही कारण है कि उन्होंने केजरीवाल को तमिलनाडू में आमंत्रित किया है ताकि वे राज्य सरकार के शैक्षिक प्रयासों को देखें, जिससे तमिलनाडू के स्कूली शिक्षा तंत्र को और बेहतर बनाया जा सके। स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये उन्हें केजरीवाल से बेहतर व्यक्ति कौन मिल सकता है जिनके सरकारी स्कूल शिक्षा कार्यक्रम की खुली प्रशंसा न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने मुख पृष्ठ पर प्रकाशित की हो।

5 सितम्बर, शिक्षक दिवस को, केजरीवाल स्टालिन के साथ 26 स्कूल्स ऑफ एक्सीलैंस तथा 15 मॉडल स्कूलों का उद्घाटन करेंगे। पुतुमाई पैन पिट्टम (बालिकाओं के लिये नवाचार प्रोजैक्ट), 26 स्कूल ऑफ एक्सीलैंस तथा 15 मॉडल स्कूलों, जो पूरे राज्य में फैले हुये हैं, के उद्घाटन के लिये केजरीवाल को आमंत्रित करने के लिये, तमिलनाडू के मुख्यमंत्री ने अपने शिक्षा मंत्री एनबिल महेश को केजरीवाल के आवास पर भेजा है।

एक राजनैतिक विश्लेषक ने कहा है, ''जब दो राजनेता मिलते हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि उनके बीच राजनीति पर कोई चर्चा न हो। दोनों नेताओं के बीच घनिष्टता पैदा होगी तथा राष्ट्रीय राजनीति पर विचार-विनिमय भी होगा। लेकिन इन मीटिंग में कोई बहुत बड़ी उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि डी.एम.के. का गठबंधन कांग्रेस से है तथा इसलिये इस मुलाकात के बाद भी, कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।

यह चीज निश्चित रूप से दिलचस्प है कि स्टालिन ने एक ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित किया है, जो इस समय केन्द्र सरकार तथा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का कोपभाजन है। वस्तुतः स्टालिन अभी तक नीट के विरोध में हैं तथा हाल ही में तमिलनाडू के एक विश्वविद्यालय के समारोह में, उन्होंने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में अपना मत पूरी मजबूती रखा था।

हालांकि स्टालिन इस बात को लेकर सजग हैं कि उनकी गिनती टकराववादियों में न हो तथा वे केन्द्र सरकार तथा प्रधानमंत्री के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखते हैं, लेकिन वे किसी अप्रिय बात को चुपचाप सहन करने के आदी नहीं है।

हाँ, जब आर्थिक कामकाज की बात आती है तो उनके वित्त मंत्री पी. त्यागराजन केन्द्र सरकार से टकराने में चूकते नहीं है तथा कई मानदंडों पर केन्द्र की अर्थव्यवस्था के ट्रैक-रिकॉर्ड पर सवाल खड़े करते रहते हैं।

## सोनिया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चैकअप के लिए दिल्ली से रवाना हुई थीं। उसके बाद वो अपनी बीमार माँ से मिलने गई थीं।

# चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत के सकारात्मक जी.डी.पी. आंकड़ों ने चौंकाया

## 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर 13.5 प्रतिशत रही

- **पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में भारत की विकास दर 20.1 प्रतिशत रही थी।**
- **अप्रैल-जून तिमाही में भारत को कुल 36.85 लाख करोड़ रु. की आय हुई है।**

नई दिल्ली, 31 अगस्त (वार्ता)। आर्थिक गतिविधियों में सुधार के बीच देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 13.5 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 20.1 प्रतिशत थी।

पिछले वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कोविड महामारी की दूसरी लहर ने आर्थिक गतिविधियों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है, अनुमान है कि वर्ष 2011-12 कीमतों पर आधारित वास्तविक जीडीपी 2022-23 की पहली तिमाही में 36.85 लाख करोड़ रुपये के स्तर को प्राप्त कर लिया है जो 2021-22 की पहली तिमाही में 32.46 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2021-22 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 20.1 प्रतिशत थी।

वर्ष 2022-23 की पहली में वर्तमान कीमतों पर जीडीपी 64.95 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2021-22 में की पहली तिमाही में चालू कीमत पर जीडीपी 51.27 लाख करोड़ रुपये था।

इस तरह यह वर्तमान कीमतों पर जीडीपी में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 26.7 प्रतिशत की वृद्धि रही। 2021-22 में चालू कीमत पर जीडीपी में 32.4 प्रतिशत की वद्धि दर्ज की गयी थी।

एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कृषि क्षेत्र में सालाना आधार पर 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस अवधि के दौरान खनन क्षेत्र में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। श्रम प्रधान क्षेत्रों में माने जाने वाले निर्माण क्षेत्र में जून तिमाही में सालाना आधार पर 16.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

प्रमुख देशों की कमजोर मांग ने हाल के कुछ महीनों में देश के निर्यात को प्रभावित किया है जबकि मासिक जीएसटी संग्रह, ऑटो बिक्री, बिजली की खपत और हवाई यातायात वृद्धि जैसे जल्दी-जल्दी आने वाले आंकड़े घरेलू मांग में मजबूत बनी रहने का संकेत दे रहे हैं।

बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के कुलपति एन आर भानुमूर्ति ने इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा, पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि 13-15 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान था। कुछ ने इसे 17 प्रतिशत तक रहने का अनुमान लगाया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908